सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 33.0
न्यूनतम : 25.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-325 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 20 मई 2025
21 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



### विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बेनकाब किया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का झूठ

# सीजफायर की पहल पाकिस्तान ने की

**ऑपरेशन सिन्दूर**

- आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं
- भारत ने आतंकवाद का जवाब अकेले दिया



**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर सोमवार को एक संसदीय समिति को जानकारी दी।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव ने संसदीय पैनल को बताया कि पहलगाम हमले की जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड से संपर्क किया था। इसके साथ ही विक्रम मिस्री ने जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वांछित आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं, भारत के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। आतंकवाद के पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पिछला रिकॉर्ड दुनिया देख चुकी है, जो ठोस तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान में आतंकियों, सैन्य खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के बीच गहरा गठजोड़ है, जो भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है।

विदेश सचिव ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार संबंधित पक्षों को पाकिस्तान प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद के खतरे के बारे में जागरूक कर रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि किसी अन्य देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

करीब दो घंटे तक चली बैठक में विदेश सचिव से सबसे अधिक सवाल संघर्ष विराम में अमेरिकी मध्यस्थता के संदर्भ पूछे गए।

**संघर्ष विराम में अमेरिका की भूमिका नहीं**

विदेश सचिव से सबसे अधिक सवाल संघर्ष विराम में अमेरिकी मध्यस्थता के संदर्भ पूछे गए। सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव ने संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी अन्य देश की भूमिका से इन्कार किया। उन्होंने सरकार का रुख दोहराते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर ही लिया गया था। संघर्ष विराम का प्रस्ताव पाकिस्तान की ओर से आया था।

# संभल मस्जिद कमेटी को झटका, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की रिवीजन पिटीशन

- सर्वे का रास्ता साफ
- ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ थी याचिका



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद में सर्वेक्षण कराने संबंधी संभल की एक अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी द्वारा दायर याचिका सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि अदालत आयुक्त की नियुक्ति और वाद दोनों ही विचारणीय हैं। यह निर्णय न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनाया, जिन्होंने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मस्जिद कमेटी ने संभल की एक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। संभल की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त के जरिये मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जिला अदालत में लंबित मूल वाद पर सुनवाई पर अगली तिथि तक के लिए रोक लगा दी थी। मूल वाद में हिंदू पक्ष ने संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर (कथित जामा मस्जिद) में प्रवेश का अधिकार मांगा है। इस याचिका में दलील दी गई है कि उक्त वाद 19 नवंबर, 2024 को दोपहर में दायर किया गया और कुछ घंटों के भीतर ही न्यायाधीश ने एक अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति कर उसे मस्जिद का प्रारंभिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दे दिया।

## राजस्थान के लौंगेवाला में गूंजा भारत माता की जय

### सेना प्रमुख ने बढ़ाया जवानों का हौसला



**बाड़मेर।** पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सेना के नापाक हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने वाले जवानों का हौसला बढ़ाने आज सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी राजस्थान पहुंचे। उन्होंने राजस्थान के लौंगेवाला में सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया। सीमा पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के जवानों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की सराहना की और भारतीय वायुसेना और बीएसएफ के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई की समीक्षा की। भारतीय सेना के कोणार्क कोर एरिया में आने वाले लोंगेवाला में उन्होंने सैनिकों से बातचीत की।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एफआईआर का सामना कर रहे मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह के खिलाफ तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों की एसआइटी से जांच कराने के आदेश दिये हैं। हालांकि कोर्ट ने जांच में सहयोग करने की शर्त पर फिलहाल विजय शाह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है लेकिन उनकी टिप्पणियों पर बेहद आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि बयान से पूरा देश शर्मसार है। ये आदेश न्यायमूर्ति सूर्य कांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने विजय शाह की मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के एफआइआर दर्ज करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार को दिये। विजय शाह ने आपरेशन सिंदूर में मीडिया को ब्रीफ करने वाली कर्नल सोफिया के बारे में आपत्तिजनक बयान दिया था जिसके बाद मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआइआर दर्ज करने के आदेश दिये थे। जिसके खिलाफ विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के बाद विजय शाह की याचिका पर मध्य प्रदेश राज्य को नोटिस जारी किया जो पहले से कोर्ट में मौजूद राज्य की वकील ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि विजय शाह का बयान देखने और एफआइआर देखने के बाद उनका मानना कि मामले की जांच तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों की एसआईटी द्वारा की जानी चाहिए।

# नागरिकों के अनुकूल नया ओसीआई पोर्टल, डिजिटल शासन को बढ़ावा देने में बड़ा कदम : पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने की नए ओसीआई पोर्टल की सराहना
- अमित शाह ने लॉन्च किया ओसीआई के लिए नया पोर्टल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बेहतर कार्यक्षमता वाला ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए ओसीआई पोर्टल को लॉन्च किया। इसमें ऐसा इंटरफेस है, जिससे भारतीय मूल के लोगों का पंजीकरण करना अब और आसान हो गया है। अमित शाह की पोस्ट साझा को करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, बेहतर फीचर्स और कार्यक्षमता के साथ नया ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ओसीआई योजना की शुरुआत 2005 में की गई थी। यह योजना उन सभी भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को ओसीआई के रूप में पंजीकरण की अनुमति देती है, जो 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत के नागरिक हैं या उस दिन भारत के नागरिक बनने के पात्र हैं या उनके वंशज हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पोस्ट में कहा, आज नए ओसीआई पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसमें आधुनिक यूजर इंटरफेस है, ताकि प्रवासी भारतीयों का पंजीकरण आसान हो सके। इसमें बेहतर कार्यक्षमता, मजबूत सुरक्षा और यूजर-फ्रेंडली अनुभव जैसे नए फीचर्स जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नया ओसीआई पोर्टल ociservices.gov.in/onlineOCI पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति, जिसके माता-पिता, दादा-दादी, या परदादा-परदादी पाकिस्तान, बांग्लादेश या किसी अन्य ऐसे देश के नागरिक रहे हों, जिसे केंद्र सरकार आधिकारिक गजट में अधिसूचना के जरिए निर्दिष्ट करे, ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र नहीं होगा। शाह ने कहा कि भारत लगातार ओसीआई कार्डधारकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि जब वे भारत आएं या यहां ठहरें, तो उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न हो। उन्होंने कहा कि अपडेटेड यूजर इंटरफेस वाला यह पोर्टल विदेश में रह रहे नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पेश किया गया है।

# मुंबई की सड़कों को जब्त या लावारिस वाहनों का कब्रिस्तान नहीं बनाया जा सकता : हाईकोर्ट

- छोड़े गए या जब्त किए गए वाहनों को डंपिंग यार्ड में ले जाया जाए



**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने जगह की कमी से जूझ रहे मुंबई महानगर की सड़कों पर लावारिस या पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों पर निरंतर कार्रवाई एवं उनके त्वरित निपटान के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुंबई की सड़कें अब लावारिस वाहनों का कब्रिस्तान नहीं बन सकतीं। न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने आठ मई को पारित अपने आदेश में कहा है कि अपनी उम्र पूरी कर चुके वाहनों को केवल डंपिंग यार्ड में डाल देना पर्याप्त नहीं होगा। इनके निपटान के लिए निरंतर कार्रवाई करनी होगी।

पीठ ने कहा है कि मुंबई जैसे शहर में, जहां सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर जगह की भारी कमी है और सीमित स्थान है, ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों को डंप करके या भंडारण करके अतिक्रमण नहीं किया जा सकता है। अदालत मैराथन मैक्सिमा को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सोसायटी के गेट के बाहर निकटवर्ती पुलिस स्टेशन द्वारा जब्त या खींचे गए वाहनों को पार्क करने/डंप करने के कारण बाधा उत्पन्न होने के बारे में चिंता जताई गई थी।

यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने एक हलफनामे में कहा है कि पिछले महीने शहर भर के सभी पुलिस स्टेशनों को एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें सलाह दी गई थी कि सभी छोड़े गए या जब्त किए गए वाहनों को डंपिंग यार्ड में ले जाया जाए।

पीठ ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह प्रत्येक नगर निगम वार्ड में जब्त वाहनों को रखने के लिए सुविधाजनक स्थानों की पहचान करे। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि केवल वाहनों को डंपिंग स्थल पर डाल देना पर्याप्त नहीं होगा। यदि इन वाहनों की आवश्यकता नहीं रह जाती है, तो इन वाहनों के निपटान के लिए निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है, जिसके लिए उचित निर्देश जारी किए जाने चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई दो जुलाई के लिए निर्धारित की है और यातायात विभाग से कहा है कि वह याचिका में उठाए गए मुद्दों के दीर्घकालिक समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दे।

## सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें। सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी।

# किसानों का पेट काटकर नेहरू ने दिया पाकिस्तान को पानी

- सिंधु जल समझौते पर शिवराज सिंह की कांग्रेस को खरी-खरी



**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने सिंधु जल संधि को तत्कालीन केंद्र सरकार की ऐतिहासिक गलती बताया और कहा कि जल विशेषज्ञों के विरोध के बावजूद जवाहर लाल नेहरू ने किसानों का पेट काटकर पाकिस्तान को पानी दे दिया था, जिसे पीएम नरेन्द्र मोदी ने खत्म कर दिया। सिंधु जल संधि को स्थगन में रखने के केंद्र के फैसले को लेकर कृषि मंत्री ने सोमवार को किसानों से संवाद का आयोजन किया था। इसमें उन राज्यों के किसानों को आमंत्रित किया गया था, जिन्हें इस संधि के निरस्त होने पर लाभ मिल सकता है। संवाद में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल एवं राजस्थान से आए विभिन्न किसान संगठनों ने सरकार को समर्थन दिया। संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन ने केंद्र के इस निर्णय को ऐतिहासिक करार दिया। 1960 में भारत-पाकिस्तान में हुई इस संधि को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद स्थगित कर दिया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने सिंधु के जल को देश एवं किसानों के लिए लाभप्रद बताया और कहा कि कृषि एवं अन्य उद्देश्यों में जल के बेहतर उपयोग के लिए व्यापक योजना बनाई जाएगी।

# ग्रंथी ने दी थी स्वर्ण मंदिर में एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति

**डीजी आर्मी का खुलासा**



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की नापाक हरकतों को लेकर एक और खुलासा हुआ है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर पर ड्रोन हमले करने की कोशिश की थी। इन हमलों को रोकने के लिए स्वर्ण मंदिर के मुख्य ग्रंथी ने ही परिसर के भीतर एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

भारतीय सेना के वायु रक्षा प्रभारी लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने बताया कि भारतीय सेना दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन का बेहतर ढंग से पता लगा पाए इसके लिए इतिहास में संभवतः पहली बार स्वर्ण मंदिर की लाइटें भी बंद की गई थीं। इससे भारतीय रक्षा बल दुश्मन के ड्रोन अधिक स्पष्ट रूप से पहचानने और उन्हें मार गिराने में सक्षम हो पाए। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि चूंकि पाकिस्तान के पास कोई वैध लक्ष्य नहीं था, इसलिए हमारा अनुमान यही था कि वह भारत के अंदर अराजकता का माहौल उत्पन्न करने के लिए नागरिक आबादी और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगा। हमने स्वर्ण मंदिर प्रशासन को खतरे की गंभीरता के बारे में बताया और उनके अभूतपूर्व सहयोग के कारण ही दुश्मन के मंसूबों को नाकाम किया जा सका। डीजी आर्मी एयर डिफेंस लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने कहा कि हमारा देश किसी भी रूप में नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्हें पता था कि हम उनके विमान को मार गिराने की कोशिश नहीं करेंगे। संघर्ष में पहली चीज जो आप करते हैं, वह यह सुनिश्चित करना है कि आपका हवाई क्षेत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए बंद हो, लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं होने दिया।

उन्होंने इन विमानों को उड़ने दिया और मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा सबक है जिसे हमें सीखना चाहिए। डीजी आर्मी एयर डिफेंस लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने कहा कि रेड टीमिंग एक बहुत ही दिलचस्प अवधारणा है। अमेरिका इसका इस्तेमाल करता है।

**किसानों को तोहफा**

### मुख्यमंत्री योगी ने की सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा

# मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना की होगी शुरुआत

- सहकारिता के माध्यम से प्रदेश के किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से ह्यमुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजनाह्ल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने दूरदर्शी और किसान-हितैषी पहल बताया। उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ-साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध हो। इसके लिए सहकारी बैंकों की ऋण वितरण क्षमता को बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और किसानों तक ऋण की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र की समग्र समीक्षा करते हुए सहकारी संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि, पारदर्शिता और दक्षता को सहकारिता क्षेत्र की प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का ऋण वितरण वर्ष 2017 में 9,190 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025 में 23,061 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, वहीं शुद्ध लाभ 100.24 करोड़ रुपये हो गया है।

इसी अवधि में जिला सहकारी बैंकों का कुल व्यवसाय 28,349 करोड़ रुपये से बढ़कर 41,234 करोड़ रुपये तक पहुँच गया और शुद्ध लाभ 162 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में फसली ऋण 11,516 करोड़ रुपये एवं दीर्घकालिक ऋण 393 करोड़ रुपये वितरित किया गया। उर्वरक वितरण 34.45 लाख मीट्रिक टन, धान खरीद 25.53 लाख मीट्रिक टन और दलहन-तिलहन खरीद 1.94 लाख मीट्रिक टन रही।

# सीएम डैशबोर्ड पर शीर्ष रैंकिंग पर आने हेतु विशेष प्रयास करें अधिकारीगण : जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में शासन की प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने और सीएम डैशबोर्ड पर माह के अन्त में विभागीय प्रगति की फीडिंग को सही ढंग से कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित %अटल सभागार% में अफसरों की बैठक ली। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।डीएम ने अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण, उद्योग, पंचायती राज, श्रम, लोक निर्माण, नियोजन, प्रोबेशन इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अपने विभागीय कार्यक्रमो, योजनाओं के प्रति गंभीरता लाते हुए उच्च श्रेणी में आने के लिए भरसक प्रयास करें। जहां समस्या आ रही हो, वहां उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय, ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। बैठक में डीएफओ सौरीस सहाय, संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्मा सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विशेष रूप से राजापुर से डॉन बॉस्को नहर मार्ग और एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क मार्ग पर चल रहे कार्यों की धीमी गति पर चिंता जाहिर की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 28 मई तक सभी शिफ्टिंग कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीएम की अगुवाई में वृक्षारोपण की तैयारी, 27 विभागों को जिम्मेदारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** खीरी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत वर्षाऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से ÷वृक्षारोपण जन अभियान-2025÷ के तहत सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई बैठक में डीएफओ (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वास ने बताया कि वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा जनपद को 91 लाख से अधिक पौध पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ सौरीस सहाय, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप विस्तृत कार्य योजना शीघ्र उपलब्ध कराएं। प्रत्येक विभाग को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक संसाधन, स्थल चयन, गड्ढा खुदाई, पौध उपलब्धता की समुचित तैयारी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें बैठक में वृक्षारोपण के सफल आयोजन के लिए विभागवार स्थलों की पहचान, पौध चयन, जनसहभागिता और जागरूकता कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

डीएम ने वृक्षारोपण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि इसका प्रभाव लंबे समय तक टिकाऊ और सकारात्मक होना चाहिए डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि जनपद खीरी में वर्ष 2025-26 के लिए कुल 91,07,300 पौधों के रोपण का लक्ष्य विभिन्न विभागों को सौंपा गया है। इसमें ग्राम विकास विभाग को सर्वाधिक 41,88,000 पौधों का लक्ष्य मिला है। वन विभाग (दक्षिण एवं उत्तर खीरी) को 20,98,900, कृषि विभाग को 8,37,000, उद्यान विभाग को 5,19,000, पंचायतीराज विभाग को 4,27,000 और राजस्व विभाग को 3,52,000 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया है।

# नगर पंचायत खीरी में बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** कस्बा खीरी की नगर पंचायत द्वारा कस्बे में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना अधिक बढ़ोतरी के विरोध में विकास समिति द्वारा आज से शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान सभासदों ने समर्थन देते हुए ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने बताया कि यह अभियान कस्बा खेती के हर वार्ड में लोगों के बीच में जाकर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान चलाकर एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज कर टैक्स बढ़ाने पर रोकने लगाने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक बढ़ावा टैक्स वापस नहीं किया जाएगा हस्ताक्षर करने वाले सभासदों में सभासद ज़हरुल हसन अंसारी, मकसूद अली, सुरेश सिंह, बुखारी टोला सभासद



प्रतिनिधि शकील खान, पट्टी रामदास सभासद प्रतिनिधि सईद अंसारी, मोहल्ला तबेला सभासद प्रतिनिधि हफीज़ अंसारी, मोहल्ला श्यामलाल पूर्वा सभासद प्रतिनिधि कुंदन सिंह, हनिया टोला सभासद प्रतिनिधि जीतू सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# आश्रय गृह संचालन हेतु अनुदान प्राप्त करने के लिए 30 जून 2025 तक करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।(*अवधनामा संवाददाता*)** मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारो का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मंदिता के क्षेत्र मे अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखते हो, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की वेवसाइट द्धह्लह्लश्च-//द्ध2स्र.ह्वश्च.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते है इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान प्रस्ताव तीन प्रतियों मे विलम्बतम दिनॉक 30.06.2025 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, लखीमपुर खीरी मे जमा कर सकते है ।

## भाजपा के जिला मंत्री बृजेश सिंह ने मितौली, कस्ता और ओरंगाबाद क्षेत्र के स्कूलों में जाकर संपर्क अभियान चलाया



**लखीमपुर खीरी।(*अवधनामा संवाददाता*)** आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। पार्टी के प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह ने बृहद स्तर पर वोट बनवाने का अभियान प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा के जिला मंत्री बृजेश सिंह ने मितौली, कस्ता और ओरंगाबाद क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर संपर्क अभियान चलाया।बृजेश सिंह ने स्नातक उत्तीर्ण लोगों को मतदाता बनाने के उद्देश्य से फार्म वितरित किए और उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक स्नातक युवाओं को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का लक्ष्य है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इस अवसर पर एस.पी. सिंह, विवेक सिंह, उपेंद्र सिंह, झब्बू सिंह, उमेश वर्मा, अवनीश सिंह सहित कई कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे भाजपा की यह पहल चुनावी तैयारियों को गति देने के साथ-साथ जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पेंशन जयघोष संगोष्ठी में किया भागीदारी का आह्वान



**सहारनपुर। (*अवधनामा संवाददाता*)** ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फैडरेशन की बैठक में आगामी 21 मई को आयोजित होने वाली पेंशन जयघोष संगोष्ठी में भागीदारी करने का आह्वान किया गया। गोष्ठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मंजीत सिंह पटेल संबोधित करेंगे। स्थानीय गुर्जर भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि आगामी 21 मई को लोक निर्माण विभाग के एकता सदन में पेंशन जयघोष संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मंजीत सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि अंकुर त्रिपाठी विमुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारी अंशदान की ब्याज सहित पूर्ण वापसी की व्यवस्था नहीं की जाएगी। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विशिष्ट बी.टी.सी. वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री अनिल बावरे ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के साथ साथ यदि शिक्षिको के शोषण की सूचना प्राप्त होती तो संगठन सदैव पीड़ितों के साथ खड़ा मिलेगा हम भ्रष्टाचार मुक्त परिवेश के पक्षधर है। प्रदेश प्रभारी तरुण भोला ने कहा कि कर्मचारियों को एश्योर्ड पेंशन देने के नाम पर यूपीएस एक तरह से बुढ़ापे पर आर्थिक और सामाजिक धोखाधड़ी साबित होगी। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान, चौधरी रविंद्र पवार, सौरभ गौतम, आनंद त्यागी, रुपेश कुमार, सौरभ गौतम, प्रदीप सैनी, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मार्निंग क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**सहारनपुर। (*अवधनामा संवाददाता*)** शहर की प्रसिद्ध प्रतिष्ठित संस्था फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब एवं मोर्निंग क्लब कम्पनी बाग की संयुक्त मीटिंग में मोर्निंग क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्थानीय घंटाघर स्थित मॉर्निंग क्लब के कार्यालय में आयोजित बैठक में मॉर्निंग क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों प्रधान मुरली खन्ना, मनजीत सिंह, अनिल तुली, लाज कृष्ण गाँधी, महेन्द्र अरोड़ा, श्याम गुलाटी, खैराती लाल चौहान, शिव चौजड, गगन शर्मा, गुलशन अनेजा, राजीव वर्मा, नितेश सचदेवा, करण बजाज, राजेश वालिया, गोपाल दास का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इससे पहले मोर्निंग क्लब द्वारा फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एमपी सिंह चावला, सतीश कुक्कड़, राकेश सचदेवा, राजेश गाँधी, हरीश ईश पुजानी, गुरजीत मल्होत्रा, अरविन्दर पाल सिंह चावला, नरेश मदान, संजय तनेजा, राजीव अरोड़ा, अजय ठकराल, विनोद वर्मा, बॉबी गुम्बर, सन्नी कक्कड़, अंकित, डिम्पी, गौरव मारवाह का पटका पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर एमपी सिंह चावला और मुरली खन्ना ने सदस्यों को शरीर स्वस्थ रखने के लिए रोजाना सुबह की सैर नियमित रखने की एवं संतुलित भोजन लेने की सलाह दी।

# स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सेवा भारती के उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा एवं स्वस्थ स्वच्छ जीवन उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सेवा भारती, प्रताप शाखा एवं प्रेम कपूर निःशुल्क चिकित्सालय के सहयोग से आसरा सेवा बस्ती, डूडा कॉलोनी, नौरंगाबाद में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न जांचे कर के दवाएं, डेंटल-किट तथा स्वस्थ-स्वच्छ जीवन शैली हेतु परामर्श भी प्रदान किया गया।मोहल्ला नौरंगाबाद की आसरा सेवा बस्ती में आयोजित किए गए उपरोक्त शिविर में डॉ डी के वर्मा, डॉ ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप टंडन, डॉ रविद्र वर्मा द्वारा विभिन्न पंजीकृत लाभार्थियों का विधिवत परीक्षण किया गया साथ ही उन्हें वांछित चिकित्सकीय परामर्श, परीक्षण कराते रहने के साथ साथ चिकित्सकों के परामर्श अनुसार ही दवाएं लेने की सलाह भी दी गई निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



दवाएं एवं डेंटल किटें भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर डायबिटीज़ और बी पी की जाँच करके सही खान पान और नियमित जीवन शैली अपनाने, समय समय पर अपना स्वास्थ्य में कुल 148 मरीज पंजीकृत हुए जिन्हें परीक्षण उपरांत विभिन्न दवाएं, 79 डेंटल किटें (पेस्ट एवं ब्रश) प्रदान की गईं। शिविर के अंतर्गत बी पी की 47 एवं शुगर की 23 जाँचे की गईंसेवा भारती, प्रताप शाखा डूडा कॉलोनी, नौरंगाबाद एवं प्रेम कपूर निःशुल्क चिकित्सालय के सौजन्य से आयोजित किए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सेवा भारती से डॉक्टर डी के वर्मा, डॉक्टर प्रदीप टंडन, डॉक्टर ओ पी श्रीवास्तव, डॉ रविंद्र वर्मा, योगेश जोशी, मनोज श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, प्रताप शाखा से योगेश, दीना नाथ , मनमोहन, शैलेंद्र, श्याम किशोर, प्रेम प्रकाश, विवेक गुप्ता, उपेंद्र जी, अनूप जी, राजीव दीक्षित सहित भारी संख्या में सेवा बस्ती के परिवार जन एवं विभिन्न लाभार्थी सम्मिलित रहे। शिविर के सुव्यवस्थित संयोजन में उपरोक्त सहित बस्ती के निवासियों का भी विशेष सहयोग रहा।

# प्रशिक्षार्थियों को शिशिक्षु के रूप में योजित नहीं कर रहे अधिष्ठानों को जारी करें नोटिसः जिलाधिकारी

**सहारनपुर।(*अवधनामा संवाददाता*)** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि जो अधिष्ठान राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (नैप्स) पोर्टल पर पंजीकृत होने के पश्चात भी प्रशिक्षार्थियों को शिशिक्षु के रूप में योजित नहीं कर रहे, ऐसे अधिष्ठानों को चिन्हित कर नोटिस भेजे जाएं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहारनपुर के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना एवं अप्रेन्टिसशिप योजना के सम्बंध में आहूत बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि अप्रेन्टिसशिप के तहत जो अधिष्ठान नैप्स पोर्टल पर पंजीकृत

# ‘नन्हें परिन्दों की प्यास बुझाये’ के तहत निकाली भव्य जागरूकता रैली




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति व लिटिल एंजेल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ‘नन्हें परिन्दों की प्यास बुझाये’ के तहत रैली निकालकर व नागरिकों को मिट्टी के बर्तन वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया। स्थानीय न्यू माधोनगर स्थित लिटिल एंजेल स्कूल से निकाली गयी जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति लगातार जनहित के कार्य कर रही है। इसी कडी में लिटिल एंजेल स्कूल के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकालकर एक सराहनीय पहल की है जिससे अन्य संस्थाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.एमपी सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में नन्हे परिन्दों की प्यास बुझाने के लिए अपने घरो की छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पानी डालकर रखना चाहिए, जिससे नन्हें परिन्दे अपनी प्यास बुझा सके। समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल व स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष मंगल ने कहा कि भीषण गर्मी मे एक ओर जहां इंसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


# 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (*अवधनामा संवाददाता*)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी रमेश पुत्र अशर्फी लाल रैदास ग्राम लखभुड़ थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# नाले के किनारे घास काट रहे एक किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला

**लखीमपुर-खीरी। (*अवधनामा संवाददाता*)** थाना पलिया क्षेत्र में बजाज चीनी मिल के नाले के किनारे घास काट रहे गांव धोबिनपुरवा निवासी एक किसान पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। वह उनकी दो अंगुलिया डबा गया। किसी तरह से किसान ने अपनी जान बचाई। घायल किसान को सीएचसी का अपचार किया गया, जहां से उसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गांव धोबिनपुरवा निवासी किसान बाबू (40) बजाज चीनी मिल के नाले के निकट पशुओं के लिए घास काट रहे थे। इसी बीच नाले से निकले मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके हाथ की अंगुलियां मगरमच्छ के जबड़े में आ गई। उन्होंने शोरशराबा मचाते हुए किसी तरह से खुद को बचाया। शोर होने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग भी मौके पर पहुंच गए लोगों ने घटना की सूचना किसान के परिवार वालों को दी। मौके पर परिजन भी पहुंच गए। परिवार वाले घायल किसान को लेकर सीएचसी पलिया पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देख किसान को जिला अस्पताल रेफर किया है।

# दो जेसीबी लगाकर ध्वस्त किया नाले पर किया अतिक्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज बेहट रोड पर श्री बागेश्वर मंदिर के सामने एक कबाड़ी एवं एक बिल्डिंग मैटिरियल विक्रेता द्वारा नाले पर किया गया अतिक्रमण जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद नाले की सफाई करायी गयी। दोनों अतिक्रमणकारियों पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। बेहट रोड स्थित श्री बागेश्वर मंदिर के सामने नाले पर एक कबाड़ी एवं एक बिल्डिंग मैटिरियल विक्रेता द्वारा लिंटर डालकर अतिक्रमण किया गया था। ये अतिक्रमण नाला सफाई में बाधक बन रहा था। नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ दस्ते एवं प्रवर्तन दल ने नाले पर डाले गए लिंटर को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दोनों अतिक्रमणकारियों ने करीब तीस-पैंतीस फुट तक अतिक्रमण कर रखा था। जिसे हटाने के लिए दो जेसीबी लगानी पड़ी। अतिक्रमणकारी दुकानदारों से दस हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। कर्नल गुरुंग ने बताया कि दोनों अतिक्रमणकारी दुकानदारों को पहले भी चेतावनी दी गयी थी। तब दोनों ने ही स्वयं अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। आज अतिक्रमण हटाने के बाद दोनों दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में उन्होंने अतिक्रमणक करने एवं नाला अवरुद्ध करने का प्रयास किया तो उन पर भारी जुर्माना लगाने के अलावा मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद स्वास्थय व गैराज विभाग द्वारा नाले की पूरी तरह सफाई करा दी गयी है। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, जेडएसओ राजीव चौधरी, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना आदि मौजूद रहे।

# बरसात से पहले नालों की साफ सफाई कराएं सुनिश्चितः विशेष सचिव



**सहारनपुर।(*अवधनामा संवाददाता*)** नगर विकास विभाग उप्र शासन के विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले मण्डल के सभी नाले एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम जन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर सिंह आज यहां सर्किट हाउस के सभागार में आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं नाला-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु मण्डल के नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होने कहा कि नगरीय निकायों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कहीं पर भी जलभराव की समस्या न हो। अतिक्रमण वाले स्थानों पर अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से वार्ता कर अतिक्रमण हटाया जाए। अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखें एवं कमियों को चिन्हित करते हुए दूर कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि नालों के आस-पास कूड़ा कलेक्शन एवं निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। वर्षा से पहले कार्ययोजना तैयार कर नालों की साफ-सफाई कराई जाए।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी महाराजा भगीरथ की जयंती

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** विशाल सैनी समिति के तत्वावधान में शिरोमणि महान सूर्यवंशी महाराजा भगीरथ की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। वक्ताओं ने महाराजा भगीरथ को नमन कर समाज के युवाओं से उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। दिल्ली रोड़ स्थित फुलवारी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ गंगा मैया व गंगा अवतारी महाराजा भगीरथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि हमारे समाज की तरक्की का रास्ता केवल शिक्षा है। समाज मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए हम लोगों को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। राजनीतिक क्षेत्र में हमारे समाज को समाजिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए अपनी जनसंख्या के अनुरूप राजनीतिक भागीदारी भी करनी चाहिए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले ने समाज के दबे कुचले लोगों को शिक्षित करने का कार्य किया। माता सावित्री बाई फुले इस देश की प्रथम शिक्षिका हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस समाज को समर्पित कर दिया। सर्वसमाज उनके इस सराहनीय कार्य के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। विशाल सैनी समिति के प्रदेश अध्यक्ष पदम सैनी ने कहा कि समिति की ओर से सैकड़ों प्रतिभाओं को प्रतिवर्ष सम्मानित किया गया है व समाज के गरीब छात्र-छात्राओं को समिति की ओर से आर्थिक सहायता करके उनकी शिक्षा को सुचारू रूप से चलाया जा रहा हैं, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सकें। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निर्देशक विजय सैनी ने कहा कि हमारा समाज राजनीतिक दृष्टि से मजबूत है। हमारे समाज के लोग इस देश की दिशा तय करने का कार्य कर रहें हैं। विशाल सैनी समिति के जिला अध्यक्ष मान सिंह सैनी ने कहा कि समाज के युवा इस देश की दिशा तय करने का काम कर रहें है। समाज के युवा शिक्षा, राजनिति में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहें है। पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी ने शिरोमणी महाराजा भगीरथ की जयंती पर समाज के सभी महापुरूषों को नमन करते हुए समाज के गौरवशाली इतिहास को युवाओं को इनके पद चिन्हों पर चलकर आगे बढ़ना है।

# बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने किया 'सिंदूरी सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन



### मातृशक्ति और समाज रक्षक पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मातृ दिवस के पावन अवसर पर एवं हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सम्पन्न ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष कार्यक्रम 'सिंदूरी सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।

यह आयोजन समाज के प्रति निष्ठा और समर्पण का प्रतीक रहा। जिसमें कुल 51 महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रूबी राज सिन्हा एवं मुख्य सचिव इं. प्रशांत प्रवीन सिन्हा की अगुवाई में यह कार्यक्रम सफलता की ऊंचाइयों तक पहुँचा। मुख्य संयोजक के रूप में उपनिरीक्षक गौरव कुमारी की भूमिका इस आयोजन में विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसीपी श्रीमती मनीषा सिंह एवं श्री संतोष श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।जबकि विशेष अतिथि के रूप में अजय त्रिपाठी मुन्ना एवं शैलेन्द्र शर्मा अटल,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद,मान्यता प्राप्त पत्रकार परवेज अख्तर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन एंजेल प्रवीन द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित किए गए सभी महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी हुसैनगंज थाने से थे, जिनकी समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा को शॉल, प्रमाण पत्र एवं महिला पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से लाल चुनरी और राम परिवार की प्रतिमा भेंट कर सिंदूरी नाम के भाव को श्रद्धापूर्वक समर्पित किया गया। सम्मानित होने वाली पुलिस कर्मियों में मुख्य रूप से महिला पुलिस वीरांगनाओं में रेनू पाल,सीमा देवी रीना देवी,अंकित यादव,कीर्ति,इंदु यादव,मांजना देवी,पूजा शर्मा,सीमा यादव,फुल भी ,खुशबू ,सरोज,प्राची चौहान,निहारिका अग्निहोत्री, आकांक्षा यादव, दीपिका यादव,अर्चना चौधरी, संगीता यादव,रीना तिवारी, रिंकी जनक के साथ अन्य महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 समाजसेवी एवं पत्रकारों जो विशिष्ट अतिथि रूप में कार्यक्रम में शामिल रहे को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।इनमें प्रमुख रूप से पत्रकार और समाजसेवी अब्दुल वहीद,परवेज़ अख्तर,नवल किशोर, योगेश विमल,मोहित शर्मा, परमजीत सिंह, गुरमीत कौर, जमील मलिक, मयंक दिवाकर,अभय तिवारी, राघव, हेम नारायण त्रिपाठी, शैलेश बाजपेयी, धीरज गिहार आदि शामिल रहे। इन्हें भी शॉल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से मस्तक पर तिलक लगाकर की गई जिसके पश्चात मुख्य अतिथियों के प्रेरणादायक संबोधन हुए।इसके बाद पुलिसकर्मियों एवं फिर समाजसेवियों व पत्रकारों का क्रमबद्ध रूप से सम्मान किया गया। 'सिंदूरी सम्मान समारोह' मातृत्व, वीरता और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम रहा,जिसने मातृशक्ति और समाज रक्षकों को एक ही मंच पर समान श्रद्धा और सम्मान से नमन किया।

## कथा के श्रवण से भक्ति ज्ञान वैराग्य जागृति होती है

**गोरखपुर।** ग्राम पंचायत बुदहट के डेलुआडिह में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा भागवत् के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से हृदय में भगवान् का प्रादुर्भाव होता है। भागवत् की कथा रसमयी एवं कर्णप्रिय है एवं समस्त पुण्य कर्मों के द्वारा प्राप्त होने वाले पुण्यों से अधिक पुण्य फल प्रदान करने वाली है। आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा ,यह कथा प्रेत पीड़ा का भी नाश करने वाली है। इस धुंधकारी प्रेत रूप में पीड़ित होने पर अपने बड़े भाई गोकर्ण से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से प्रेत पीड़ा से मुक्त हुआ इसमें जो भी श्रवण होगा निश्चित ही उन्हें पुण्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चन्द्र दूबे, पत्रकार अभय नाथ दूबे, पत्रकार केदार नाथ दूबे,राकेश दूबे,रमेश दूबे,गणेश दूबे,कुबेर नाथ दूबे,अवनीश दूबे, हरिओम दूबे, सार्थक दूबे, अमन दूबे,अनूपम दूबे, विपिन दूबे, कृष्ण कुमार दूबे, पूर्व ग्राम प्रधान गिरिजेश शुक्ला, राधेश्याम यादव, प्रधान संजय शुक्ला, कृष्ण कुमार दूबे, बद्री दूबे, राजेश दूबे, नीरज दूबे, गोपाल दूबे, संगम दूबे, सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

# हमारा लक्ष्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सुविधा युक्त शैक्षणिक वातावरण देना है: दीपक मित्तल

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा क्षेत्र का नोडल केंद्र नियुक्त किया गया है। इस निर्णय से न सिर्फ महाविद्यालय की गरिमा में वृद्धि हुई है, बल्कि आस-पास के दर्जनों महाविद्यालयों के छात्रों को भी सीधे लाभ होगा। नोडल केंद्र बनाए जाने के बाद अब क्षेत्रीय महाविद्यालयों की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण एवं परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन इसी केंद्र से किया जाएगा।

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कॉलेज को पीजी स्तर पर एमकॉम, एमएससी (भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान) और एमए (इतिहास और राजनीति विज्ञान) जैसे नए की मान्यता प्राप्त हुई है। इसके अलावा बीए स्तर पर अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल और मनोविज्ञान जैसे नए विषयों को भी शामिल किया गया है। पहले से ही महाविद्यालय में बीएड, बीएलएड और डीएलएड (बीटीसी) की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। बताया कि नोडल केंद्र बनने से महाविद्यालय की प्रशासनिक जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, लेकिन इससे छात्रों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया मिलेगी। प्रबंधक दीपक मित्तल ने कहा, हमारा लक्ष्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सुविधा युक्त शैक्षणिक वातावरण देना है। अब क्षेत्रीय छात्र-छात्राओं को एमकॉम, एमएससी और एमए जैसे उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। निदेशक पुनीत मित्तल ने कहा, महाविद्यालय अब स्नातक से लेकर परास्नातक तक बहुविषयक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम है। हम जल्द ही व्यावसायिक और रोजगारपरक कोर्स भी शुरू करेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगारपरक शिक्षा की उपलब्धता से युवाओं का पलायन रुकेगा। इस मौके पर डॉ. अवधेश दीक्षित, डॉ. अवनीश दीक्षित, डॉ. सचिन अवस्थी, चंद्रभान मिश्रा, नीरेंद्र नायक, गोपालजी खेमरिया, राघवेंद्र पटेल, प्रयागदास विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार, विनीत मिश्रा, राजकुमार याज्ञिक, विनय दीक्षित, चंद्रभान सेंगर, गिरजाशरण, शालू पटेल, लक्ष्मीकांत शाक्य, संजीव गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनिल यादव, मनुराज तिवारी, धर्मेंद्र द्विवेदी, नफीस सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# खनन माफियाओं का बोलबाला, फर्राटे भरती नजर आती है मिट्टी लदी ट्राली

### अवैध कारोबार में खनन माफियाओं को पुलिस का मिल रहा संरक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर खनन माफियाओं द्वारा खुला अवैध कारोबार का खेल खेला जा रहा है। सूत्रों की मान तो यह अवैध खनन स्थानीय पुलिस के संरक्षण में होता है। जिसको माहवार भारी भरकम रकम खनन माफियाओं द्वारा समय समय से उपलब्ध कराई जाती है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में रात्रि होते खनन माफियों का अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। जो सुबह तक चलता है। यहां तक सूत्र बताते है कि अवैध खनन के लिए खनन माफियाओं द्वारा कुछ पुलिस कर्मियों को वातानिकित एसी भी उपलब्ध कराई जाती है। मिट्टी लदे वाहन क्षेत्र में रात्रि में देखे जा सकते है। जो अंधेरे का फायदा उठा कर मालामाल हो रहे है। ऐसा भी देखा जाता है कि मिट्टी लदे वाहन अपनी लाइटे बंद कर सड़क पर फर्राटे भरते नजर आते है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। देखना है खनन माफियाओं पर स्थानीय पुलिस कब तक मेहरबान रहती है। और स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओ पर कब शिंकजा कसता है। इस संदर्भ में तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने कहा कि अवैध खनन माफियों पर कारवाई होगी। इसके लिए खनन के स्थान चिन्हित कराया जायेगा।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर मनबढ़ो ने पीटा

**गोरखपुर।** सहजनवा नगर पंचायत वार्ड 14 लूचूई में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे का विरोध करने पर मनबढ़ो ने मां, बेटे को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के रितेश निगम पुत्र स्व रमेशचंद निगम के वार्ड 14 लूचूई में नगर पंचायत द्वारा सरकारी भूमि पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। बीच रास्ते में मनबढ़ो ने अवैध कब्जा कर रहा है। जिससे इंटरलॉकिंग का कार्य रुक गया है। जिसका पीड़ित और इसकी मां ने अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा तो मनबढ़ो ने मां बेटे को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच करा कर कारवाई की जायेगी।

# देशभक्ति के नारों से गूंजा विधानसभा वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**




**गोरखपुर।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सोमवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा देश की एकता, अखंडता व संप्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सेना के अदम्य साहस को सलाम करने के लिए निकाली गई। क्षेत्रीय महामंत्री व विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत सहजनवा रेलवे स्टेशन स्थल से थाने चौराहे पर सम्पन्न हुई। भारतीय सेना के अदम्य साहस को सलाम करने को निकाली रैली में सिंदूर के सम्मान में, भारत है मैदान में, के लगे नारे। सोमवार को विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल की अगुवाई में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक प्रदीप शुक्ला,निवर्तमान जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता राम जियावन मौर्य,जिला महामंत्री डा आर डी सिंह जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्य,पूर्व विधायक जीएम सिंह अध्यक्ष प्रभाकर दुबे महेश दुबे,दिलीप यादव,विकास सिंह सहित तमाम जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और आम नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर यात्रा का शुभारंभकिया। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या की। इस यात्रा का कैप्टन ओमप्रकाश मिश्रा, सूबेदार जयप्रकाश सिंह, सूबेदार एस के शर्मा, हवलदार सत्येंद्र, अभिमन्यु मौर्य श्याम बिहारी त्रिपाठी, ब्रह्मानंद शुक्ला, राम उजागर शुक्ला गोपाल गुप्ता, विनय सिंह, राम प्रकाश यादव रामपाल सिंह, मनोज सिंह, मनोज जायसवाल, संजय दुबे, देवानंद शुक्ला,दया शंकर सिंह, सूर्यनाथ विश्वकर्मा, रवि प्रताप सिंह, संतोष त्रिपाठी, नरेंद्र शुक्ला इंद्र निगम शिवचरण प्रसाद रवि प्रताप सोलंकी, इंद्रेश प्रसाद, राजू पांडेय, रुचिका मिश्रा व सुनैना सिंह हिस्सा बने।

## पूर्व मंत्री सर्वेश ने सरस कथा कार्यक्रम में शिरकत की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र कायमगंज के ग्राम अतग्गापुर भोगपुर में त्रयोदशी संस्कार में पहुँच कर श्रद्धा सुमन आर्पित किया। इस अवसर पर कम्पिल जौन इंचार्ज प्रेम सिंह यादव, कम्पिल नगर अध्यक्ष भानु प्रताप उर्फ बबलू यादव,मानसिंह यादव, गोविंद यादव,राष्ट्रीय सचिव बंटी यादव,अशोक अम्बेडकर,एडवोकेट शैलेन्द्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।इसके अलावा कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के अचरा क्षेत्र के ग्राम बसई खेड़ा गांव में सरस कथा साप्ताहिक कार्यक्रम में जाना हुआ । जहां सैकडों माता बहनो और बुजुर्गों का स्नेह प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व पूर्व सपा प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य चुन्नू यादव, ग्राम बसई खेड़ा के मौजूदा प्रधान अवनीश कुमार यादव उर्फ मुकेश यादव, बलवीर यादव, जोगिंदर यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव आदि लोग साथ रहे।

## निबंधन मित्र योजना का विरोध : अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने ज्ञापन सौंप कर, अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य सरकार की 'निबंधन मित्र' योजना का तीव्र विरोध करते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अतर सिंह कटियार ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित निबंधन मित्र योजना दस्तावेज लेखन के पारंपरिक स्वरूप को समाप्त कर विभागीय नियंत्रण को बढ़ावा देगी, जिससे अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। वक्ताओं ने इस योजना को पूरी तरह वापस लेने की मांग करते हुए इसे गैर लोकतांत्रिक और एकपक्षीय निर्णय करार दिया। बैठक में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने एकमत होकर निर्णय लिया कि 20 मई 2025 (मंगलवार) से तहसील सदर में दस्तावेज लेखन का कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी। इस निर्णय के समर्थन में दस्तावेज लेखक संघ और स्टांप विक्रेताओं ने भी अपनी सहभागिता की घोषणा की। बैठक के उपरांत, तहसील सदर बार एसोसिएशन के सचिव अतुल मिश्रा और दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष विनोद सक्सेना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी सब रजिस्ट्रार महेन्द्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के कई जनपदों में इस योजना के विरोध में हड़ताल की जा चुकी है और फर्रुखाबाद के अधिवक्ता एवं लेखकगण भी उसी तर्ज पर कदम उठा रहे हैं।ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि जब तक सरकार अपनी योजना को वापस नहीं लेती, दस्तावेज लेखन कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके चलते न केवल वादकारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि राजस्व व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। इस अवसर पर प्रमुख अधिवक्ता विकास सक्सेना, अनुराग तिवारी, जनार्दन राजपूत, रामेन्द्र कटियार, संजय कटियार, अनूप शर्मा, मनोज त्रिवेदी सहित अनेक अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक मौजूद रहे।

## फर्रुखाबाद सी.पी. इंटरनेशनल स्कूल में किड्स समर कैंप 2025 का भव्य आयोजन किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सी.पी. इंटरनेशनल स्कूल,मे दिनांक 19 मई से 24 मई 2025 तक किड्स समर कैंप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। शिविर में संगीत (कीबोर्ड, गिटार, तबला), खेल (बैडमिंटन, योग, तैराकी, क्रिकेट, स्केटिंग), नृत्य (जुम्बा, लोकनृत्य, वेस्टर्न), कला (कैलिग्राफी, क्रिएटिव राइटिंग, मिट्टी कला, आर्ट एंड क्राफ्ट), रोबोटिक्स, कुकिंग विदआउट फायर और स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। शिविर का समापन 24 मई को ग्रैंड फिनाले के रूप में होगा, जिसमें बच्चे अपने सीखे हुए कौशल का मंच पर प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय की निदेशक डॉ. श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि यह शिविर बच्चों के लिए सीखने और आत्म-अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट माध्यम है। प्रबंध निदेशक श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल ने इसे बच्चों के आत्मविश्वास व सृजनशीलता को बढ़ाने वाला प्रयास बताया। उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने कहा कि यह शिविर शिक्षा, कला और तकनीक के समन्वय का उदाहरण है। प्रधानाचार्य श्री संजय बिष्ट ने कहा कि विद्यालय बच्चों को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राइमरी विंग की इंचार्ज श्रीमती शिवानी दीक्षित ने बताया कि बच्चे अत्यंत उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यह समर कैंप बच्चों के लिए सीखने, खेलने और व्यक्तित्व विकास का सुनहरा अवसर सिद्ध हो रहा है।

## किसान नेता चंदन यादव की दादी के देहांत पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**फर्रुखाबाद।** आज भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद अंकज यादव, हरदोई जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने अपनी हरदोई टीम के साथ जाकर प्रदेश अध्यक्ष परविंदर सिंह यादव से फर्रुखाबाद में जाकर मुलाकात की और साथ में उपस्थित प्रदेश कार्यकारणी के पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल चन्दन यादव प्रदेश संगठन मंत्री सोनू यादव प्रदेश महासचिव सौरभ मुखिया प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव भाटी जी साथ में जिला हरदोई के कार्यकर्ता पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार अल्प स तहसील उपाध्यक्ष सोभित कुमार जिला उपाध्यक्ष रिंकु श्याम सुन्दर मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल चंदन यादव की दादी जी का देहांत हो गया था भारतीय किसान यूनियन क्रांती (परिवार) ने जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# गभाना के ग्राम ख्यामाई में वृहद औद्योगिक क्षेत्र के विकास को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न




**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में तहसील गभाना के ग्राम ख्यामाई में प्रस्तावित वृहद औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ख्यामाई में औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं समन्वित विकास के लिए चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए, ताकि निवेशकों को आकर्षित किया जा सके और अलीगढ़ औद्योगिक मानचित्र पर एक नई पहचान बना सके। बैठक में उप जिलाधिकारी गभाना विनीत मिश्रा सहित विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई, उद्योग विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित स्थल पर मूलभूत सुविधाएं जैसे विद्युत आपूर्ति, सड़क संपर्क, जल निकासी व्यवस्था, भूमिगत जल की उपलब्धता एवं पर्यावरणीय प्रभाव के संबंध में आवश्यक सर्वेक्षण तत्काल पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम ख्यामाई में विकसित होने वाला यह औद्योगिक क्षेत्र न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि जिले की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय से कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# उर्दू ने स्वतंत्रता आंदोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** भारत सांस्कृतिक धार्मिक और भाषाई विविधता एवं समरसता का देश है। यहाँ हज़ारों किस्म की जबानें और बोलियां प्रचलित हैं। हमारी परंपराओं में विभिन्न प्रकार के धर्म-संप्रदाय, रंग-नस्ल, रीति-रिवाज, वेश-भूषा और आहार-व्यवहार शामिल हैं। सभी की अपनी अपनी प्रासंगिकता और मान्यताएं हैं। उन तमाम विविधताओं से मिल कर ही हिन्दुस्तान बनता है और यही खूबियां इस देश को महान बनाती हैं। अनेकता में एकता की ये खूबसूरत मिसाल पूरी दुनिया में कहीं और नहीं मिलती।

दरअसल हमारा मुल्क एक ऐसे खूबसूरत चमन की मानिंद है, जिस में रंग-रंग और भांति भांति के फूल खिले हों। किसी शायर ने क्या खूब कहा है चमन में इखतिलात-ए-रंग-ओ-बू से बात बनती है हम ही हम हैं तो क्या हम हैं तुम ही तुम हो तो क्या तुम हो भाषाएं और बोलियां अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती हैं। भाषाएं सामाजिक रिश्तों का ताना-बाना भी तैयार करती हैं। भाषा और साहित्य के बग़ैर एक आदर्श समाज की कल्पना संभव नहीं। ज़बान का कोई मज़हब नहीं होता। ज़बान के पैदा होने और फलने-फूलने की एक लंबी दास्तान होती है। इंसानों की तरह ज़बानों के भी खानदान होते हैं। भाषाविदों के मुताबिक भाषाएं और बोलियां इंसानों की तरह पैदा होती हैं और अपनी उम्र गुज़ार कर शिथिलता का शिकार भी होती हैं। उर्दू एक बेहद लोकप्रिय भाषा रही है। कभी उर्दू को हिंदी, हिंदवी और रेख़्ता के नाम से भी जाना पहचाना गया। इन नामों से भी उर्दू की भाषाई और सांस्कृतिक उदारता प्रकट होती है। इसे चाहने वालों की संख्या में हर रोज़ इज़ाफ़ा हो रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक पूरी दुनियां में तक़रीबन 230 मिलियन लोग उर्दू बोलते हैं। इस ज़बान का जन्म हिंदुस्तान की मिट्टी में हुआ। इस की पैदाइश की कहानी 12 वीं शताब्दी में उत्तर पश्चिमी भारत के क्षेत्रीय अपभ्रंश से शुरू होती है। उर्दू ज़बान के पास इस मिट्टी की सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर की एक शानदार विरासत मौजूद है। उर्दू अमन और मुहब्बत की ज़बान है। उर्दू रिश्तों की तुरपाई करती है।

रिश्तों में मिठास घोलती है। बशीर बद्र ने क्या खूब कहा है ÷सात संदूक़ों में भर कर दफ़्न कर दो नफ़रतें/आज इंसाँ को मोहब्बत की ज़रूरत है बहुत मशहूर लेखक खुशवंत सिंह ने कहा था अगर आप उर्दू सीखना चाहते हैं तो इश्क़ कर लीजिए और अगर इश्क़ करना चाहते हैं तो उर्दू सीख लीजिए मीर, ग़ालिब और फिराक ने अपनी ग़ज़लों में इश्क़ के मुख्तलिफ रंग-ओ-रूप को कलात्मक अंदाज में चित्रित किया है। उन की रचनाओं में माशूक के हुस्न-ओ - जमाल के साथ साथ रूह में उतर जाने की आरज़ू भी है। इश्क़-ओ-मुहब्बत के साथ साथ उर्दू इंकलाब और कुर्बानी का संदेश भी देती है। पंडित ब्रज नारायण चकबस्त, फैज़, जोश और इक़बाल की नज़्मों में वतन परस्ती का जज़्बा कूट कूट कर भरा है। चकबस्त की नज़्म ख़ाक-ए-हिन्द में मुल्क के प्रति समर्पण/कुर्बानी का पैग़ाम देती है। इक़बाल की नज़्म तराना-ए-हिन्दी (सारे जहाँ से अच्छा) देशभक्ति की उम्दा मिसाल है। ये नज़्म हिंदुस्तान की अज़्मत/महानता को भावपूर्ण अंदाज में पेश करती है। उन एक दूसरी नज़्म नया शिवाला की पंक्ति ख़ाक-ए-वतन का मुझ को हर ज़र्रा देवता है मुल्क की मिट्टी के प्रति गहरा प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करती है। देशभक्ति में डूबी हुई उर्दू की बेशुमार ऐसी काव्यगत रचनाएं हैं, जिन में देश के लिए श्रद्धा एवं अक़ीदत का जज़्बा झलकता है। उर्दू ने स्वतंत्रता आंदोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इंकलाब जिंदाबाद का नारा आज़ादी के मतवालों का लहू गर्म करता रहा। मशहूर उर्दू ग़ज़ल सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है/देखना है ज़ोर कितना बाज़ू-ए-क़ातिल में है हमारे अंदर देश पर मर मिटने का जज़्बा पैदा करती है।

# बाइक के ठोकर से युवक घायल, आक्रोशित लोगों ने बाइक सवार को पीटा, मौत

### रामकोला थाना क्षेत्र के चंदरपुर पेट्रोल पंप के पास हादसा

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बाइक से मजदूर लेने जा रहे बाइक सवार की ठोकर लगने से एक युवक घायल हो गया। वहां उपस्थित लोगों ने आक्रोश में आकर बाइक सवार को इतना पीटा कि इलाज के दौरान उस व्यक्ति की मौत हो गई। मामला रामकोला थाना क्षेत्र का है। पुलिस उक्त प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

सोमवार की सुबह करीब 5 बजे रामकोला थाना क्षेत्र के चंदरपुर पेट्रोल पंप के पास प्रेमचन्द पुत्र रामधारी निवासी चंदरपुर बोलिया, थाना रामकोला को घायल होने की सूचना डायल-112 के माध्यम से मिली। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर एम्बुलेंस से घायल प्रेमचन्द को ईलाज हेतु सीएचसी रामकोला भेजवाया गया जहां से डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रविन्द्रनगर रेफर कर दिया गया, जहां से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनो द्वारा घायल प्रेमचन्द को पुनः प्राईवेट अस्पताल कसया ले गए जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परिजन द्वारा शव को घर ले जाकर दोपहर लगभग 12:45 पर पुनः सूचना दिया गया कि ईलाज के दौरान घायल व्यक्ति प्रेमचन्द की मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। मृतक प्रेमचन्द के परिजनों द्वारा थाना रामकोला पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरा भाई प्रेमचन्द सुबह लेबर लेने जा रहा था कि मेरे भाई प्रेमचन्द के बाइक से विजय मल्ल यादव के लड़के को धक्का लग गया जिससे उसकी बांह टूट गई, इसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा मेरे भाई प्रेमचन्द को मारा पीटा गया जिसका ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी पडरौना सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों पर पुलिस की निगरानी है, गहनता से जांच की जा रही है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

# सैयद सालार मेला पर गोरखपुर में स्थानीय अवकाश लेकिन मेला की अनुमति नहीं

### स्थानीय प्रशासन ने न तो अवकाश ही रद्द किया और न ही मेले की अनुमति दी

**मनव्वर रिज़वी**

**गोरखपुर।** सैयद सालार मसूद उर्फ बाले मियां के मेले को लेकर हाई कोर्ट ने सरकार के आदेश को दरकिनार करते हुए मेला लगाने की अनुमति दे दिया है। वही गोरखपुर में लगने वाले मेले पर बाले के मैदान के मोतवल्ली मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि प्रशासन से उन्हें रविवार की शाम तक कोई अनुमति नहीं मिली इसलिए इस बार मेला नहीं लगा। दूसरी तरफ जनपद न्यायालय और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की अवकाश सूची के साथ ही साथ कलेक्ट्रेट की अवकाश सूची में 19 मई 2025 को सैयद सालार मेला पर स्थानीय अवकाश दर्ज है और सोमवार को बाकायदा अवकाश रहा। आपको बता दे की न तो जनपद न्यायाधीश द्वारा न ही कुलपति द्वारा और न ही जिलाधिकारी गोरखपुर द्वारा मेले वाले स्थानीय अवकाश को निरस्त किया गया है। छुट्टी और मेले की अनुमति के सम्बंध में जब एटीएम सिटी के सरकारी सीयूजी नंबर पर कॉल किया गया तो फोन नहीं उठा। ऐसे में एक तरफ मेले पर स्थानीय अवकाश तो दूसरी तरफ मेले की अनुमति न मिलाना कहीं न कहीं जिला प्रशासन के दोहरे चरित्र को दर्शा रहा है।

## अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने जताया पीड़ित परिवार पर दुःख

**अमेठी।** नगरडीह में तीर्थ कश्यप के पुत्र की सड़क दुघर्टना में मौत पर पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। पूर्व प्रमुख ने सोमवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की और शोकं संवेदना जताई। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि दुःख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। परिवार को हर संभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया।

**सूचना**

हमारे बेटे तौसीफ आयु 20 वर्ष की संगत गन्दी है 2 माह पूर्व घर से कार्य हेतु चला गया था बादमें मालूम हुआ कि वह भाभी का 2 तोला ज़ेवर,घर से नक़द 13 हज़ार रु0 एवं दीगर कीमती सामान लेकर भाग गया अतः विवश हो हमने उससे सभी संबंध विच्छेद कर उसे कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में सभी कृत्य हेतु तौसीफ खुद ज़िम्मेदार होगा।

**रियासत (पिता)श्रीमती फुरकाना (मां)**
**नि0 चैनपुर,थाना चिलकाना**

अवधनामा



# स्वदेश उत्सव का समापन, 75 कलाकार सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वदेश संस्थान भारत द्वारा आयोजित 12 दिवसीय स्वदेश उत्सव का समापन 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरशद सिद्दीकी समेत कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में म्यूरल पेंटिंग, मूर्तिकला, रंगोली व भित्ति चित्रण की प्रदर्शनी लगाई गई। ऑपरेशन सिन्दूर और भारतीय कला दिवस पर आधारित इस आयोजन में देशभर से आए 75 कलाकारों को स्वदेश कला भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।अयोध्या की आंचल सोनकर, प्रिंस विश्वकर्मा, स्वाती रावत सहित कई कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों से सभी को प्रभावित किया। साथ ही डिंपल तिवारी को स्वदेश कोहिनूर अवॉर्ड और राकेश तिवारी सहित अन्य अतिथियों को अयोध्या महाकुंभ सम्मान प्रदान किया गया। 90% बन चुका नाला अधूरा छोड़ने से मोहल्ले में भरा पानी व्यापार अधिकार मंच ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल की खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025 सम्पन्न



**अयोध्या।(** *अवधनामा संवाददाता*) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के सभागार में अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल की मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। गोष्ठी में विधायक रामचंद्र यादव, सचिव (कृषि) रविंद्र, आयुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल, देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, कृषि निदेशक जितेन्द्र कुमार तोमर सहित कृषि, सिंचाई, विद्युत, नलकूप, उद्यान, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, बीज विकास निगम, इफको आदि विभागों के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने खरीफ अभियान-2025 की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। अयोध्या मंडल के अंतर्गत 6.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विकासखण्ड स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से प्रयास जारी हैं। गोष्ठी में किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि सरकार दलहन व तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु गंभीर प्रयास कर रही है तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क्क) निर्धारित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि दलहन एवं तिलहन उत्पादन पर विशेष जोर दें ताकि देश आत्मनिर्भर बन सके।

# प्रॉपर्टी डीलिंग विवाद में युवक की हत्या, स्कॉर्पियो चालक हिरासत में

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** रामपुर हलवारा में प्रॉपर्टी डीलिंग को लेकर हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जानबूझकर टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना 18 मई की सुबह की है, जिसकी रिपोर्ट 19 मई को मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली अयोध्या में दर्ज कराई गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मृतक निखिल, ग्राम सौनैसा थाना महाराजगंज का निवासी था, जो रामपुर हलवारा के मोहन और हनुमान मांझी के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। निखिल अपनी बकाया रकम लेने अपने दो साथियों - नेतराम (भिखी का पुरवा) और नितेश यादव (आशापुर) - के साथ 18 मई की सुबह हनुमान के घर पहुंचा था। वहीं हनुमान और मोहन ने रामजन्म, राजन, रोहित समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर निखिल पर हमला किया। लाठी-डंडों से पिटाई के बाद जब निखिल भागा तो हनुमान ने अपनी स्कॉर्पियो से उसे दौड़ाकर टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां निखिल को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य दो युवकों को गंभीर स्थिति में लखनऊ रेफर किया गया है।

## 21 को लगेगा रोजगार मेला, युवाओं को निजी कंपनियों में मिलेगा अवसर

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल करियर सेंटर एवं राजकीय आई.टी.आई. अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 21 मई 2025 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 10 बजे से राजकीय आई.टी.आई. परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में शुरू होगा।

# डॉ0 अनुराग व डॉ. नमिता को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार वही डॉ0 नवीन यंग रिसर्चर अवॉर्ड से सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को जबलपुर, मध्यप्रदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 6-जी इन्टरनेशल कांफ्रेस ऑन इन्वायरमेंटल एण्ड सोसाइटी (आईसीईएस) में सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग सिंह को शिक्षण नवाचार के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में उनके द्वारा अपनाई गई नवीन और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को विशेष रूप से सराहा गया। डॉ. सिंह विश्वविद्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में अपनी अनूठी शिक्षण शैली के लिए व्यापक रूप से प्रसिद्ध हैं। उनके शिक्षण में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, व्यावहारिक दृष्टिकोण तथा नवीनतम तकनीकों का समावेश प्रमुख रूप से देखा जाता है, जो छात्रों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। वहीं सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डॉ. नवीन पटेल को यंग रिसर्चर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें अनुसंधान क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय और प्रभावशाली कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. पटेल अब तक तीस से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं, जिनमें से अधिकांश 'एससीआई' और स्कोपस जैसी प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में सूचीबद्ध हैं। इनके प्रकाशित कुछ शोध पत्रों का इम्पैक्ट फैक्टर 8 से अधिक है, जो उनकी अनुसंधान गुणवत्ता और वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त डॉ. नवीन पटेल ने दो पेटेंट भी फाइल किए हैं, जो उनकी नवोन्मेषी सोच और व्यावहारिक अनुसंधान क्षमताओं का परिचायक है। इन्होंने डॉक्टोरल कार्य पर्यावरण विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चैधरी के निर्देशन में पूरा किया है। डॉ. चैधरी के मार्गदर्शन में किए गए उनके शोध कार्यों ने अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है।वहीं पर्यावरण विज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. नमिता गुप्ता को भी शिक्षण नवाचार के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण अध्ययन के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवोन्मेषी शिक्षण प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. नमिता अपनी इन्फोग्राफिकल शिक्षण शैली के लिए जानी जाती हैं, जिसमें जटिल पर्यावरणीय अवधारणाओं को दृश्य माध्यमों और रचनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए सरल व प्रभावशाली ढंग से समझाया जाता है। उनके इस शिक्षण दृष्टिकोण से विद्यार्थियों की विषय में समझ और रुचि दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# लक्ष्य से पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने जताया नाराजगी

## जल जीवन मिशन का कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम से संचालित परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज-द्वद्य में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं हैं, जिनके तहत 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेज-द्वद्वद्य में कोया की 205 परियोजनाएं हैं, जिनसे 345 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं, जबकि रिथविक की 174 परियोजनाएं हैं और उनसे 302 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। जिलाधिकारी ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूब वेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाते हुए उन्हें पूर्ण करें। उन्होंने अगले एक माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीनों एजेंसियों को लक्ष्य के अनुसार कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। विभिन्न परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने और अप्रैल में निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रिथ्विक-कोया पर 01 प्रतिशत एलडी चार्ज लगाने लगाने और जीएमसी को ब्लैकलिस्ट की नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जेएमसी और ऋत्विक-कोया को पाइपलाइन बिछाने के कार्य को तेज करने के संदर्भ में कड़ा निर्देश दिया। ड्रिलिंग, हाइड्रो टेस्टिंग, बाउंड्री वाल और सड़क अनुरक्षण आदि कार्यों को तेज करने हेतु भी तीनों एजेंसियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, सहायक अभियंता जल निगम महेश चंद्र आजाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परतावल में मनरेगा कार्य की जांच करने पहुंचे डीसी



**महराजगंज।(** *अवधनामा संवाददाता*) परतावल ब्लॉक के ग्राम पंचायत बसवार में मनरेगा का कार्य चल रहा था। 140 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा था। मौके पर सिर्फ 35 मजदूर काम करते हुए मिले थे। सोमवार को डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब ने योजना की जांच करने पहुंचे। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्य का जायजा लिया। डीसी मनरेगा ने मौके पर मजदूरों की उपस्थित देखी और प्रधान से उपस्थिति पंजिका समेत पत्रावली तलब किया। जिससे कितने मजदूर काम कर रहे हैं, कितने मजदूरों के खातों में पैसा भेजा जा रहा है की सहीं जानकारी हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी काम पारदर्शी तरीके से कराया जाय। जितने मजदूर काम कर रहें हो उनकी सही उपस्थिति दर्ज की जाए। एपीओ दिलीप गौतम ने बताया कि ग्राम सभा में सौ से अधिक मजदूरों के बयान दर्ज किए गए हैं। डीसी मनरेगा ने कहा कि सभी मजदूरों का बयान दर्ज कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में मिट्टी से कच्चा कार्य कराया जा रहा था। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के बयान लिए और कार्य की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान करुणाकर अदीब, परतावल ब्लाक प्रभारी बीडीओ श्यामसुंदर तिवारी, एपीओ मनरेगा दिलीप गौतम, एडीओ आइएसबी अनुज कुमार, बीओ पीवीडी जितेंद्र सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सभी नगर निकायों को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने हेतु चलाया जाय विशेष अभियानः डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के अंतर्गत सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर से नियमित कूड़ा एकत्र करना सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगा। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नगर निकायों की सबसे व्यस्त सड़कों की वीडियोग्राफी कराई जाए तथा यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाए, तो संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध तत्काल जुर्माना लगाते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों एवं नालियों पर अतिक्रमण किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है तथा निकायों में होने वाली अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों के ई0ओ0 सम्बन्धित विभाग के साथ मिलकर निकायों को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु अभियान चलाये ।इस दौरान उत्पीड़नात्मक कार्यवाही न जाय बल्कि उन गोदामो को चिंहित कर जुर्माना वसूलते हुए विधिसम्मत कार्यवाही की जाय जो अवैध रूप से इसका भंडारण करते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी / ओसी नगर निकाय अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट ततेजस के सहित नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक सफ्ताह के भीतर नगर क्षेत्र के सभी नालो की सफाई की जाए

जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त नगर क्षेत्रों में स्थित सभी प्रकार के नालों की सफाई कार्य को युद्ध स्तर पर संचालित करते हुए अगले एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात के दौरान नगर क्षेत्र में कही भी जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इसके अतिरिक्त बैठक में राजस्व वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बकाया वसूली को प्राथमिकता पर लिया जाए और इसमें शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

# जैदपुर नगर पंचायत इलाके में लगा गन्दगी का अम्बार, ग्रामीणों में आक्रोश



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर की उदासीनता भरी कार्यशैली से नाराज सभासदों मे भारी आक्रोश बना हुआ है। अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी की मनमानी भरी कार्यशैली इस समय चरम सीमा पर है। निर्माण कार्यों मे लूट घसोट के साथ साथ सफाई के कूडे मे भी अनियमितता बरती जा रही है। आपको बता दे कि नगर पंचायत जैदपुर प्रशासन द्वारा जो नगर की सफाई की जाती है उसका कूडा एक शिक्षा मंदिर के समीप फेंका जा रहा है। जहां रोजाना हजारों की संख्या मे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते है। स्कूल के पास मे कूडे के डम्प से काफी दुर्गंध आती है। मामला जैदपुर भानमऊ मार्ग पर स्थित श्री साईं इण्टर कालेज के पास का है। जहां नगर पंचायत जैदपुर द्वारा कूडा कचरा फेंका जा रहा है। जिससे स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ साथ उस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। इस मामले को लेकर सभासद अबू सुफियान व ताहिर अंसारी का कहना है कि जब कूडा फैक्ट्री पंचायत मे मौजूद है तो कूडे को इधर उधर क्यों फेंका जा रहा है इस प्रकार से कूडे कचरे के फेंके जाने से अगर संक्रामक रोग फैलता है तो इसका सीधा सीधा जिम्मेदार नगर पंचायत प्रशासन व अध्यक्ष होंगे।

# बैंक्वेट हाल का नौतनवा विधायक ने किया उदघाटन



**सिसवा बाजार महराजगंज। (** *अवधनामा संवाददाता*) सिसवा कस्बे के मीराबाईनगर स्थित रॉयल इवेन्ट पैलेस एन्ड बैंक्वेट हाल का उदघाटन रविवार की शाम नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस पैलेस से लोगों को काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम के लिए नगरवासियों को इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा। सिसवा विधानसभा में विधायक के आगमन पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष धीरज तिवारी ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक ऋषि त्रिपाठी ने इस हाल के उदघाटन पर प्रोपराइटर एवं भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट अविनाश मद्धेशिया को बधाई दिया। इस अवसर पर अभिषेक मिश्रा, नवीन मद्धेशिया, विशाल मिश्रा, प्रदीप, सभाषद अनूप मद्धेशिया, विपिन तिवारी, धनंजय दुबे, गंगासागर जायसवाल,शिबू खान,आतिफ,दीपक जायसवाल,साहेब सिंह सेट्ठी मौजूद रहे।

# भाजपा मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने निकाला तिरंगा यात्रा




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पहलगाम में जिस कायरता से हमारे देशवासियों को आतंकियों ने शहीद किया था उसका बदला हमारे देश के जवानों ने पाकिस्तान में 09 आतंकियों प्रशिक्षण केन्द्र को व 100 आतंकियों को नस्तनाबूत करके बदला ले लिया है। ये वक्तव्य भाजपा वरिष्ठ नेता राजा कासिम की अनुगवाई में तिरंगा यात्रा के समापन सभा में सैकेड़ों मुसलमानों को सम्बोधित करते हुए तिरंगा यात्रा दर्पण टाकीज़ से निकाली गई और धनोखर पर समापन किया गया यात्रा में देश के जवान जिन्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए गए कासिम ने आगे कहा अगर कांग्रेस ने तुष्टिकरण करके आतंकियो के जनाज़े न उठवाये होते और सुरे फातिया न पढ़वाई होती तो आतंक के हमलों में लाखों देशवासी न मारे जाते मोदी के कार्यकाल में ये पहला आतंकी हमला है। जिसमें बेकसूर आम हिन्दुस्तानियों की जान गई है। यात्रा में मुख्य रूप से आर-एस-एस केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य स्वामी मुरारी दास जी रहे श्री स्वामी ने सभी मुसलमानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलवामा में हमारें जवानों को शहीद किया था पाकिस्तानी आतंकियों ने तो हमारे देश के जवानों ने पाकिस्तान में घुसके तीन सौ आतंकवादियों को मारा था पहलगाम में 26 देशवासियों को शहीद किया तो हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किमी अन्दर घुसकर 100 आतंकियों को जहननुम भेज दिया। ये मोदी जी का नया भारत है।

# केडीआईसी के छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से अहिल्याबाई को दी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** महान समाज सुधारिका, धर्मपरायण एवं न्यायप्रिय शासिका अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर केडी इंटर कॉलेज नंदाभार में एक रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और भावनाओं के माध्यम से अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके. साहनी के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने विधवा होने के बावजूद सामाजिक बंधनों को तोड़कर एक आदर्श शासिका और समाज सेविका के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनका जीवन भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक है, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों वर्गों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 10 की छात्राओं विजयलक्ष्मी यादव, मनीषा शर्मा और सोनालिका की रंगोली को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 9 की श्रेया श्रीवास्तव, चांदनी चौधरी और अनुष्का गोंड ने संयुक्त रूप से रंगोली तैयार कर दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। कक्षा 8 की सलेहा, सलोनी और पारुल तथा कक्षा 7 के अभिनव विश्वकर्मा, रोशनी चौधरी और सिद्धि मिश्रा ने भी अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मकता से सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक जेपी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उन्हें अपने इतिहास और महान विभूतियों से जुड़ने का अवसर भी देती हैं।



विद्यालय के छात्र-छात्राएं रंगोली के साथ-अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर बनाई गई विशेष रंगोली के साथ प्रतिभागी व शिक्षकगण

## पिपरा परसौनी में ताला तोड़ कर चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान

**नौतनवा (महराजगंज)।(** *अवधनामा संवाददाता*) नौतनवा थानाक्षेत्र के अंतर्गत गोरखपुर सोनौली रोड पर स्थित पिपरा परसौनी में बीते रविवार को चोरो ने घर का ताला तोड़कर लाखों का जेवर उठा ले गए। मामले में पीड़ित मकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस कार्यवाही में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात चोरों ने गोरखपुर सोनौली रोड पर स्थित पिपरा परसौनी निवासी महातम के घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपए का जेवर जिसमें सीकड़, मांग टीका तथा अन्य सामान था के साथ ही घर में रखा छप्पन हजार रुपए नकद चुरा लिया। चोरी की घटना के संबंध में महातम ने बताया कि वह राजगीर का काम करता है और ठीके पर वह अपने ससुराल की तरफ काम कर रहा था , पत्नी व बच्चे भी ससुराल में ही थे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय हैः असीम अरूण




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है, शिक्षक नवाचारों का जनक भी होता है, नवान्वेषण से वह समाज को नयी दिशा प्रदान करता है। उक्त विचार रामनगर पीजी कॉलेज में शोध एवं प्रभारी कक्ष के उ?द्घाटन करने तथा बीएड एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ÷राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों की भूमिका÷ विषय पर बौद्धिक परिचर्चा करते हुये। असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने व्यक्त किये। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा प्रभारी कक्ष का भव्य उद्घाटन माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मा. राज्यमंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में कमियां पाए जाने पर संबन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। राज्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय परिसर में हरिशंकरी समूह के वृक्षों (पीपल, पाकड़, बरगद) का रोपण भी किया गया। अतिथियों का स्वागत, आयोजक डॉ0 आजाद प्रताप सिंह ने करते हुये माननीय मंत्री जी से छात्रावास के नवीनीकरण की मांग की।

# गरीब असहाय महिलाओ को पीके ट्रस्ट की तरफ़ से निःशुल्क सिलाई मशीन के लिये किया गया रजिस्ट्रेशन

अवधनामा संवाददाता



**बसखारी अंबेडकरनगर।** पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव की पत्नी श्रद्धा यादव की प्रथम पुण्यतिथि असहाय,गरीब महिलाओं को रोजगार सृजन हेतु निशुल्क सिलाई मशीन वितरित के लिए रविवार को बसखारी स्थित कार्यालय पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें करीब 20 महिलाओं ने पहुंचकर अपना नामांकन कराया। इससे पहले हुए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भी 25 महिलाए नामांकन करा चुकी हैं।

दोनों निर्धारित तिथियां को मिलाकर अब तक कुल 45 महिलाओं ने अपना नामांकन कराया है। रजिस्ट्रेशन करने की आज अंतिम तिथि थी लेकिन लोगों की सुविधा के लिए ट्रस्ट के द्वारा आगामी 15 जून को भी एक और तिथि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए निर्धारित की गई है।इसके बाद पात्र लोगों का चयन कर 28 जून को पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष डॉ शरद यादव की पत्नी दिवंगत श्रद्धा यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर कुल 51 पात्र महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। बताते चले कि प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर क्षेत्र की गरीब कन्याओं की शादी शाही अंदाज मे कराने, शिक्षा से महरूम जिले पर रह रहे 26 बच्चों का पढ़ाई का कार्य, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वास्थ्य शिविर, कोरोना काल जैसी वैश्विक महामारी में तमाम सामाजिक समाज कार्य किए गए हैं। ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रद्धा यादव की भी विशेष भूमिका रहती थी। विगत 28 जून को उनका देहावसान हो जाने के कारण उनकी सोच को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्ट ने महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को रोजगार सृजन हेतु आगामी 28 जून को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर गरीब महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन वितरण करने की घोषणा की है। इसी संदर्भ में ट्रस्ट के द्वारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# वृक्षारोपण करना व उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है : डॉ. संजीव

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को डुमरियागंज तहसील परिसर में पूर्व में रोपित पौधों की देखभाल के लिए लखनऊ से आए पर्यावरण प्रेमी कुंवर मोनू भास्कर डुमरियागंज पहुंचे।

वही उन्होने डुमरियागंज पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में आम व आंवला का पौधा रोपण किया गया साथ ही उनके संरक्षण के लिए दर्जनों लोगों को सपथ भी दिलाई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डा संजीव दिक्षित ने कहा कि पौधे रोपड़ करना व उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। अगर हम पौधों को लगाकर छोड़ देंगे और उनकी देखभाल नहीं करेंगे तो वें खत्म हो जाएंगे। इस लिए पौधों की देखभाल परिवार की तरह होनी चाहिए। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश वर्मा ने कहा कि ज्यादा से पौधा रोपण करें और स्वस्थ्य रहें। वहीं पर्यावरण प्रेमी मोनू भास्कर नें कहा 2019 से हम अपने साथियों के साथ पौधों का वृक्षारोपण कर रहे है। लोगों को पर्यावरण को संरक्षित करने के बाद पहले हमें पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए, पिछले वर्ष जब हम डुमरियागंज उपजिलाधिकारी के आवास पर जो पौधे जन कल्याण समिति व हमारे द्वारा रोपित किए गए थे हम उन्हीं के देखभाल के लिए आए हैं और डुमरियागंज में पौधा लगाने का मेरा उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना और पौधों को संरक्षित करना। इस अवसर पर स्वामी आलोकानंनद जी महाराज, वन विभाग के चंद्रिका प्रसाद, बजरंगी शर्मा, गौरव सोनी, सच्चिदानन्द मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की जांच करने पहुंचे अधिशासी अधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**पात्र व्यक्तियों को आवास देना शासन की प्राथमिकता : सचिन**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज में अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नए आवेदनों का जांच किया गया।

अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार द्वारा बताया गया कि पात्र व्यक्तियों को आवास अवश्य दिया जाएगा, पात्र व्यक्तियों को आवास देना शासन की प्राथमिकता है। अपात्र लोगों को आवास कदापि नहीं दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी द्वारा जांच में लगे हुए कर्मचारियों को जांच प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस मौके पर नगर पंचायत कर्मचारी विवेक विश्वकर्मा, राजेश जायसवाल, सभासद उमाशंकर, सभासद प्रतिनिधि चंदन सिंह, रामचंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# ब्लाक अधिकारियों पर ग्राम प्रधान ने कमीशन लेने का लगाया आरोप




अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने को लेकर तमाम प्रयास कर रही है फिर भी भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ रहे हैं।सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है, कि सभी लोग इमानदारी से कम करें। किसी भी प्रकार की घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। जिससे सरकार की छवि धुमिल न हो। शासन की मंशा के अनुरूप काम होना चाहिए। साथ ही किसी भी कर्मचारी द्वारा कार्य करवाने के प्रति कमिशन न लिया जाए। बावजूद इसके बांसी ब्लॉक प्रशासन पर ग्राम प्रधान द्वारा आरोप लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरस किया जा रहा है। जिसमें ग्राम प्रधान सोनखर कृष्ण मुरारी यादव बता रहे हैं कि, बांसी ब्लॉक प्रशासन प्रधानों का शोषण कर रहा है। कच्चा काम करवाने पर तीन से पांच पर्सेंट कमीशन मांगा जा रहा है। कोई प्रधान आईडी लेने को तैयार नहीं है। वहीं प्रधानों द्वारा मना करने पर उनको जबरदस्ती आईडी दी जा रही है। एक तरफ शासन की मंशा के अनुरूप प्रधानों से काम मांगा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ काम करवाने पर 3 से 5 पर्सेंट कमीशन मांगा जा रहा है। जो प्रधान पैसा नहीं दे रहे हैं उनकी आईडी जेनरेट नहीं हो रही है। इस संबंध में डीडीओ गोपाल कुशवाहा ने बताया कि यह अधिकारियों को गुमराह करने का तरीका है। अगर इस तरह से कई प्रधान कह रहे हैं तो जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी चरम पर, जिम्मेदार मौन

अवधनामा संवाददाता






**अम्बेडकरनगर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के बजाय शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। स्कूल प्रबंधकों द्वारा किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य सामग्री के लिए अभिभावकों पर विशेष दुकानों से खरीदारी का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अभी तक संबंधित स्कूलों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किताबें या यूनिफॉर्म किसी विशेष वेंडर से लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। ऐसा करने पर स्कूल की मान्यता रद्द की जा सकती है। इसके बावजूद प्राइवेट स्कूल लगातार इन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और शिक्षा विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

**किताबें, यूनिफॉर्म, फीस और ट्रांसपोर्ट के नाम पर अभिभावकों से की जा रही अवैध वसूली**

**ओवरलोड स्कूल वैन बन रही जान का खतरा-** इसके अलावा स्कूलों द्वारा संचालित वाहन भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। विद्यार्थियों को भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर स्कूल वैनों में भरा जा रहा है। ये वाहन ओवरलोड और ओवरस्पीड के साथ सड़कों पर दौड़ते हैं। आरटीओ विभाग के अधिकारी भी इस मामले में लापरवाह बने हुए हैं। सवाल उठता है कि क्या इन स्कूल प्रबंधकों की प्रशासन में ऊंची पहुंच है, या कहीं से उन्हें संरक्षण मिल रहा है? **शिक्षा को बना दिया व्यवसाय-** विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों ने शिक्षा को पूरी तरह व्यवसाय बना दिया है। छात्रों के भविष्य की कीमत पर अभिभावकों से लाखों की वसूली की जा रही है, जो कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है।

### शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

शहर के विभिन्न इलाकों से अभिभावकों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि स्कूल किताबें और यूनिफॉर्म के नाम पर मनमानी रकम वसूल रहे हैं, लेकिन न तो शिक्षा विभाग ने कोई जांच की और न ही किसी स्कूल प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है।

### मांग उठी सख्त कार्रवाई की

स्थानीय अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि शासन इस मामले में संज्ञान ले और ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द कर सख्त कार्रवाई करे, ताकि शिक्षा को व्यवसाय बनाने वालों पर लगाम लगाई जा सके।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



**पौली अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पौली क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय परिसर से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष राम मिलन यादव और मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा पौली ब्लाक मुख्यालय से चलकर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पौली पहुंच कर समाप्त किया गया। लोगों को सरकार द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को सफल बताते हुए देश की अखंडता के प्रति एकजुट रहने का आह्वान किया गया इस मौके पर राम मिलन यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेवा के अद्भुत साहस और सुर के सम्मान में देशभक्ति की भावना से वोट जन सैलाब का हिस्सा बनकर देश के वीरों को याद किया गया यह देश की सीमा पर तैनाद देश भक्तों के हौसले को बोल देने के दृश्य तिरंगा यात्रा निकाला गया।आज स्थिति ऐसी है कि देश की एकता जरूरी है ऐसे में देश के लोगों को राजनीति से ऊपर उठकर ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करने तथा धोखेबाज पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आगे जाकर सरकार का समर्थन करने का अवसर है। इस मौके पर समाज सेवी धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकता और अखंडता के लिए कटिबंध है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ठोस निर्णय के लिए जाने जाते हैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है इसी क्रम में आज पौली क्षेत्र के कस्बा में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को एकता की लिए जागरूक किया गया इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव , मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह अशोक यादव सभाजीत यादव राम ब्रिज कनौजिया भुनेश कुमार त्रिपाठी विनय पांडे रत्नेश पांडे ए पिंटू यादव चंद्रशेखर यादव मनमोहन यादव उमेश सिंह जमालुद्दीन, बिरेंद्र यादव, शम्भू, जोखू रहे।

# टेंपो व डीसीएम में टक्कर में टेम्पो सवार युवक की मौत

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खलीलाबाद सड़क पर पठनपुरवा गांव के पास सोमवार की दोपहर दो बजे एक टेंपो व डी सी एम में टक्कर हो जाने से टेंपो सवार एक युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 22 वर्षीय जहीर पुत्र अब्दुल आलम अपनी मां और बहन के एक शादी में शामिल होने के लिए बेलौहा से टेंपो से बांसी आ रहा था जैसे ही टेंपो पठनपुरवा गांव के पास पहुंचा सामने से आ रही तेज रफ्तार डी सी एम ने टक्कर मार दिया। इस टक्कर में जहीर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल उच्चीकृत संयुक्त अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कुलपति अजय तनेजा ने भाषा विश्वविद्यालय की हर्बल वाटिका का किया निरीक्षण



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक की तैयारियों को सुदृढ़ करने एवं हरित परिसर की दिशा में एक सार्थक पहल के तहत विकसित की गई हर्बल वाटिका का आज माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार भी उनके साथ उपस्थित रहे। हर्बल वाटिका में लौकी, तुरई, भिंडी, चौलाई जैसी पोषक सब्जियों के साथ-साथ काली मिर्च, एलोवेरा, हल्दी, अदरक, तुलसी एवं पत्थरचट्टा जैसे औषधीय पौधों का रोपण किया गया है। इस संपूर्ण कार्य का सफल निर्देशन विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी (हॉर्टिकल्चर) डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया। कुलपति ने वाटिका के रख-रखाव और पौधों के वैज्ञानिक चयन की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के सतत विकास और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल विश्वविद्यालय परिसर को हरित और स्वच्छ बनाती है, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए भी एक उपयोगी शैक्षणिक संसाधन के रूप में कार्य करती है। माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। पर्यावरण संरक्षण एवं गुणवत्ता उन्नयन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में उनका मार्गदर्शन प्रेरणादायक है। उन्होंने हर्बल वाटिका को और अधिक समृद्ध और व्यवस्थित स्वरूप देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# चिल्ड्रेन्स अकेडमी कॉलेज में सम्पन्न हुआ भव्य पुरस्कार वितरण समारोह



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आज चिल्ड्रेन्स अकेडमी कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था,समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मधुकर जेटली भूतपूर्व एम. एल. सी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद अशफ़ाक़ (पिता-सना फातिमा टॉपर कक्षा बारह) उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मुनीश मिसरा द्वारा की गई, मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होती है, जो विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है,इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रदर्शन, खेल, विज्ञान, कला, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय की कॉयर मण्डली की गायन प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष मुनीश मिसरा ने सभी आगंतुकों, अभिभावकों, और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# तेज रफ्तार से जा रही डीजे लदी पिकप ने पल्सर सवार युवक को मारा ठोकर, मौत

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के हथियांव खुर्द चौराहे पर



रविवार की देर कुदरहा-लालगंज मार्ग पर कुदरहा की तरफ से आ रही डीजे लदी पिकप गाड़ी मोटरसाइकिल सवार युवक को सामने से ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायलल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सीएचसी कुदरहा पहुंचाया। जांच में चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। कलवारी थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी 27 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र राम हरख पल्सर गाड़ी से अपने ससुराल पाकड़डाड से वापस घर जा रहा था। वह लालगंज थानाक्षेत्र के हथियांव खुर्द चौराहे पर पहुंचा ही था कि कुदरहा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार में डीजे लदा पिकअप गाड़ी सामने से ठोकर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा ले गए जहा चिकित्सको ने अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज कुदरहा रामानंद सिंह पहुंचे और शव को पीएम के लिए भेज दिए। अनिल पांच भाई व पांच बहन में सबसे बड़ा था। वह घर का बहुत ही होनहार था। विदेश में रहकर पूरे परिवार का जीविको पार्जन चलाता था। पत्नी सीमा और चार साल की बेटी अनुराधा का रो-रो कर बेसुध हो जा रही थी। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुदरहा रामानंद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# बिना मान्यता संचालित हो रहे विद्यालय से मांगा स्पष्टीकरण

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर-नगर से सटे हुए




नगपुर मार्ग स्थित मोहसिन पब्लिक स्कूल द्वारा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाओं को संचालित करने पर खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। विद्यालय द्वारा जूनियर स्तर तक की मान्यता लेकर इंटर तक की कक्षाएं संचालित की जा रही थी। जिसपर खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाओं को तत्काल बंद करते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है। बीईओ ने बताया कि क्षेत्र में कहीं भी बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी यदि बिना मान्यता के विद्यालय संचालित पाया गया तो शासन द्वारा निर्धारित जुर्माना वसूल करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

# धड़ल्ले से चल रहे अवैध ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** शहर में बिना लाइसेंस के एक दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों के संचालक नियमों को नजरअंदाज कर सड़कों पर बेरोकटोक नौसिखियों को गाड़ी चलाना सीखा रहे हैं। परिवहन विभाग की इन पर अनेदखी किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। इनके पास न डिप्लोमा है और न ही वाहन सीखाने का लाइसेंस।

मनमानी राशि वसूल कर यह लोगों की जेब भी काट रहे हैं।कार ड्राइविंग सिखाने के नाम पर काफी बड़ा कारोबार चल रहा है। इसके चलते कई ड्राइविंग स्कूल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। यह सभी ट्रेनिंग स्कूल आरटीओ के मानकों को पूरा नहीं करते हैं। साथ ही अनुभवहीन ड्राइवरों के सहारे लोगों को भीड़भाड़ वाली सड़क पर कार चलाना सिखाते हैं, जो कि जोखिम भरा होता है। आरटीओ के अधिकारी इस मामले में मूक दर्शक बने हुए हैं। पता चला है कि शहर में एक दर्जन से अधिक अवैध ट्रेनिंग सेंटर चल रहे हैं। इन संचालकों ने कम सैलरी पर ड्राइवर रखे हुए हैं, जो अनुभवहीन होते हैं और लोगों को कार चलाना सिखाते हैं। इसके अलावा ड्राइविंग सिखाने के लिए इनके पास खाली मैदान भी नहीं होता है। इस वजह से मेन रोड या कॉलोनी की सड़कों पर कार चलाना सिखाया जाता है। इसके चलते कई बार कार ड्राइविंग सिखाते समय बड़ा हादसा भी होने से बचा है।ड्राइविंग स्कूल शुरू करने के लिए आरटीओ कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इस दौरान स्कूल में मौजूद टेक्निकल स्टाफ, व्हीकल और लर्निंग लोकेशन की जानकारी देनी होती है। विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर देखते हैं कि जिस जगह लोगों को कार चलाना सिखाया जाएगा वह पर्याप्त है या नहीं। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की जाती है। यह सभी काम खत्म होने के बाद ही लाइसेंस दिया जाता है। इसके अलावा ट्रेनिंग दे रहे ड्राइवर को कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। स्कूल परिसर में लेक्चर के लिए भी पर्याप्त स्थान होना जरूरी है। इसके बाद भी शहर में कई स्कूल बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से चलाए जा रहे हैं। **यह होना चाहिए-** ड्राइविंग स्कूल के संचालन के लिए मैकेनिक का डिप्लोमा होना जरूरी है। इसके अलावा जिस वाहन से ड्राइविंग करना सीखाया जाता है, उसका टैक्सी परमिट होना जरूरी है। वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र भी होना चाहिए। वाहन में दोनों तरफ स्टेयरिंग के साथ ब्रेक होना चाहिए। लेकिन बिना लाइसेंस के चल रहे ड्राइविंग स्कूल के संचालक इस तरह का कोई नियम पूरा नहीं कर रहे है। न ही परिवहन विभाग इनकी ओर ध्यान दे रहा है।

**वसूल रहे तीन हजार-** परिवहन विभाग ने जीप और कार चलाना सिखाने के लिए डेढ़ हजार रूपए फीस निर्धारित कर रखी है। लेकिन मोटर ड्राइविंग स्कूल 2500 से 3000 रूपए तक लोगों से वसूल रहे हैं। इसके अलावा भारी वाहन ट्रक-बस सीखने के लिए 3000 रूपए फीस निर्धारित है। परिवहन विभाग में दोपहिया वाहन पर 30 और चौपहिया वाहन पर 60 रूपए प्रति व्यक्ति के ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले को जमा करवाने होते हैं।

### ड्राइविंग स्कूल खोलने के नियम

परिवहन विभाग से लाइसेंस, प्रशिक्षण देने के लिए मोटर इंजीनियरिंग कर चुका प्रशिक्षक, वाहन सिखाने के लिए पांच साल कमर्शियल वाहन चला चुके अनुभवी चालक, खुद का एक वाहन हो। वाहन में दोहरे नियंत्रण की सुविधा हो, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक मॉडल संकेत, यातायात चिन्ह, वाहन के सभी पार्ट्स के ब्योरे वाला चार्ट लगा हो। मोटरयान का इंजन, गियर बॉक्स, टायर लिवर, पंक्चर किट, व्हील ब्रेस, जैक, स्पैनर, परिसर में आपातस्थिति के लिए उपचार पेटिका, परिसर में ट्रैफिक संकेतकों युक्त ट्रैक।

### स्टेटस सिम्बल ने बढ़ाए भाव

घर में कार होना स्टेटस सिम्बल बन गया है। कारों की बढ़ती मांग के कारण उसे चलाने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में मोटर ड्राइविंग स्कूल पनप रहे हैं। दस से बारह दिन में किसी भी व्यक्ति को वाहन चलाना सिखाया जाता है। ऐसे में कम समय में अधिक कमाने की चाहत में अवैध मोटर ड्राइविंग स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। इन स्कूलों के विद्यार्थी खासतौर से महिलाएं और युवतियां होती है।

### नहीं देंगे जानकारी

हम कोई भी जानकारी नहीं देंगे। जो भी पूछना है, आरटीआई लगाकर जानकारी लीजिए। एआरटीओ और बड़े अधिकारियों ने जानकारी देने से साफ मना किया है।

# कुएँ की भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा किये जाने का किया गया असफल प्रयास

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टाण्डा नगर के मोहल्ला मीरनपुरा वार्ड नंबर 13 में स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज के पास एक कुआं है, जिसका उपयोग धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है। आरोप है कि आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रशासन द्वारा इस कुएं पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि जब पालिका और तहसील कार्यालय बंद रहते हैं, तब आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रशासन द्वारा कुएं की सफाई के नाम पर कब्जा करने का प्रयास किया जाता है। जब आसपास के लोग शिकायत करते हैं, तो तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाता है। इससे पहले भी कई बार कब्जा करने का प्रयास किया गया है। सभासद वार्ड नंबर 13 मोहम्मद ज़ाहिद ने उप जिलाधिकारी महोदय और अधिशासी अधिकारी महोदय से अनुरोध किया है कि आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कब्जे के प्रयासों को रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। बताते चले कि विद्यालय ने पूर्व मे भी नजूल की भूमि अपने कब्ज़ा करने मे सफलता हासिल की है जो एक आम रास्ता था और पूर्व मे इस मार्ग से लोगों का आवागमन भी होता था जिस रास्ते के विद्यालय द्वारा बन्द किये जाने पर जुबैर चौराहे पर आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सानिया खान था जिसको बदलकर सानिया अदनान अहमद रख लिया है। अब मुझे सानिया अदनान अहमद के नाम से जाना पहचाना वा पुकारा जाए।

**सानिया अदनान अहमद पत्नी अदनान शाहआलम अहमद**
**ग्राम मोहिउद्दीनपुर पोस्ट शेखूपुर थाना -बिलरियागंज**
**जिला आजमगढ़**

# तीव्र और घातक

यो तो भारत और पाक में जब भी भिडन्त हुई भारत हमेशा बीस रहा। पर इस बार के भिड़न्त में भारत ने पाक को बहुत करारा जबाब दिया। पाक को झूठ बोल कर कि भारत के कई ठिकाने नष्ट कर दिये है जबकि अपने देश का मनोबल बनाये रखने के लिये झूठा प्रचार किया। फ्लिहाल शान्ती है पर मिशन सिन्दूर के अनार्गल आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगा। भारत ने कह दिया है अगर फ्रि हमला हुआ तो भारत सौनिक प्रोटोकाल के तहत कारवाई करने से नहीं चूकेगा।

भारत ने इस बार ज्यादा तीव्र और घातक स्ट्राइक की पाक अधिकृत कश्मीर ही नही पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकि टिकानों को निशाना बनाते हुये। अतंकियों मार गिराया भारत पाक दोनो परमाणु सम्पन्न देश है टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता था। पाकिस्तान ने इस बात का प्रचार का दुनियां में खूब बेचा पर पिछले दशक से इसमें बदलाव आ गया है। अब भारत एलओसी पार करने से नहीं हिचकता। परमाणुक भय दर किनार किये रहता है। अन्तरराष्ट्रीय सीमा भी पार कर देता है। यह भारत का नया अप्रोच है। 1971 में कारगिल युद्ध के दौरान सिन्धु जल सिन्धु सिन्धु को बनाये रक्खा था। इस बार रोक दिया है। कई सालो में भारत सिन्धु जल सिन्धु पर रिब्यू की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पाक पर रिब्यू की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पाक पर बाड़ी कूटनीतिक बढत हासिल कर रक्खी है। भारत सबूत सौप कर पाक को साही रास्ते पर लाने की कोशिश करता रहता है। इस बार भारत ने पाक पर क्सुनिटी दबाव बनाया है। साथ में भारत पास खुद भी कारवाई कने के कई विकल्प है। अब से भारत ने आतंकी हमले अगर हुये भारत इसे ऐक्ट आफ वार माना जायेगा। चूकि यह पाकिस्तान के लिये क़ी चेतावनी है उसे अपने यहां के आतंकियों पर लगाम कसने के लिये मजबूर यहां के आतंकियो पर लगाम कसने के लिये मजबूर होना पड़ा है। अगर पाकिस्तान ऐसा नहीं करता है तो भारत ने इशारा किया है अगर पाकिस्तान अतंकियों पर नियन्त्रण नही करता है तो वह पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ घुसकर कारवाई करता रहेगा।

इस बार पाक पर आक्रमण कर भारत ने अपने मार्डन कर फेयर की क्षमता जाहिर की है। भारत का डिफेन्स सिस्टम कितना मजबूत है उसकी कारवइयों से प्रदर्शित हुआ है। भारत के उत्तरी पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान द्वारा किये गये ड्रोन को नष्ट कर परचम लहराया है। पाक अन्दर से विचलित है। आपरेशन सिन्दूर के दौरान पाकिस्तान में सेना और चुनी हुई राजनीतिक सरकार के बीच का अन्तरविरोध फ्रि सामने आ गया है। यह अन्तरविरोध पाक सरकार और सेना का शाश्वत नरोटिव है। पाक के राजनैतिक नेतृत्व से बात नहीं सभली तो अमेरिका ने दबाव डालने के लिये पाक के आर्मी चीफ से बात की। मीडिया में प्रचारित हुआ भारत और पाक में युद्ध रोकने और शान्ती समझौते की स्वीकृता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रभाव से हुआ।

भारत ने इस बार पुलगामा से ज्यादा संख्त कदम पाकिस्तान को रोकने के लिये बनाया जिसका सकरात्मक नतीजा सामने है। भारत की सिन्दूर आपरेशन से चीन परेशान है उसकी पाक को दी जा रही मदद नाकाम रही। बात पाक रही है थी नाकाम भारत को लेकर चिन्ता है। तुर्किये में 90 मिन्ट चली बैठका शान्ती पर तो कोई बात नही बनी पर दोनो एक एक हजार कैदी रिहा करने पर राजी हो गये। जेलेन्सकी रूस पर नाराज हुये कि पुतिन खुद बैठक में नहीं आये निम्न दर्जे के अधिकारियों को बैठक में भेज दिया। 90 मिनट के बैठक कर यही परिणाम निकल ट्रम्प ने कहा लोग मर रहे है पुतिन से जल्द मिलूगा ट्रम्प की दुनियां का मानीटर बनने की जल्दी पड़ी है।

# ‘पराधीन सपनेहुं सुख नाही’


ओमप्रकाश ‘सुमन’

मानस के रचयिता तुलसीदास पर नारी निंदा को लेकर अनेक आक्षेप लगते रहे हैं। पर इन आरोपों के संबंध में हमें तत्कालीन समाज की सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति का भी आकलन करना चाहिए। तुलसी ने सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार नारी के विभिन्न रूपों का चित्रण किया है तुलसी से पूर्व प्राचीन काल में नारियों का सम्मान होता था इसी का उल्लेख मनुस्मृति में किया गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः । यत्रैतास्तु न पूज्यंते सर्वास्तत्राफलाः क्रिया ।। (जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों की पूजा नहीं होती है उनका सम्मान नहीं होता है वहां किए गए समस्त अच्छे कार्य निष्फल हो जाते हैं) पर समय के बदलाव के साथ नारी सम्मान में क्षीणता आ गई। पुरुष वर्ग ने स्वार्थ भाव स्वाभिमान एवं अहं के कारण नारियों पर एकाधिकार स्थापित कर लिया। उनका जीवन बहुत ही संकीर्ण दायरे में रह गया। मुगलकालीन यंत्रणाओं व धर्म संकट से उनकी दशा और भी विषम हो गई। तुलसी ने नारी के सभी आयु वर्गों के चित्रण में कन्या ,युवती एवं पत्नी सहित सभी स्त्रियों का चित्रण किया है। विभिन्न स्थितियों में भी सीता पातिव्रत धर्म का निर्वाह करती है इसके अलावा मानस में मातृत्व पद की भी प्रतिष्ठा की गई है ÷पुत्रवती युवती जग सोई , रघुवर भगत जासु सुत होई । (संसार में वही युवती स्त्री पुत्रवती है जिसका पुत्र श्री रघुनाथ जी का भक्त हो) मानस में नारियों के अन्य रूपों का भी चित्रण मिलता है पर तुलसीदास पर नारी निंदा के आरोप मानस की कुछ चौपाइयों को लेकर ही लगाए जाते हैं मानस में तुलसी पर निंदा के आरोपों की दृष्टि से तीन स्थल मिलते हैं। इनमें कहीं पर नारी ने ही नारी की निंदा की है कहीं पर पुरुषों ने की है कहीं पर राम के द्वारा ही निंदा कराई गई है मानस के बालकाण्ड में शंकर पार्वती के विवाह में पार्वती जी की मां मैना ही नारियो, की दशा का वर्णन करते हुए कहती हैं कत विधि सृजीं नारि जग माही, पराधीन सपनेहुं सुख नाही। पार्वती के विदाई के समय उनकी मां मैना पार्वती को छाती से चिपका लेती हैं और कहती हैं - (विधाता ने जगत में स्त्री जाति को क्यों पैदा किया है पराधीन को सपने में भी सुख नहीं मिलता है।) मानस की अरण्यकांड में शबरी अपनी दीनता स्वयं प्रदर्शित करते हुए कहती है -केहि विधि अस्तुति करौं तुम्हारी अधम जाति मै जड़मति नारी। इससे शबरी हाथ जोड़कर कहती है (मैं किस प्रकार आप की स्तुति करूं मैं नीच जाति की अत्यंत मूढ़ बुद्धि हूँ) यद्यपि वह राम के सामने भक्तों के रूप में अपनी दशा का वर्णन करती है। दूसरा स्थल वह आता है जब अयोध्या काण्ड में कैकयी ने दशरथ से बर मांग कर राम को बनवास भेज दिया । अवधपुरी निवासी वहां के नर नारी सभी लोग महिला कैकेयी की निंदा करते हुए कहते हैं का न पावकु जारि सक, का न समुद्र समाइ। का न करै अबला प्रबल केहि जग कालु न खाइ ।। (आग क्या नहीं जला सकती है समुद्र में क्या नहीं समा सकता है अबला कही जाने वाली प्रबल स्त्री क्या नहीं कर सकती है जगत में काल किस को नहीं खाता है।) यहाँ अयोध्यावासियों ने केवल कैकेयी की निंदा की है नारी समाज की निंदा नहीं की है। ढोल गॅवार शूद्र पशु नारी, सकल ताड़ना के अधिकारी । तुलसी की नारी निंदा में इस चौपाई का सबसे अधिक नाम लिया जाता है। इस चौपाई का प्रसंग है सुंदरकांड के अंत में समुद्र राम से क्षमा मांगते हुए कहता है आपने जो मुझे शिक्षा दंड दिया है मर्यादा जीवो का स्वभाव भी आपकी ही बनाई हुई है।

ढोल गॅवार शूद्र पशु और स्त्री यह सब शिक्षा के अधिकारी हैं। यह चौपाई समुद्र द्वारा तब कही गई जब समुद्र द्वारा राम की विनय न मानने पर राम क्रोधित हो गये। उन्होंने तरकस से बांण निकालकर धनुष पर रखा था कि समुद्र प्रार्थना करते हुए कहता है आपने मुझे जो शिक्षा दी यह वर्ग विशेष शिक्षा देने योग्य होता है। ताड़ना अवधी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है पहचानना परखना ध्यान देना है यदि हम ढोल की आवाज को पहचानेंगे नहीं तो उसकी ध्वनि सही नहीं होगी उसका ताड़ना जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा। जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।**

# जीईएम - सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास


पीयूष गोयल

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘विकसित भारत 2047’ के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था।

शानदार प्रगति -वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है।

कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा। जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है। न्यायसंगत विकास का वाहक - जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के ‘सबका साथ, सबका विकास’ मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों




को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है। समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं। लक्ष्य से आगे - जीईएम पर ‘स्टार्टअप रनवे’ और ‘वुमनिया’ जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है। इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीईएम पर किए गए कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है।

अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीईएम के ज़रिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीईएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं। बड़ी बचत - इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस) और जीवन-यापन में आसानी (ईज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है। विश्व बैंक द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीईएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है। जीईएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है। छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीईएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है। 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है।

प्रौद्योगिकी, एआई - एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीईएम ने ‘जीईएम एआई’ नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीईएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है। जीईएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है। यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीईएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है।

# ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम

लक्ष्मी पुरी

**‘सिंदूर’ नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है।**

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है ङ्क आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है।

कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों।

सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है भारत के खिलाफ़ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी - अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया- दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित। इसने एक सरल लेकिन दृढ़ संदेश दिया भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए। अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई




बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी। दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं।

‘सिंदूर’ नाम का चयन गहन सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता को रेखांकित करता है। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर - पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-II परीक्षणों के जरिए वाजपेयीजी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर –जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की–से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है। देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है। आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। दंड से मुक्ति का भ्रम टूट गया है। चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमज़ोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियाँ भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए। पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है। इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे। पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गयी। हालाँकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएँ इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें न केवल अपने रणनीतिक साझेदारों को सावधानी से चुनना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये साझेदारियाँ सिंदूर सिद्धांत को शामिल करती हों।

# अनायास ही नहीं किया गया कर्नल सोफ़िया का अपमान


तनवीर जाफ़री

**कर्नल सोफ़िया के दादा मुहम्मद हुसैन भारतीय सेना में सेवारत थे। बाद में सोफ़िया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी भी भारतीय सेना में इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में कार्यरत रहे और 1971 के भारत पाक युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं बल्कि कर्नल सोफ़िया कुरैशी के एक चचा इस्माइल कुरैशी भी भारतीय सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार थे।**

मध्य प्रदेश सरकार का विजय शाह नामक एक मंत्री इन दिनों अपनी बदज़ुबानी को लेकर चर्चा में है। यह व्यक्ति मध्य प्रदेश की हरसूद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हैसियत से लगातार आठ बार विधायक चुना जा चुका है। उस ने पिछले दिनों भारत पाक तनाव के दौरान हुये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में भारतीय सेना का पक्ष रखने वाली कर्नल सोफ़िया कुरैशी के बारे में अत्यंत विवादित और आपत्तिजनक बयान दे दिया जिससे देश के आम लोगों से लेकर अदालत तक घोर ग़ुस्से में आ गई। इस बड़बोले मंत्री ने एक सार्वजनिक सभा में कर्नल सोफ़िया को आतंकियों की बहन बताया और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। पहलगाम में हुये कायराना आतंकी हमले का संदर्भ देते हुये विजय शाह ने एक जनसभा में कहा कि जिन लोगों (आतंकवादियों) ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी। निश्चित रूप से यह बयान न केवल उस मंत्री के अज्ञान को दर्शाता है बल्कि इस तरह का बयान देकर उसने कर्नल सोफ़िया कुरैशी की बहादुरी उनकी राष्ट्रभक्ति और भारतीय सेना में उनके योगदान का भी अपमान किया। हालांकि अपनी इस अति विवादित टिप्पणी के बाद देश में उसके विरुद्ध उपजे आक्रोश को देखते हुये उसने मुआफ़ी मांग ली और कहा कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। परन्तु मंत्री के इस बयान पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसके विरुद्ध देशद्रोह का मुक़दमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। परिणाम स्वरूप इंदौर ज़िले के महू के मानपुर थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह द्वारा, दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने से भी मना कर दिया।

जिस कर्नल सोफ़िया कुरैशी को उसने आतंकियों की बहन बताकर अपमानित किया ज़रा उसकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि पर भी नज़र डालिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोफ़िया कुरैशी के परदादा मोहम्मद ग़ौस अंग्रेज़ों की सेना में बड़े पद पर तैनात थे परन्तु 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जोकि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण जन-



आंदोलन था, उसी दौरान वे ब्रिटिश सेना छोड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गये। इसी तरह कर्नल सोफ़िया के दादा मुहम्मद हुसैन भारतीय सेना में सेवारत थे। बाद में सोफ़िया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी भी भारतीय सेना में इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में कार्यरत रहे और 1971 के भारत पाक युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं बल्कि कर्नल सोफ़िया कुरैशी के एक चचा इस्माइल कुरैशी भी भारतीय सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार थे। और उनके एक और दूसरे चाचा वली मुहम्मद कुरैशी आज भी सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। अब कर्नल सोफ़िया कुरैशी तो स्वयं भारतीय सेना में हैं ही साथ ही उनके पति कर्नल ताजुद्दीन भी भारतीय सेना में ही हैं और मेकेनाइज़्ड इंफ़ेंट्री में अधिकारी हैं। यही नहीं बल्कि कर्नल सोफ़िया कुरैशी का बेटा 18 वर्षीय समीर कुरैशी है और वह भारत की वायुसेना में शामिल होने के लिए परीक्षा दे चुका है जबकि उनकी बेटी हनीमा कुरैशी भी वायुसेना में पायलट बनने की तैयारी कर रही है। कर्नल सोफ़िया कुरैशी की तुलना विजय शाह जैसे अनेकानेक उन नफ़रती चिंटुओं की पारिवारिक पृष्ठभूमि से करके देखिये तो स्वयं पता चल जायेगा की वास्तविक देशभक्त और पेशेवर नफ़रतबाज़ों की देशभक्ति में कितना अंतर है। कर्नल सोफ़िया व उनके परिवार से जुड़े राष्ट्रभक्ति के और भी अनेक क़िस्से हैं।

परन्तु ऐसे महान देशभक्त योद्धा परिवार को अपमानित करने में इस ‘संस्कारी नफ़रती मंत्री’ ने कोई समय नहीं गंवाया। परन्तु स्वयं को चौतरफ़ा ज़लील होता देख अब न केवल मुआफ़ी मांगता फिर रहा है बल्कि मंत्री होने के बावजूद लुका छुपा भी फिर रहा है। इसको यह भी नहीं पता कि कर्नल सोफ़िया पिछले दिनों हुये ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान युद्ध के मोर्चे पर नहीं गयी थीं बल्कि उन्हें व उनके साथ भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भारतीय सेना द्वारा देश की साम्प्रदायिक एकता तथा आतंकयों द्वारा पर्यटकों का धर्म पूछ कर चुन चुन कर मारे गये पुरुषों का ऑपरेशन सिन्दूर के द्वारा बदला लिये जाने के प्रतीक स्वरूप मीडिया के सामने प्रवक्ता के रूप में पेश किया गया था। जबकि अज्ञानी मंत्री कर्नल सोफ़िया को युद्ध मोर्चे पर लड़ने वाली बता रहा था? ऑपरेशन सिन्दूर में कर्नल सोफ़िया ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था। यह पहला अवसर नहीं था जबकि दक्षिणपंथी हिंदूवादी विचारधारा के किसी नेता ने इसतरह की बात कर धर्म विशेष के लोगों को अपमानित किया हो और न ही अपनी बदतमीज़ी व बदज़ुबानी के लिये मुआफ़ी मांगने वाला यह कोई पहला व्यक्ति था। बल्कि सही मायने में इस तरह की नफ़रती बातें करना और चारों और से थूके जाने पर मुआफ़ी मांग लेना यह सब बातें इनके संस्कारों में शामिल हैं। संसद से लेकर जनसभाओं व प्रेस वार्ता तक में यह ज़हरीले लोग अक्सर ऐसी बातें करते सुने व देखे जाते है।

दरअसल इनके नफ़रती संस्कार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक रहे माधवराव सदाशिव गोलवलकर के विचारों से प्रेरित हैं जोकि अपने लेखन और भाषणों में मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को भारत के लिए ख़तरा, आंतरिक दुश्मन और राष्ट्र के तीन दुश्मन के रूप में बताया करते थे। इनसे प्रेरणा प्राप्त नफ़रती व विषवमन करने वालों को न तो अशफ़ाक़ुल्लाह ख़ान की क़ुर्बानी की अहमियत का अंदाज़ा है न ही सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिन्द फ़ौज के जनरल शाहनवाज़ ख़ान की बहादुरी व अदम्य साहस का। इन्हें न ही ब्रिगेडियर उस्मान की क़ुर्बानियां नज़र आती हैं न ही वीर अब्दुल हमीद का बलिदान न ही न ही देश को परमाणु शक्ति बनाने वाले मिसाईल मैन भारत रत्न ए पी जे अब्दुलकलाम का भारतीय रक्षा क्षेत्र में किया गया योगदान।

# श्री चित्रगुप्त धाम से निकली भव्य शोभायात्रा

- तमाम धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की रही भागीदारी
- प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुई प्रतिमाओं की स्थापना

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर से मंदिर परिसर में स्थापित किए जाने वाले सभी देवी देवताओं की मूर्तियों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,जो कि शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस श्री चित्रगुप्त धाम पहुंची। इस यात्रा में रथ पर सवार विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां जिसमें एकादश मुखी हनुमान जी, श्री राम दरबार, श्री दुर्गा जी, शिव परिवार, बारह ज्योतिर्लिंग, शिवलिंग एवं नंदी महराज की भव्यता देखते बन रही थी।शोभायात्रा में जिले की तमाम सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं शामिल हुई।जगह-जगह चौक चौराहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया और धार्मिक केंद्रों पर तमाम भक्तों द्वारा आरती उतारी गई। देवी देवताओं से सजे रथ के साथ यह शोभा यात्रा चित्रगुप्त धाम से शाम 5 बजे निकली। यात्रा पर्यावरण पार्क होते हुए एम.जी. चौराहा से डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा, हनुमान गढ़ी, चौक घंटाघर से जिला अस्पताल, बस अड्डा, मेहमान रेस्टोरेंट से पुनः पर्यावरण पार्क होते हुए सीताकुण्ड पहुंची वहां से वापस श्री चित्रगुप्त धाम रात्रि साढ़े 9 बजे पहुंची। प्राण प्रतिष्ठा के साथ विगत 5 दिनों से चल रहा अधिवास अनुष्ठान पूर्ण हुआ और मूर्तियों को श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर के परिसर में स्थापित किया गया। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान पंडित रोहित तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ।इस शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में जगह जगह विभिन्न संस्थाओं और मानिंद व्यक्तियों द्वारा शोभायात्रा में शामिल भक्तों को उचित जलपान और ठंडे पेय पदार्थ प्रदान किए गए। इस धार्मिक शोभायात्रा में प्रमुख रूप से निम्न संस्थाओं और प्रमुख लोगों की भागीदारी रही। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, डॉ आर ऐ वर्मा,प्रताप सेवा समिति से विजय विद्रोही, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से जितेंद्र श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव एडवोकेट, अंकुरण संस्था से दीपक जायसवाल, आदित्य अग्रहरि, गायत्री परिवार से डॉ सुधाकर सिंह, अभिषेक सिंह, राकेश प्रताप सिंह, रोटरी क्लब से नीरव पांडेय, प्रमोद मेहरोत्रा,डॉ रवि त्रिपाठी, संजय केसरवानी, डॉ अभिषेक,अजित, अखिल अग्रवाल, अलोक अग्रवाल, सागर तिवारी, त्रिदेव मंदिर से मन्नू, भारत विकास परिषद से प्रदीप बरनवाल, सहज योग परिवार से सोनी श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव,प्रज्ञा अकादमी से आशीष अग्रहरि, सरजू प्रसाद वानप्रस्थी, पंचमुखी हनुमान मंदिर से आशीष श्रीवास्तव बिल्लू , किराना व्यापार संगठन से आलोक सागर , संजीत कसौधन, दाऊ जी,राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन से राहुल ,अशोक वर्मा,मेहमान होटल के महेंद्र पाल सिंह % बबलू सरदार % टिन्नू सिंह, दिनेश चौरसिया, लघु उद्योग व्यापर मंडल से अंबरीश मिश्र और हिमांशु मालवीय,शिव शक्ति समिति कुड़वार नाका से अनिल द्विवेदी,प्रदीप सिंह अकारीपुर, दीपक सिंह ,राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन से राहुल , अशोक वर्मा, राष्ट्रीय गौरक्षा समिति से सर्वेश सिंह, रुद्रनगर हनुमान मंदिर से विजय टंडन आदि। चित्रगुप्त धाम परिवार और निर्माण समिति के सभी सदस्य सपरिवार उपस्थिति रहे। प्रमुख रूप से शशि सिन्हा, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव,प्रदीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र खरे, मुकुल श्रीवास्तव, राजू खरे, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, कौशलेंद्र श्रीवास्तव, गगन श्रीवास्तव, डॉ मनीष, संजय, डॉ आशुतोष, मनीष, राजवीर श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, प्रशांत सरन श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव आदि का सराहनीय योगदान रहा। श्री चित्रगुप्त धाम परिवार द्वारा मंगलवार शाम 5 बजे से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा, जिसके देर रात तक चलने की संभावना है।

# लोकनगर मार्ग के शिलान्यास से 21 करोड़ की नगर कार्ययोजना के कार्य प्रारंभ

- नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने किया लोकनगर मार्ग का भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** अभी हाल ही में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में जर्जर सड़कों की मरम्मत और नव निर्माण, जल निकासी, नाली आदि के निर्माण के कार्यों को शामिल करते हुए तैयार की गई। 21 करोड़ रुपये की नगर कार्ययोजना का काम रविवार से शुरू हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा और निवर्तमान भारतीय जनता युवा मोर्च जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने संयुक्त रूप से लोकनगर क्रासिंग मार्ग पर भूमि पूजन व शिलान्यास के साथ इसका शुभारंभ किया।

करीब एक माह पूर्व नगर पालिका परिषद ने शहर में विकास कार्यो के लिए 21 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की थी। जिसमें 200 से अधिक मार्गों के निर्माण व मरम्मत के अलावा नाली निर्माण आदि कार्य शामिल थे। खास बात है कि इनमें से अधिकांश मार्ग इतने जर्जर थे जिनपर चलना मुश्किल था।

या फिर अभी मार्ग का निर्माण ही न होने से लोगों को पैदल चलने तक में समस्या हो रही थी। इसी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा व बोर्ड सदस्य भी 32 वार्डो के सभासद गणों की तरफ से दिए गए प्रस्तावों को इस कार्ययोजना में शामिल किया गया।

रविवार को लोक नगर रेलवे क्रासिंग के निकट इन्हीं कार्यो को ध्यान में रखते हुए नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। इसी कार्ययोजना में करीब 72 लाख रुपये से स्वीकृत 425 मीटर इंटरलाकिंग रोड मार्ग शामिल था। उक्त मार्ग काफी समय से अत्यंत जर्जर है। जिसका निर्माण छोटा चौराहा से लोक नगर रेलवे क्रासिंग तक होना है। मार्ग का औपचारिक निर्माण शुरू कराने से पहले नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा व प्रवीण मिश्रा ने भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस मौके पर भारी भीड़ मौजूद रही। इससे पहले स्थानीय लोगों ने शक्ति तालाब मोड़, छोटा चौराहा मोड़, संतोषी माता मंदिर के पास, दिव्यांशी हास्पिटल के पास पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया।

# भाषा विवि में सुचारु रूप से हुई परीक्षा, 1350 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रो. एहतेशाम की देखरेख में संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया अनुशासित, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की गई।

प्रथम पाली में कुल 956 परीक्षार्थियों में से 950 उपस्थित रहे, जबकि 6 अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में 404 में से 400 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 4 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 1350 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलतापूर्वक परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित साधन (UFM) की कोई घटना नहीं घटी, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और अनुशासन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा सहायता समिति (ASC) के सदस्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. वासी अज़्म अंसारी एवं डॉ. सुमन मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल समन्वय एवं सतर्कता से परीक्षा की प्रक्रिया सुसंगठित रही। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने कहा, कुलपति प्रो. अजय कुमार तनेजा के पांत्रत्व और मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक परीक्षा निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

# दहशत फैलाने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** हाईवे के महेंद्र नगर कालोनी में 11 मई को दूध के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में युवक को गोली मारने के एक और आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, तीन कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस में अब तक पुलिस छह आरोपी गिरफ्तार कर चुकी है। एक आरोपी को छोड़ने के मामले में मंडी चौकी प्रभारी व एक सिपाही भी जेल भेजे गए हैं। हाईवे थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि विजय कुमार अग्रवाल निवासी महेंद्र नगर के मकान में मांट के गांव गढ़ी पीतांबर निवासी युवक बाबी किराए पर रहता है और नीचे दुकान पर डेरी चलाता है। 11 मई को बाबी डेरी पर बैठा था।

# मथुरा में वारिसान बनवाने को दर दर भटक रही महिला

अवधनामा संवाददाता

- जिलाधिकारी से लेकर उपजिलाधिकारी मांट न्याय दिलाने में असमर्थ

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा से एक हैरान करने वाला ममला प्रकाश में आया है योगी सरकार में जीरो टॉलरेंस की नीति अधिकारियों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही है क्योंकि इस नीति का भय दिखाकर भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार हो रही है आरती गौतम सरकार के दरवाजे खटखटाते हुए न्याय की गुहार लगाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार श्री कृष्ण जन्मभूमि पर ड्यूटी के दौरान उनकी आकस्मात् मृत्यु हो गयी। दुष्यंत मोहन गौतम सीआरपीएफ में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर श्री कृष्णजन्मभूमि पर तैनात थे। आरती गौतम को विशेष सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मेरे देवर इन्द्र मोहन व अन्य सभी परिवारीजन ने यह तथ्य छिपाते हुए कि मृतक दुष्यन्त मोहन गौतम की पत्नी आरती गौतम व पुत्र निक्की उर्फ कार्तिक गौतम बतौर वारिसान मौजूद हैं को छिपाते हुए धोखाधड़ी व छल कपट कर एक षड़यंत्र के तहत सभी अपने नाम को आरती गौतम व उसके पुत्र को वारिसान न दिखाते हुए मेरे पति दुष्यन्त मोहन गौतम की मृत्यु के बाद वारिसान प्रमाणपत्र उपजिलाधिकारी कार्यालय सदर मथुरा से दिनांक 7 अक्टूबर 2022 को जारी करा लिया गया। आरती गौतम मांट तहसील के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो गई है लेकिन उसकी सुनवाई न तो तहसीलदार कर रहे हैं और न ही एसडीएम साहब ने रौब दिखाते हुए उसको हड़काकर भगा दिया आरती गौतम का कहना है कि धोखे से बनवाया गया वारिसान प्रमाणपत्र निरस्त किया जावे। आरती गौतम व उसके पुत्र को उसके पति स्व दुष्यन्त मोहन गौतम के बतौर वारिसान प्रमाणपत्र बनाया जावे पीड़िता ने बताया कि वह एक महिला है जिसका फायदा मेरे पति की मृत्यु उपरांत मेरे देवर इन्द्र मोहन और अन्य परिवारी जनों के द्वारा संपत्ति और नौकरी की फंड का गमन करने के लिये मेरे खिलाफ षड्यंत्र किया गया है।

जिसका लाभ उठाकर विरोधी उनकी जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे हैं इस मामले में उन्होंने मांट तहसील में उपजिलाधिकारी से लेकर मथुरा में जिलाधिकारी तक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगा चुकी हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है आरती गौतम के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मांट को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश भी दिए थे लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा एक्सप्रेसवे के कर्मचारी ने की छत कूदकर आत्महत्या

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला गंगा धाम में रह रहे गंगा एक्सप्रेसवे के एक कर्मचारी ने तीसरी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह गंगाधाम बिलग्राम में एक मकान में किराये से रह रहे अवधेश चौधरी उर्फ भोला निवासी ग्राम नगला मोहर सिंह पोस्ट छटीकरा थाना छटीकरा जनपद मथुरा ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक निर्माणाधीन गंगा एक्स्प्रेस वे में कार्य करता था। गंगा एक्सप्रेसवे के मैनेजर ने पुलिस को बताया कि पांच कर्मचारी एक साथ एक मकान में तीसरी मंजिल पर किराए पर रहते थे। सोमवार सुबह अवधेश का शव छत के नीचे सड़क पर मिला वह खून से लतपत था। परिवार में सूचना दे दी गई है। सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया परिवार के लोग आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। आत्महत्या की बात सामने आ रही है। कारण क्या है इस बात का पता नहीं चल रहा है।

### एसपी ने की जनसुनवाई, थाना प्रभारियों को निर्देश



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें। बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कि। सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई जन सुनवाई मे लगभग 73 शिकायत को सुना गया । जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।

### भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली शौर्य यात्रा



**उन्नाव।** आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपरांत अपने देश के वीर सैनिको के शौर्य व पराक्रम के गौरवशाली उपलब्धि को सम्मान देने के उपलक्ष्य में व बहनों के सिंदूर का बदला लेने पर बहनों द्वारा नगर के रामलीला मैदान से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित द्वारा शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रीति सिंह अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, न्यायपीठ उपस्थित रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी बहन अनुराधा सिंह व बहन सुरुचि अग्रिहोत्री की गरिमामई उपस्थिति रही। साथ में शहनाज, ललिता मिश्रा, ममता द्विवेदी, दिव्या, ममता सिंह, प्रीति शर्मा, शोभा व अन्य बहनों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# निपुण हुए स्कूलों को मिला प्रशस्ति प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता



- हाईटेक हो गया बिलग्राम का बीआरसी सेंटर

**हरदोई।** बिलग्राम ब्लॉक रिसोर्स सेंटर का कायाकल्प हो गया है। नवीन टेक्नोलॉजी के साथ हाइटेक हुआ बिलग्राम का बीआरसी केंद्र जिले का सबसे आधुनिक केंद्र बन गया। सोमवार को इसका लोकार्पण कर दिया गया।

ब्लॉक के सभी शिक्षको की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह,चेयरमैन अनिल राठौर, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष शकील अहमद ने मिलकर लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अब शैक्षिक सेवाएं बढ़ेगी। ब्लॉक में सबसे अधिक 72 विद्यालय जिन्होंने सरकार की ओर से चल रहे निपुण लक्ष्य अभियान को प्राप्त किया उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रशस्ति पत्र का प्रमाण पत्र भी डीएम मंगला प्रसाद सिंह ,सीडीओ सौम्या गुरुरानी, बीएसए विजय प्रताप सिंह की तरफ से दिया गया।नए बीआरसी केंद्र में अब नवीन कंप्यूटर रूप, मीटिंग हॉल ,कॉन्फ्रेंस हॉल,ट्रेनिग हाल दफ्तर, वीडियो कांफ्रेंस सिस्टम वाई-फाई सुविधा सहित तमाम टेक्नोलॉजी लगाई गई है। आयोजन में प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष बृजमोहन महामंत्री विनय यादव, राहुल शक्य अभिषेक शर्मा, आशीष तिवारी,अखिलेश श्रीवास्तव शमीम आरा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# बड़े सौभाग्य से मिली है श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पहरे की जिम्मेदारी

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** श्री कृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था का कार्यभार संभालते हुए एसपी सुरक्षा ने अपने जीवन को धन्य बताते हुए कहा भगवान कृष्ण की नगरी में बिना उनकी कृपा की किसी की पोस्टिंग नहीं होती है। उनकी पोस्टिंग तो जन्मस्थान के पहरेदार के रूप में हुई है। 25 साल की नौकरी में उनका सौभाग्य है कि उन्हें मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली है। 1999 बैच के पीपीएस अधिकारी राजकुमार अग्रवाल ने रविवार को एसपी सुरक्षा का चार्ज ग्रहण किया। चार्ज ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधीनस्थों से मुलाकात की। औपचारिक मुलाकात में उन्होंने सभी का परिचय प्राप्त किया। मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि हमीरपुर के रहने वाले हैं सबसे पहली पोस्टिंग हापुड़ में हुई थी। इसके बाद 3 साल तक बरेली में एसपी देहात, कानपुर में एसपी सिटी के पद पर ढाई साल, प्रतापगढ़, लखनऊ और फिर बरेली में तैनाती मिली।

# एक बार फिर लखनऊ का सर्वश्रेष्ठ स्कूल बना सीएमएस

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस को एक बार फिर से लखनऊ के 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल' के खिताब से नवाजा गया है। शैक्षिक पत्रिका 'एजूकेशन वर्ल्ड' द्वारा जारी की गई 'एजूकेशन वर्ल्ड ग्रैण्ड ज्यूरी इण्डिया स्कूल रैंकिंग 2024-25' में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ने लखनऊ का नम्बर 1 स्कूल होने का गौरव प्राप्त किया है जबकि प्रदेश में दूसरी व देश में छठी रैंकिग अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि देश भर के दो हजार से अधिक 'को-एड डे स्कूलों' के आकलन में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस को विभिन्न मानकों के आधार पर 'असाधारण लीडरशिप कैटेगरी' में नं. 1 स्कूल चयनित किया गया है। इस रैंकिंग के अन्तर्गत देश भर के टॉप स्कूलों को 14 मानकों पर आंका गया, जिनमें ऐकेडमिक रेप्यूटेशन, कम्पीटेन्स ऑफ फैकल्टी, करीकुलम एण्ड पेडागाजी, लीडरशिप/मैनेजमेन्ट क्वालिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिटी सर्विस, वैल्यू फॉर मनी आदि प्रमुख हैं। शैक्षिक क्षेत्र में एजूकेशन वर्ल्ड पत्रिका के सर्वेक्षण को बहुत ही विश्वसनीय माना जाता है। इस सर्वेक्षण में शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े लोगों, अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यो, शिक्षाविद्ों व सीनियर छात्रों के विचारों को भी शामिल किया गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कियान्वयन, पर्यवेक्षण एंव समीक्षा किये जाने हेतु आज मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्वर्ण जयन्ती सभागार विकास भवन मे बैठक की गयी। जिसमें सभी अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं वेण्डर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सभी अधिशासी अभियन्ता वेण्डर्स की आने वाली समस्याओं का निराकरण हेतु नोडल अधिकारी को नामित करेगें जिसकी सूचना परियोजना अधिकारी यूपीनेडा एवं समस्त वेण्डर्स को अवगत करायेगें। उन्होंने निर्देश दिये कि डीसीआर पैनल की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना से पूर्व उपभोक्ता यह सुनिश्चित कर ले कि संयन्त्र की स्थापना यूपीनेडा की पंजीकृत फर्म से ही करायें। परियोजना अधिकारी, खुर्शीद फारूक ने बताया कि जनपद को आंवटित लक्ष्य 3,528 के सापेक्ष वर्तमान में 783 सोलर पावर प्लान्टों की स्थापना कराई जा चुकी है।

# महाराजा सूरजमल की मूर्ति की स्थापना को लेकर जाट महासभा ने दिया ज्ञापन

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** अखिल भारतीय जाट महासभा के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय पर एसडीएम छाता को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में अखिल भारतीय जाट महासभा ने मांग की है कि महाराजा सूरजमल जी की मूर्ति मथुरा महानगर की किसी प्रमुख चौराहे पर लगाई जाए।

अखिल भारतीय जाट महासभा युवा मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल बिश्बेन्द्र चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक महान जाट राजा थे जिन्होंने अपने जीवन में कई युद्ध लड़े और हिंदुओं की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनकी वीरता और बलिदान को देखते हुए, हमें लगता है कि मथुरा शहर के किसी प्रमुख चौराहे उनकी मूर्ति लगाना आवश्यक है। और बताया कि महाराजा सूरजमल ने हिंदुओं की रक्षा के लिए मुगलों से कई बार युद्ध लड़ा था मथुरा जनपद में भरतपुर राजघराने की मथुरा मे सैकडो बीगा जमीन है।

# सत्गुरु का नामदान ही कल्याणकारी : पंकज

अवधनामा संवाददाता



- जयगुरुदेव आश्रम में वार्षिक भंडारा सत्संग में भक्तों को बताई सत्गुरु की महिमा

**मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के तीसरे दिन संस्थाध्यक्ष पंकज महाराज ने श्रद्धालुओं को नामदान देकर, सत्गुरु महिमा, शाकाहार प्रचार और शब्द, नाम कमाई करने पर जोर दिया कहा कि वह कुल मालिक जब किसी जीव को पार करना चाहता है, तो किसी संत के जरिये अपना भेद प्रकट करता है। भवसागर से पार होने की इच्छा रखने वालों को संत की खोज कर, उनकी सेवा, सत्संग और नाम की कमाई करनी चाहिये।

उन्होंने कहा अपने सत्गुरु का नाम दान ही कल्याण कारी है। उन्होंने बाबा जयगुरुदेव जी महाराज द्वारा 1970 के दशक में की गई भविष्यवाणियों की तरफ इशारा किया यदि लोग शाकाहार और नशामुक्त जीवन शैली नहीं अपनायेंगे तो पहले बीमारियों की आंधी चलेगी फिर तुफान आयेगा और फिर सुनामी आयेगी। कोरोना महामारी का दुःखद दृश्य देखा गया। लोगों को आक्सीजन का एक सिलेण्डर तक नहीं मिल पाया। उन्होंने भक्तों से अपील कि आप शाकाहारी रहे और नशीली वस्तुओं का सेवन बन्द कर दें। जब आप राम, कृष्ण, बजरंग बली और बौद्ध को मानते हैं तो उनके आदर्शों पर चलना भी सीखें। उन्होंने सत्संग प्रेमी भाई-बहनों से शाकाहारी-सदाचारी मद्यनिषेध के प्रचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिये एक-एक गांव गोद लेने के लिये संकल्प लें और बराबर प्रचार करते रहें। जयगुरुदेव नाम योग साधना मन्दिर में पंकज बाबा ने पूजा कर लोगों के लिये कल्याणकारी प्रसाद तैयार किया।

# पुलिस की सतर्कता से सकुशल मिला लापता बच्चा

अवधनामा संवाददाता

- नगर की जनता ने की सराहना



**बिलग्राम।** बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक 8 वर्षीय मासूम के लापता होने से हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर बिलग्राम कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल खोज निकाला और परिवार को सौंप दिया।

लापता बच्चा पवन पुत्र अशोक निवासी रेलवे कालोनी गंगा धाम है, जिसकी उम्र लगभग 8 वर्ष है। जैसे ही परिजनों ने बच्चे की गुमशुदगी की सूचना दी, कोतवाल राकेश कुमार ने मामले की गंभीरता को समझते हुए हेड कांस्टेबल रजनेश कुमार व कांस्टेबल अभिषेक तोमार योगेश गोस्वामी कंस्टेबल विवेक शक्ति चौहान नागर के साथ मिलकर खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम की सूझबूझ और मेहनत के चलते मासूम को सुरक्षित वापस लाना संभव हुआ।

बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं कोतवाली क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की जमकर सराहना की। इस कार्य से बिलग्राम कोतवाली की छवि और मजबूत हुई है।

वहीं बिलग्राम कोतवाल राकेश कुमार ने बच्चों को टॉफी चॉकलेट कोल्डिंग देकर बच्चे के पिता का दिल जीत लिया बच्चे के पिता नें बिलग्राम पुलिस की जमकर सराहना की।

# महिला से हार छीनकर भागे दो गैंगस्टर मुठभेड़ में घायल

- देर रात पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान बदमाशों को किया था रोकने का प्रयास
- गैंगस्टरों ने की फायरिंग, जबावी हमले में पुलिस ने दोनों के पैर में मारी गोली
- 12 मई की शाम 6 बजे दिया था घटना को अंजाम, पुलिस टीमों को मिलेगा पुरुस्कार



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर में 12 मई 2025 को हुई एक सनसनीखेज लूट की घटना के बाद देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इस मुठभेड़ में दो गैंगस्टर, जो एक महिला से सोने का हार छीनकर फरार हुए थे, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए। दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।यह मामला 12 मई 2025 की शाम करीब 6 बजे का है, जब ललितपुर के कोतवाली क्षेत्र के राजघाट 9 नंबर पुलिया के पास ग्राम जिजयावन निवासी रंजीत सिंह अपनी पत्नी मीना और पत्नी की बहन के साथ मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के चंदेरी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रंजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब वे राजघाट पुलिया के गेट नंबर 1 के पास पहुंचे, तभी पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका। बदमाशों ने रास्ता पूंछने का बहाना बनाया और बातचीत के दौरान मौका देखकर रंजीत की पत्नी के गले से सोने का हार छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश तेजी से फरार हो गए। रंजीत ने बताया कि बदमाशों की मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट नहीं थी, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। लूट की इस घटना के बाद रंजीत ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मुकदमा संख्या 586/2025, धारा 318(4) और 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महकमे ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी, और एसपी ललितपुर मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) और तेज तर्रार सीओ सदर अजय कुमार के नेतृत्व में चार विशेष टीमें गठित की गईं। इनमें कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम, और एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) शामिल थीं।

### एक सैकड़ा से अधिक खंगाले गये सीसीटीवी

पुलिस ने मामले की जांच के लिए तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया और घटनास्थल के आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इन फुटेज के विश्लेषण से पुलिस को बदमाशों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में जाल बिछाया और वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया।

### मुठभेड़- बदमाशों ने की फायरिंग, पुलिस ने दिया जवाब

देर रात, पुलिस को सूचना मिली कि वांछित बदमाश मैलार गांव के पास नहर पटरी के रास्ते भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने तुरंत क्षेत्र में घेराबंदी की और वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान राजघाट डेम कॉलोनी की ओर से आ रहे दो बदमाशों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बदमाशों ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे जमीन पर गिर पड़े। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान उनके पास से लूटा गया सोने का हार, दो 315 बोर के देशी तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खाली खोखे, और घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की।

### बदमाशों का कबूलनामा

पूछताछ के दौरान दोनों बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल किया। उन्होंने बताया कि 12 मई की शाम वे राजघाट पुलिया के पास मौजूद थे, तभी उन्होंने बाइक सवार दंपत्ति को देखा। रास्ता पूछने के बहाने उन्होंने दंपत्ति को रोका और मौका देखकर महिला के गले से सोने का हार छीन लिया। लूट के बाद पुलिस कार्रवाई के डर से वे लगातार जगह बदलकर छिपते रहे। मुठभेड़ की रात वे लूटे गए माल का बंटवारा करने के लिए जंगल की ओर जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

## शादी समारोह में बाइक सवार बदमाशो ने वृद्ध से छीना रूपयो भरा बैग

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र स्थित चौहान गेस्ट हाउस में शनिवार देररात आयोजित एक शादी समारोह के दौरान एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग से नगदी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। बैग में शादी के खर्च के लिए रखे गए लगभग 70 हजार रुपये नकद थे। घटना ग्राम जंगलाखेड़ा निवासी रामसजीवन यादव के साथ हुई जो अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने चौहान गेस्ट हाउस आए थे। विवाह ग्राम केसवापुर थाना आसीवन में तय हुआ था। देररात करीब गेस्ट हाउस के मुख्य द्वार पर खड़े रामसजीवन से अपाचे बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका बैग छीन लिया और तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और माखी थाना पुलिस सक्रिय हो गई। क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित से पूरी जानकारी ली और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

# 2027 में बनेगी पीडीए की सरकार: डॉ. रामकरन निर्मल

**अवधनामा संवाददाता**

- कार्यकर्ता सम्मलेन समाजवादी लोहिया वाहिनी में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रामकरन निर्मल

**उन्नाव।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता सम्मलेन को सम्बोधित करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल, कार्यकर्ता सम्मलेन के आयोजक जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी राहुल अग्निहोत्री ने प्रदेश अध्यक्ष का 51 किलो की माला अंगवस्त्र एवं भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी पदाधिकारियों के साथ भव्य स्वागत किया। डॉ रामकरन निर्मल ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने भाषण में भाजपा की दूषित मानसिकता को उजागर करते हुए बताया कि दलितों, पिछडो और अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे घोर अत्याचार किसी से छुपे नहीं हैं ये वो लोंग हैं जो केवल जुमलेबाजी से अपनी सत्ता पर कबीज बैठे हैं वक्त आ गया हैं इनकी घर वापसी करने का हम सबको एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए 2027 में पीडीए की सरकार बनानी हैं, तो वही लोहिया वाहिनी के महासचिव अमरेंद्र आर्य ने भाजपा को अपने सम्बोधन में घेरते हुए कहा कि बेरोजगारी और महंगाई से जनता का हॉल बेहाल हैं न तो सरकारी नौकरी न ही किसी तरह का कोई रोजगार केवल और केवल अपनी बातों में एवं झूठे ख्वाब दिखाकर राजनैतिक रोटी सेकने का काम भारतीय जनता पार्टी लगातार करती आई हैं अब सही समय आ रहा हैं इनको सत्ता से बाहर करने का, फ्रंटल संगठन के अध्यक्ष अंकित यादव, अमन अंजुम, लकी यादव सहित समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री के नेतृत्व में अलग अलग विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता साथियो ने मौजूद होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ राम करन निर्मल की संस्तुति पर विवेक सोनकर को जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मो अजीज़, शोएब अली को लोहिया वाहिनी का जिला सचिव का मनोनयन पत्र देकर संगठन में शामिल किया गया। कार्यक्रम में मुकेश मिश्रा, जीशान खान, मुकेश रावत, धर्मेंद्र चौधरी, अंशु रावत, गोपी विश्वकर्मा, मो रिज़वान, मो मोबीन, राहुल द्विवेदी, विकास विमल सहित अन्य कई समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गंगाघाट पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एक बार फिर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** गंगाघाट नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय को मुंबई पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एक पूर्व के मामले से जुड़ी रेप पीड़िता को कथित रूप से ईमेल के जरिए अश्लील वीडियो भेजने और 50 लाख रुपये की डिमांड करने के आरोप में की गई है। मुंबई पुलिस की टीम ने रविवार को पाण्डेय को उनके गंगाघाट स्थित कैंप कार्यालय के बाहर से उस समय गिरफ्तार किया जब वह अपनी फॉर्च्यूनर कार से उतर रहे थे। जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने लगभग एक माह पूर्व मुंबई के मीरा रोड पुलिस स्टेशन में संदीप पाण्डेय के खिलाफशिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि पाण्डेय ने उन्हें ईमेल के माध्यम से एक अश्लील वीडियो भेजा और 50 लाख रुपये की मांग की। मुंबई पुलिस की जांच में भेजे गए ईमेल और वाईफाई नेटवर्क की लोकेशन संदीप पाण्डेय के पते से मेल खाने की पुष्टि हुई थी। इसी जांच के आधार पर मुंबई पुलिस की एक टीम, जिसमें इंस्पेक्टर राम किशन शामिल थे, पीड़िता को लेकर रविवार को गंगा घाट, उन्नाव पहुंची। पहले से मुस्तैद टीम ने जैसे ही संदीप पाण्डेय अपने कैंप कार्यालय के बाहर कार से उतरे, उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के दौरान मुंबई पुलिस के पास संदीप पाण्डेय का गिरफ्तारी वारंट नहीं था, जिसको लेकर स्थानीय गंगा घाट पुलिस और मुंबई पुलिस के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धाराओं को लेकर घंटों तक बहस और तर्क-वितर्क होता रहा। अंततः, मुंबई पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर आरोपी को मुंबई कोर्ट में पेश करने की दलील देते हुए कागजी कार्यवाही पूरी की गई।

## कंटेनर-रोडबेज भिड़न्त में 14 लोग घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली की गंजमुरादाबाद पुलिस चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह कंटेनर और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा हरदोई रोड पर सुल्तानपुर गांव के पास हुआ, जिसमें 14 लोग घायल हो गए। घायलों में से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गंजमुरादाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को सीएचसी गंजमुरादाबाद भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 5 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रशासन ने जानकारी दी कि घटनास्थल पर कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और सड़क पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरटेक की कोशिश को हादसे की वजह माना जा रहा है। हादसे के चश्मदीदों के अनुसार भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बस और कंटेनर दोनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

# नर्सरी में पाथ-वे व लाइटिंग कराने से हजारों लोग होंगे लाभान्वित

- अठारह एकड़ की विशालकाय नर्सरी से सीनियर सिटीजनों को भी मिलेगा लाभ
- मोहल्लेवासियों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन, उठायी कार्यवाही की मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर के वार्ड संख्या 15 गांधीनगर प्रथम में उद्यान विभाग की नर्सरी में पाथ-वे एवं लाइटिंग कराये जाने की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने लामबंद होकर पार्षद मनमोहन चौबे एड. के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि गांधीनगर प्रथम में उद्यान विभाग की नर्सरी स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 18 एकड़ है। बताया कि इस विशालकाय नर्सरी में चारों ओर पाथ-वे बनाकर व लाइटिंग करा दिया जाये तो यह वार्ड संख्या 15 से लगे करीब 6 वार्ड के करीब 50 हजार लोगों को घूमने और स्वच्छ वातावरण देने में एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

बताया कि जो सीनियर सिटीजन इन वार्डो के मोहल्लों से दूर स्थित कम्पनी बाग या फिर कर्माबाई पार्क इत्यादि नहीं जा पाते हैं, उनके लिए यह मुफीद स्थान बन सकेगा। नर्सरी में पाथ-वे बनाये जाने और लाइटिंग कराये जाने की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने डीएम से मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पार्षद मनमोहन चौबे एड., पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया, महेन्द्र अग्निहोत्री, विनोद कुमार भौंड़ेले, परमानंद तिवारी, मदनमोहन शर्मा, संदीप गोस्वामी, परमानंद, अंकित पटैरिया, मोन्टी शुक्ला, मोनू रिछारिया, आनंद पटैरिया, आदर्श रावत, सूर्यकांत बबेले, सौरभ पाठक, संदीप गोस्वामी, महेश अग्निहोत्री, कल्लू बबेले, मनमोहन बबेले के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए एकेडमी की स्थापना की गयी

**सम्भल।** रविवार को सरवर हुसैन इण्टर कॉलेज नूरियों सराय मे इंडियन क्रिकेट एकेडमी का उदघाटन ब्लॉक प्रमुख हृदेश यादव ने फीता काट किया उन्होंने कहा खेल बहुत जरूरी हैं क्योंकि इससे बच्चे स्वस्थ रहते ।इस मौके पर प्रधानाचार्य शबाब आलम ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया शबाब आलम ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेना जरूरी है ना की जीतना बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए एकेडमी की स्थापना की गया है बच्चों में बहुत टेलेंट है बस उसे बाहर निकालना है जिसके लिए एकेडमी का होना आवश्यक है बच्चों को कोचिंग के लिए अच्छे ट्रेनर की जरूरत होती हैं जो एकेडमी में ही मिल सकता है।इस मौके पर प्रधानाचार्य शबाब आलम के साथ अध्यापक गण और अनेक लोग मौजूद रहे।मुसाहिब हुसैन ,मौलाना सफी असगर नजमी सिरसवी पेकर संभाली कायम रजा हैदर मेहदी चंद्रप्रकाश निशा भारती अब्बास मास्टर साहब रमीज रईस शफी सर विनोद गुप्ता आदर्श इण्टर कॉलेज नवाब आलम पूर्व मैनेजर शाह आलम सरफराज शहीद हुसैन क्रिकेट क्लब गाजियाबाद कहकशा मेहनाज खुश मिजाज खलीक हैदर पॉपर्टिडलर अमरोहा हैदर बकरी जहां आर नगला और मैनेजर तहमीदे जहरा सरवर हुसैन इण्टर कॉलेज आदि मौजूद रहे।.

## टीएसआई के वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार व क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात उप निरीक्षक अरशद अली द्वारा नगर व आस पास में यातायात जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। रविवार को यातायात उप निरीक्षक अरशद अली द्वारा पीडब्लूडी तिराहे पर टाटा 207 लोडर को चेक किया गया जिसमें 2023 से फिटनेस नहीं कराई गई थी। जिसे टीएसआई ने सीज कर कोतवाली में खड़ा करा दिया। यातायात उप निरीक्षक द्वारा बताया गया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा। वही टीएसआई ने बिना रजिस्ट्रेशन, बिना फिटनेस और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलानें की अपील की। इसी क्रम में टीएसआई ने बताया कि उच्चाधिकारीयों द्वारा निर्देशित किया गया है कि यदि किसी वाहन पर तीन से अधिक चालान बकाया पाए जाते है तो उस वाहन का रजिस्ट्रेशन तथा उस वाहन के चालक का लाइसेंस निलंबन एवं वाहन सीज की कार्यवाही की जाएगी।

# हवन पूजन से प्रसन्न होकर देवता देते हैं मनवांछित फल

- श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन पूजन, नगर भोज में उमड़े श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला गांधीनगर द्वितीय वार्ड नंबर 4 में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सोमवार को हवन-पूजन व भंडारा के साथ संपन्न हुई । श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास महामंडलेश्वर अमरदास जी महाराज ने सात दिनों तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बतायी। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुडने और सत्कर्म करने को कहते हुए बताया कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। उन्होंने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन करते हुए कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं. हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है, जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन सोमवार को विधि-विधान से पूजा करवायी। हवन पूजन के बाद देर शाम तक भंडारा चलता रहा। कथा श्रवण करने आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। हवन पूजन के बाद दोपहर में कन्याओं को प्रसाद कराया गया, तत्पश्चात नगर भोज में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान इस मौके पर कथा आचार्य अटल दुबे, अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह बुंदेला, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाठक, मुख्य यजमान पार्षद पुष्पा अरविंद राजा, राजीव कटारे, पुजारी अवध बिहारी उपाध्याय, बृजभूषण कटारे, हरीनारायण चौबे, अवध बिहारी उपाध्याय, कमलेश शास्त्री, अक्षय वोहरे, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, राजीव गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला, मनीष श्रीवास्तव, भरत दुबे दिनेश पाठक, अशोक श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश दुबे जिला शासकीय अधिवक्ता, राकेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, पत्रकार विनीत चतुर्वेदी, ललित रावत, मनोज पस्तोर, विजय मिश्र, बसंती दुबे, रमाकांत दुबे, जगदीश पाठक, नरेंद्र चोबे, हेमंत नायक ऐरा, आशीष सिंह, डा चन्दन पाल, मोनू श्रीवास्तव, अधयांश बुंदेला, अटल दुबे, अनिल कौशिक, पंकज श्रीवास्तव, मंजू वैध, रूपेंद्र बुंदेला, दीपक मिश्रा, राजा जी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ के द्वारा आचार्य जी द्वारा भागवत कथा सुनाई

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ द्वारा कल्कि प्राकट्य स्थल में 12 कथा 12 माह 12 तीर्थ पर 68 तीर्थो 19 कूपों और 24 कोशी परिक्रमा के महात्म को कथा में आज रुक्मणी विवाह के साथ कल्कि तीर्थ के महात्म सुनाया राष्ट्रीय कल्कि स्वयसेवक संघ के उपाध्यक्ष राकेश वार्ष्णेय राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमा गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अपना नितिन द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताया श्री श्री 1008 मधुसूदन आचार्य जी ने कल्कि नगरी का महात्म बताया संघठन के सभी सदस्य शामिल हुए देहरादून से शिव ओम शुक्ला जी ने सम्भल महात्म पर चर्चा की कौशल प्रजापति एडवोकेट ललित गुर्जर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता हरि गुप्ता कथा वाचक श्री सुमित सुगम ने मधुर भजन सुनाए बाबा अमरनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा अपनी पूरे संघठन के साथ आए राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ के सभी का स्वागत व सम्मान किया राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ के कोषाध्यक्ष अपना नितिन ने कथा कराने का उदेश्य बताया की सम्भल के 68 तीर्थ 19 कूपों के महत्व बताये गये जिसमें प्रथम कथा हरि हर मंदिर के निकट सनातन धर्म पंजाबी मंदिर से शुरुआत हुई आज कथा के




छठे दिन श्री श्री मधुसूदन आचार्य जी के श्रीमुख से कहा गया कार्यक्रम में पंजाबी मंदिर सम्भल में राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ के द्वारा सनातन धर्म में आस्था रखने वाले सेंकड़ों भक्तजनों द्वारा कल्कि भगवान की कथा सुनी तथा कृष्ण भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया सभी भक्तगणो द्वारा संगठन के सम्बंध में चर्चा की जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,सीतापुर महंत सुनील कुमार शुक्ला जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश वार्ष्णेय नितिन गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष हेमा गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर जिलाध्यक्ष सम्भल राष्ट्रीय गुर्जर महासभा प्रतीक प्रजापति कौशल प्रजापति प्रांत क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद सैनी जिला उपाध्यक्ष मोनू सैनी जिला सचिव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने स्वीमिंग पुल में डूबे बालक के परिजनों से व्यक्त की

- मृतक परिजनों को दस लाख की आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** विगत दिन पूर्व आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे कट के पास बिना अनुमति के कानून की अवहेलना करते हुए चल रहे स्वीमिंग पूल में नगरिया तालपर निवासी इस्तिखार उर्फकल्लू के 10 वर्षीय पुत्र ईशान हुसैन जो कि कक्षा 03 का विद्यार्थी था। स्वीमिंग पूल में डूब कर उस बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी थी। उनके आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि इस दुःख के समय कांग्रेस परिवार उस मृत बच्चे के पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उस बच्चे की आत्मा को शांति दे। जिलाध्यक्ष ने शासन और प्रशासन से मांग करते हुये कहा कि उक्त हृदय विदारक घटना के दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाये और मृतक बच्चे के परिजनों को दस लाख की आर्थिक मदद दी जाए और बिना अनुमति और सुरक्षा की व्यवस्था किये बिना, सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन की अवहेलना करते हुए इस स्विमिंग पूल के स्वामी के ऊपर कठोरात्मक कार्यवाही की जाए। अन्य मानक विहीन स्विमिंग पूल को भी बन्द करवाया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार के घटना न हो पाए। इस दौरान पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव संजय पौल, वरिष्ठ नेता हरी शंकर मिश्रा एडवोकेट, प्रदेश सचिव सेवादल विनोद दुबे पप्पू, वेंकटेश नारायण शुक्ला एडवोकेट, शशिकान्त गुप्ता, छुट्टन नम्बरदार, आमिर खान, मलखान सिंह पाल, सलमान खान, सतेन्द्र त्रिपाठी, सभासद इज़हार आलम, पूर्व सैनिक रामेश्वर दयाल, मेराज वारसी, शाकिर भैय्यू, प्रधान सरफुद्दीन मंसूरी मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई जी ने जन सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया: अर्चना

**उन्नाव।** भाजपा जिला कार्यालय में पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला-कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा सम्मिलित हुईं। अर्चना मिश्रा ने बताया माता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी के साहस, पराक्रम और समपर्ण की प्रतिमूर्ति हैं। अहिल्याबाई ने जनसेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों का भी दृढ़ता से सामना करते हुए नारी उत्थान के लिए माता अहिल्याबाई के द्वारा किये गए प्रयासों को हम नमन करते हैं। अनुराग अवस्थी ने कहा भाजपा ने माता अहिल्याबाई सहित हमारी सभी वीरांगना मातृशक्तियों को सम्मान दिलाने का काम किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर और भाजपा प्रेरणा पुंज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर हुआ।

# समर कैंप्प आयोजित कराने के लिए बैठक का आयोजन

**माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश में 21 मई से 10 जून तक समर कैम्प आयोजित कराने के लिए बैठक का किया गया आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में 21 मई से 10 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शासन के निर्देशों के क्रम में समर कैम्प आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार द्वारा समर कैंप के अंतर्गत कराए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त प्रधानाचार्य को कहा कि समर कैंप के आयोजन से विद्यार्थी नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करना , विद्यार्थियों में टीमवर्क आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना ,विद्यार्थियों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना ,ग्रीष्मावकाश में खेलकूद कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास करना है। जिलाधिकारी ने समस्त प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में समर कैंप की गतिविधियों का आयोजन कराया जाए जो बच्चे समर कैम्प में प्रतिभाग करने के लिए सहमत हैं तथा उत्साहित हैं उनको प्रतिभाग कराया जाए। समर कैम्प में संगीत, सिलाई कढाई, चित्रकारी, गीत, नृत्य ,खेल आदि गतिविधियों को कराया जाए। बच्चों को स्थानीय जानकारी, जनपद की तहसील, ब्लॉक, जनपद की सीमा से कौन कौन से जनपद की सीमा जुड़ी है, जनपद का ऐतिहासिक महत्व तथा यहाँ की भौगोलिक स्थिति आदि के विषय में भी बताया जाए। जिलाधिकारी ने 12 पुस्तिकाएं जोकि ज्ञानवर्धक हैं तथा कुछ सीख देती है पर चर्चा की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इन पुस्तिकाओं को अध्यापकों एवं छात्र एवं छात्राओं को पढना चाहिए। जिलाधिकारी ने शासन की प्रमुख योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के फायदों के विषय में भी जागरूक किया। जिलाधिकारी ने जुलाई में माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों का एक सप्ताह के प्रशिक्षण कराने के लिए भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की पढाई के साथ साथ अन्य प्रतिभाओं का निखार होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती ने कहा कि समर कैम्प में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेल कराएं इससे बच्चों के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि समर कैम्प का आयोजन भव्य रुप में किया जाएगा तथा समर कैम्प का आयोजन उसी विद्यालय में किया जाएगा जिस विद्यालय में छात्र एवं छात्राएं पढते हैं। उन्होंने कहा कि समस्त प्रधानाचार्य अभिभावकों से सहमति पत्र भी प्राप्त कर लें।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने पुस्तकालयों में एक हजार से अधिक भारतीय खेल, रमणीय वृक्ष, दिवास्वप्न, भारत भारती पुस्तक का भी समावेश करें तथा शिक्षक एवं बच्चे इन पुस्तक को पढ़ शिक्षा से जुड़े बहुत से बिन्दुओं को अच्छे से समझ सकते हैं।

# टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

**कराची।** पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। अगर पाकिस्तान नहीं खेलता है तो उनके लिए विश्व कप के लिए क्वालिफाई करना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया (एचआई) ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहे हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन हम इस मुद्दे पर सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे,

**महासंघ**

**पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे।**

जैसा कि पहले भी होता रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए बर्बर हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम अभी कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।

पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड



और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। अधिकारी ने कहा, हम एशिया कप के जरीये विश्व कप में जाने का अवसर नहीं खोना चाहते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि इसका एक समाधान यह हो सकता है कि इस आयोजन को भारत से स्थानांतरित कर दिया जाए या एएचएफ हमारी टीम के लिए वीजा की गारंटी दे।

पीएचएफ अधिकारी ने कहा कि 2026 की शुरुआत में विश्व कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, लेकिन एशिया कप क्वालिफाई करने का अच्छा मौका है। पाकिस्तान 2023 में भारत में आयोजित पिछले विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया था। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भाग लेने वाले हैं। पाकिस्तान को अगर भारत आने की अनुमति नहीं मिलती है, तो टूर्नामेंट का आयोजन सात टीमों या पाकिस्तान की जगह नई टीम के साथ हो सकता है। यह फैसला हालांकि पूरी तरह से एशियाई हॉकी महासंघ के हाथों में होगा। इससे पहले 2016 में पठानकोट 'एयर बेस' पर आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद भारत में आयोजित जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान ने हिस्सा नहीं लिया था। इस टूर्नामेंट में मलयेशिया ने पाकिस्तानी टीम की जगह ली थी।

**एशियाई हॉकी महासंघ करेगा फैसला**

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने कहा, सरकार अगर पाकिस्तान की टीम को भारत यात्रा करने की मंजूरी नहीं देती है तो वह भारत नहीं आएगा। यह सब उस समय सरकार की स्थिति पर निर्भर करता है।अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अभी यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि ऐसी स्थिति में कोई नयी टीम शामिल की जाएगी या यह सात टीमों का टूर्नामेंट होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा।

# फेडरेशन कप में खेलेंगी मजदूरों की बेटियां, किसी ने नेशनल खेला, कोई है फॉरवर्ड खिलाड़ी

**वाराणसी।** हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन होने से युवा खिलाड़ी काफी खुश हैं। उनके परिवार में भी खशुी का माहौल बना हुआ है। गांव के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। हर कोई भगवान से प्रार्थना कर रहा है कि बेटियां अपने खेल में जीतकर लौटे।

वाराणसी के ग्रमीण क्षेत्र के मजदूर की बेटियों का हैंडबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता फेडरेशन कप के लिए चयन हुआ है। इसमें हिस्सा लेने के लिए चयनित चारों खिलाड़ी गोरखपुर शिविर में अभ्यास कर रहीं हैं।

36वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला-पुरुष फेडरेशन कप हैंडबॉल प्रतियोगिता गोरखपुर में 23 से 26 मई तक खेली जाएगी। प्रादेशिक टीम के शिविर में मजदूरों की बेटियां वाराणसी की रेशमा यादव, नैना यादव, उषा प्रजापति और सुमन यादव शामिल हैं। चारों खिलाड़ी राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वे बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में डॉ. आशा



सिंह की देखरेख में अभ्यास करती हैं। वाजिदपुर निवासी सुमन यादव तीन नेशनल खेल चुकी हैं। उनके पिता राजगीर मिस्त्री हैं। उन्हें विपक्षी खिलाड़ी को छकाते हुए जंप लेकर तेज शॉट मारने में महारत है। चमाव निवासी रेशमा यादव खेलो इंडिया यूथ नेशनल में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित तीन नेशनल खेल चुकी हैं। पिता ठेकेदारी करते हैं। नैना यादव राष्ट्रीय खेलो के अलावा तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिता और फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेल चुकी हैं। फॉरवर्ड खिलाड़ी के पिता राजगीर मिस्त्री है।

हटिया निवासी उषा प्रजापति तीन नेशनल खेल चुकी हैं। उषा के पिता मिट्टी निकलने का काम करते हैं। कई बार शानदार गोलकीपिंग कर उत्तर प्रदेश को पदक दिला चुकी हैं।

## मनिका और मानव का विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जलवा बरकरार, दोनों दूसरे दौर में पहुंचे



**दोहा।** 22वीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। 22वीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया। 18 साल के अंकुर भट्टाचार्जी का सफर हालांकि शुरुआती दौर में खत्म हो गया। वह पुरुष एकल में हांगकांग के लैम सियू हैंग से 1-4 (11-4, 7-11, 9-11, 10-12, 8-11) से हार गये। युगल मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त मानुष शाह और दीया चिताले की जोड़ी ने अल्जीरिया के मेहदी बौलोसा और मालिसा नासरी पर 3-0 (11-2, 11-7, 11-6) से एकतरफा जीत दर्ज की।

# 90 मीटर पार करने वाले नीरज की गगन नारंग ने की तारीफ

**नई दिल्ली।** नारंग ने कहा, अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की मानसिक बाधा को पार करने के बाद स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के

**बाधा**

**एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।**

लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर। यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता थी।

कई और प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। इसलिए उस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि सही समय पर सही स्कोर प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।% उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए नीरज के लिए यह आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता ने प्रस्तावित निशानेबाजी लीग के बारे में आशा व्यक्त की जिसे नवंबर 2025



में शुरू किया जाना है। उन्होंने कहा, %हम लंबे समय से एक लीग के बारे में सोच रहे हैं। भारतीय निशानेबाज बुंदेसलीगा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाते हैं - अब समय आ गया है कि हम कुछ अलग करें।

### बोर्डो चैलेंजर का खिताब नहीं जीत सकी भांबरी-गैलोवे की जोड़ी

**नई दिल्ली।** भांबरी और गैलोवे से फाइनल में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खिताबी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे और खिताब जीतने से चूक गए। भांबरी और गैलोवे से फाइनल में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। इससे पहले, भांबरी और गैलोवे की जोड़ी ने सेमीफाइनल में राफेल माटोस और मार्सेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी को हराया था। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।

## अल्कारेज ने सिनर को हराकर इटैलियन ओपन का खिताब जीता


**रोम।** पिछले साल की शुरुआत से लेकर अब तक अल्कारेज ही एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सिनर को एक से ज्यादा बार हराया है। वह अब तक लगातार चार बार ऐसा कर चुके हैं।

दुनिया में मौजूदा समय में सिर्फ एक ही टेनिस खिलाड़ी है जो शीर्ष वरीय यानिक सिनर को पुरुष एकल में लगातार शिकस्त दे रहा है। इस खिलाड़ी का नाम है कार्लोस अल्कारेज। रविवार को भी इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में अल्कारेज ने सिनर को 7-6 (5), 6-1 से हरा दिया। इसी के साथ अल्कारेज ने अपना पहला इटैलियन ओपन का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही अल्कारेज ने क्ले-कोर्ट का एक बड़ा खिताब अपने नाम किया। अब वह आगामी फ्रेंच ओपन जीतने के लिए पसंदीदा माने जा रहे हैं।

पिछले साल की शुरुआत से लेकर अब तक अल्कारेज ही एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सिनर को एक से ज्यादा बार हराया है। वह अब तक लगातार चार बार ऐसा कर चुके हैं। फोरो इटालिको कोर्ट में सिनर के घरेलू प्रशंसकों के सामने स्पेन के अल्कारेज की जीत ने बताया कि क्यों उन्हें आने वाले समय का चैंपियन माना जाता है। इसी के साथ सिनर के लगातार 26 मैचों में जीत का सिलसिला भी टूट गया। सिनर अक्तूबर से लगातार जीतते आ रहे थे। इस मैच से पहले पिछली बार उन्हें चाइना ओपन में हार मिली थी और तब भी अल्कारेज ने उन्हें फाइनल में तीसरे सेट के टाईब्रेकर में हराया था।

अल्कारेज और सिनर के बीच अब तक 11 मुकाबले खेले गए हैं और स्पैनिश खिलाड़ी ने सात और सिनर ने चार मैच जीते हैं। इटैलियन ओपन का खिताब नहीं जीत पाने के बाद सिनर थोड़े निराश दिखे। हालांकि, तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था। वहीं, अल्कारेज ने अगले रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए पसंदीदा के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत किया।

# खत्म हुआ इंतजार, अनुपम खेर ने किया 'तन्वी द ग्रेट' की रिलीज डेट का एलान




**मुंबई।** अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर चर्चाओं में हैं। अनुपम इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। जहां काफी प्रशंसा भी मिली थी। अब अनुपम खेर ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म की कास्ट के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी है। वीडियो में वो फिल्म से जुड़े अनुभव साझा करते हैं। साथ ही फिल्म की शूटिंग के बारे में भी बात करते हैं। वीडियो में अनुपम भावुक नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अनुपम खेर ने फिल्म के बारे में बात करते हुए इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। अनुपम ने बताया कि फिल्म भारत में 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वीडियो साझा करते हुए अनुपम खेर ने ट्विटर पर वीडियो के कैप्शन में लिखा, कल रात 'तन्वी द ग्रेट' के वर्ल्ड प्रीमियर में सभी देशों के दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया से मैं बहुत प्रभावित और भावुक हूं। उन्होंने कहा कि यह एक यूनिवर्सल सब्जेक्ट है, जिसने लोगों के दिल को छू लिया। उन्हें सब कुछ बहुत पसंद आया, खास तौर पर लीजेंड एमएम करीम द्वारा तैयार किया गया फिल्म का संगीत। 18 जुलाई को हमारी फिल्म के प्यार, जादू और मेहनत को देखने के लिए आप सभी का इंतजार है। आपसे थिएटर में मिलते हैं। जय हिंद।

तन्वी द ग्रेट में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। जिसमें शुभांगी दत्त तन्वी के किरदार में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, इयान ग्लेन, पल्लवी जोशी, करण ठक्कर, नासिर और खुद अनुपम खेर शामिल हैं। फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है।

### 'अगर उकसाया गया तो पीछे नहीं हटेगा भारत', आतंकवाद पर रवि किशन ने दी चेतावनी

**मुंबई।** रवि किशन ने पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए ये साफ कर दिया है कि अगर पाकिस्तान ने उकसाया तो उसे करारा जवाब मिलेगा। अभिनेता और भाजपा सांसद रवि किशन अपने अभिनय के अलावा अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते हैं। रवि किशन अक्सर देश से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं। अब रवि किशन ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर भारत को उकसाया गया तो हम फैसला लेने से पीछे नहीं हटेंगे।

एएनआई के साथ बातचीत में रवि किशन ने आतंकवाद को लेकर भारत के रख के बारे में बात की। साथ ही पाकिस्तान को जवाब देने पर भी अपनी राय रखी। अभिनेता व सांसद ने कहा, ÷अगर उकसाया जाएगा तो आर्म फोर्सेस करारा जवाब देना जानते हैं।

# हॉरर से लेकर रोमांस तक, इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का फुल डोज

**मुंबई।** अगर मई की छुट्टियों को घर पर एंजॉय करना चाहते हैं, तो इस हफ्ते आपको ओटीटी पर फुल एंटरटेनमेंट मिलने वाला है। जानिए कौनसी फिल्में और सीरीज होंगी रिलीज।

मई का आधा महीना बीत चुका है और अब वक्त है गर्मियों की छुट्टियों का। ऐसे में छुट्टियों में हर किसी के लिए एंटरटेनमेंट भी काफी जरूरी हो जाता है। सिनेमाघरों के अलावा लोग घर पर बैठकर भी अपना एंटरटेनमेंट करना चाहते हैं। इसके लिए ओटीटी ने लोगों के पास कई विकल्प भी खोल दिए हैं। जानते हैं कि इस हफ्ते ओटीटी पर ऐसी कौनसी फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं, जो लोगों का एंटरटेनमेंट कर सकती हैं।

यह सीरीज एक युवा व्यक्ति की कहानी है, जो एक नए शहर में जाता है और वहां की संस्कृति से प्रभावित होता है। इस शो में एडवेंचर और एक्शन की भरपूर मात्रा है। इसमें रयान फिलिप, नथाली केली, माइकल सिमिनो और मेलिसा कोलाजो प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 20 मई से स्ट्रीम होगी। नेटफ्लिक्स



की सीरीज 'सायरन्स' गुरुवार 22 मई को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इस ड्रामा सीरीज की कहानी डेवॉन की है, जो अपनी बहन सिमोन के अपने नए बॉस के साथ रिश्ते से चिंतित है। डेवॉन अपनी बहन और बॉस के बीच दखल देती है, जिससे कई सस्पेंस और ट्विस्ट सामने आते हैं। तमिल ड्रामा हार्टबीट का दूसरा सीजन भी इसी हफ्ते आ रहा है। इस सीजन में डॉ. रीना आरके मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में अब इंटर्न से एक डॉक्टर के रूप में नजर आएंगी और कहानी आगे बढ़ेगी। यह मेडकल सीरीज 22 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

नेटफ्लिक्स पर इस शुक्रवार फियर स्ट्रीट सीरीज की अगली कड़ी 'फियर स्ट्रीट‑ प्रॉम क्वीन' आ रही है। ये सीरीज आर.एल. स्टाइन की किताबों पर आधारित है। कहानी 1988 में शेडिसाइड हाई स्कूल की प्रॉम नाइट पर आधारित है। जो एक रहस्यमयी हत्या और सुपरनैचुरल ट्विस्ट्स डर और सस्पेंस से भरपूर हैं। यह सीरीज 23 मई को आ रही है। ये एक मलयालम रोमांटिक ड्रामा है। इसमें सैजू कुरुप और तन्वी राम प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज की कहानी अभिलाष की है, जो सालों से शेरिन मूसा को चुपके-चुपके प्यार करता है। लेकिन अपनी फीलिंग्स जाहिर नहीं कर पाता। फिर एक दोस्त की चालाकी उनकी जिंदगी को नया मोड़ देती है। ये सीरीज भारत में प्राइम वीडियो और विदेश में सिम्पली साउथ पर 23 मई से स्ट्रीम होगी।

मलयालम हॉरर थ्रिलर हंट में एक फॉरेंसिक पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर कीर्ति की कहानी है। जो एक लापता एनेस्थीसिया स्टूडेंट की हड्डियों के रहस्य को सुलझाती है। यह हॉरर-थ्रिलर मनोरमा मैक्स पर 23 मई से स्ट्रीम करेगी।

# फैजल से लेकर गणेश गायतोंडे तक ये हैं नवाजुद्दीन सिद्दीकी के 10 दमदार किरदार

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड का वह नाम हैं, जो अपने अभिनय के दम पर चमका है। अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतने वाले अभिनेता ने पर्दे पर कई सारे ऐसे किरदार निभाए जो यादगार हो गए। आज नवाजुद्दीन अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके इस अभिनेता के दस दमदार किरदारों के बारे में जानेंगेज

'गैंग्स ऑफ वासेपुर' नवाजुद्दी सिद्दीकी की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में उन्होंने गैंगस्टर फैजल खान की भूमिका निभाई है। उनका यह किरदार लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। फिल्म से उनके डायलॉग आज भी काफी लोकप्रिय हैं।

वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' वेब सीरीज की दुनिया की सबसे

**भूमिका**

**'गैंग्स ऑफ वासेपुर' नवाजुद्दी सिद्दीकी की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में उन्होंने गैंगस्टर फैजल खान की भूमिका निभाई है।**

शानदार सीरीज में से एक मानी जाती है। इस सीरीज में उन्होंने गणेश गायतोंडे का किरदार निभाया है। इस सीरीज में अभिनेता की एक्टिंग की जीतनी तारीफ की जाए कम है। क्राइम थ्रिलर सीरीज का डायलॉग 'आपुन इच भगवान है' काफी पॉपुलर है।

'मांझी द माउंटेन मैन' दशरथ मांझी की असली कहानी है। इस फिल्म ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने



उन्हीं का किरदार निभाया है। वह अपनी पत्नी के मर जाने पर पहाड़ काटकर रास्ता बनाने की ठान लेते हैं। नवाज ने इस किरदार को निभाया नहीं है बल्कि उन्होंने इसे जिया है। फिल्म से उनका डायलॉग- 'जब तक तोड़ेगा नहीं, तब तक छोड़ेगा नहीं।' काफी मशहूर है।

लेखक सआदत हसन मंटो की बायोपिक 'मंटो' में भी उन्होंने शानदार अदाकारी की है। इसका निर्देशन नंदिता दास ने किया है। 'मंटो' में उनके किरदार को काफी सराहा गया है। 'रमन राघव 2.0' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने रमन्ना की भूमिका अदा की है, जो एक हत्यारा है। इस फिल्म में नवाज ने बेहतरीन एक्टिंग की है। फिल्म में शुरू से लेकर अंत तक वह बांधे रखते हैं।

सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पाकिस्तानी पत्रकार चांद नवाब की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनकी अदाकारी और डायलॉग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में उन्होंने एक अहम किरदार निभाया है।

'बाबूमोशाय बंदूकबाज' में नवाज ने कॉन्ट्रैक्ट किलर बाबू की भूमिका अदा की है। फिल्म कॉमेडी, रोमांस और बदले की भावना से भरी है। उनका यह किरदार भी लोगों का काफी पसंदीदा है।सलमान खान की फिल्म 'किक' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने विलेन शिव गजरा का किरदार निभाया है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का एक डायलॉग बहुत मशहूर हुआ। जो इस तरह है, %मैं 15 मिनट तक सांस रोक सकता हूं, मौत को छू के टक से वापस आ सकता हूं।' इस फिल्म में उन्होंने शानदार एक्टिंग की है।

विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पुलिस अधिकारी मिस्टर खान का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी भले ही विद्या बालन के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन नवाजुद्दीन के किरदार ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

'द लंच बॉक्स' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शेख की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में शेख और साजन की दोस्ती को दिखाया गया है। यह एक लव स्टोरी फिल्म है।

# कुछ खास फैंस से मिलकर कार्तिक आर्यन की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की फीमेल फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है लेकिन हाल ही में एक्टर की मुलाकात ऐसे फैंस से हुई, जिनसे मिलकर उन्हें भी खुशी हुई। जानिए, कौन हैं वो फैंस? अपने इन फैंस से मिलकर कार्तिक आर्यन का क्या रहा रिएक्शन? कार्तिक आर्यन बॉलीवुड में इस वक्त सबसे चर्चिच कलाकारों में से एक हैं। इस एक्टर की फैन फॉलोइंग भी काफी है। कई बार लड़कियां सामने से आकर कार्तिक को प्रपोज कर देती हैं, जिस पर कार्तिक शरमा जाते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन की मुलाकात ऐसे फैंस से हुई, जिन्हें देखकर, उनसे मिलकर एक्टर की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। कार्तिक आर्यन की मुलाकात एक इवेंट के दौरान



छोटे-छोटे बच्चों से हुई, जो 'के आर्मी (च्‌ह्द्ध4)' की टी शर्ट पहने नजर आए। यह देखकर कार्तिक सरप्राइज हो गए। कार्तिक आर्यन ने हर बच्चे से हाथ मिलाया। बच्चे भी कार्तिक से मिलकर काफी एक्साइटेड लगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स और कार्तिक आर्यन के फैंस भी रिएक्शन दे रहे हैं। कार्तिक का यह वीडियो देखकर, बच्चों के साथ उनकी केमिस्ट्री देखकर एक फैन ने लिखा, 'क्यूट भी और टैलेंटेड भी, कार्तिक आर्यन मेरा फेवरेट एक्टर है।' कार्तिक की फीमेल फैंस ने भी हार्ट इमोजी की बरसात इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में की है। पिछले महीने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'नागजिला' का लुक जारी किया।

# राहुल के आरोपों पर विदेश मंत्रालय का जवाब, जयशंकर से किए थे सवाल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ÷पाकिस्तान को सूचित किया÷। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी। आइए इस बारे में विस्तार से जानें विदेश मंत्री एस जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े बयान पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने राहुल के बयान को ÷तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण÷ बताया है। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ÷पाकिस्तान को सूचित किया÷। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन ने कहा, विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने पाकिस्तान को शुरुआत में ही चेतावनी दे दी थी, जो स्पष्ट रूप से ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के बाद का प्रारंभिक चरण है। इसे गलत तरीके से शुरू होने से पहले बताया जा रहा है। तथ्यों को पूरी तरह से गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी की ओर से एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद आई है, जिसमें जयशंकर गुरुवार को दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर गलत काम करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने कहा, ÷हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। 1. इसे किसने अधिकृत किया? 2. इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए? दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बात हुए जयशंकर ने कहा, ÷यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे,

## ब्रह्मोस पर रखा जाए मुस्तफा कमाल अतातुर्क मार्ग का नाम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों पर भारत ने जो कठोर सैन्य कार्रवाई की है, उसमें ब्रह्मोस की भूमिका सबसे ऊपर रही है। ब्रह्मोस मिसाइलों ने सटीक निशाना लगाकर आतंकियों की कमर तोड़ दी है। अब पूरी दुनिया में ब्रह्मोस मिसाइल की तारीफ हो रही है और अनेक देश भारत से ब्रह्मोस मिसाइल मांग रहे हैं। इसी बीच नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के करीब मुस्तफा कमाल अतातुर्क मार्ग का नाम बदलकर ब्रह्मोस मार्ग रखने की मांग की गई है। व्यापारी संगठन सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि मुस्तफा कमाल अतातुर्क मार्ग का नाम बदल दिया जाए। उन्होंने कहा है कि तुर्किये के संस्थापक राष्ट्रपति मुस्तफा कमाल अतातुर्क का भारत देश की सांस्कृतिक एकता में कोई योगदान नहीं रही है। वे अपने जीवन में कभी भी भारत नहीं आए थे।

# स्टेशन पर थूकने और कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ रेलवे सख्त, काटे चालान



**कोलकाता।** रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वालों पर लगाम लगाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। पूर्व रेलवे (ईआर) ने साल 2025 के शुरूआती तीन महीनों में विभिन्न रेलवे स्टेशन परिसरों में थूकने वाले लोगों से 32 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला है।


रेलवे अधिकारी ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 तक विभिन्न स्टेशन परिसरों में थूकने और कूड़ा फैलाने के लिए कुल 31,576 व्यक्तियों को दंडित किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से जुर्माने के रूप में 32,31,740 रुपये वसूल किये गए।

अधिकारी ने कहा, इन उपायों का उद्देश्य न केवल अनुशासन लागू करना है, बल्कि व्यवहार में दीर्घकालिक परिवर्तन लाना भी है। पूर्व रेलवे का मुख्यालय कोलकाता में है। इसने कहा कि वह स्टेशन परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने और अपने पूरे नेटवर्क में रेल पटरियों को कचरा मुक्त बनाए रखने के लिए वह ठोस प्रयास कर रहा है।

पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया, (स्वच्छता में) सबसे बड़ी बाधा यह है कि कुछ यात्री और रेल उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म पर और स्टेशन परिसर में थूकते हैं और गंदगी फैलाते हैं। ईआर अधिकारी ने कहा कि जिन यात्रियों और विक्रेताओं ने स्वच्छता की अच्छी आदतें प्रदर्शित कीं, उन्हें गुलाब देकर सम्मानित किया गया और प्रोत्साहित किया गया।

उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे ने विभिन्न स्टेशन पर व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किए हैं, जिसका उद्देश्य यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ये अभियान स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्टेशन कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से नियमित आधार पर चलाये जाते हैं।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला में तैयारी अंतिम चरण में



**नाथुला पास।** कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से शुरू हो रही है जो कि अगस्त महीने तक जारी रहेगी। इस अवधि में लगभग 250 यात्रियों को दर्शन करने का मौका मिलेगा। यात्रियों का चयन कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत होता है।

कोविड-19 महामारी के चलते 2019 में बंद हुई कैलाश-मानसरोवर यात्रा अगले महीने से नाथुला के रास्ते फिर होने जा रही है। यात्रा को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं यात्रा को लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। इस बाबत सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर यात्रा का मार्ग दुरुस्त किया जा रहा है। यहां तैयारियां अंतिम चरणों में है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास भी शामिल है।

नाथुला में जारी निर्माण कार्यों के श्रम प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मार्ग के किनारे दो अनुकूलन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। एक 16वें मील (10,000 फीट) पर और दूसरा कुपुप रोड (14,000 फीट) के किनारे हंगू झील के पास। हर केंद्र में दो पांच-बिस्तर वाली और दो दो-बिस्तर वाली इमारतें होंगी। साथ ही इनमें तीर्थयात्रियों के लिए एक चिकित्सा केंद्र, कार्यालय, रसोई और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन अनुकूलन केंद्रों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण का काम अगले चार से पांच दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। इनमें कुल 50-60 लोग रह सकेंगे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने का यहां के स्थानीय निवासियों और 2016 की यात्रा में भाग लेने वाले आईके रसैली ने फिर से खुलने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन फिर से शुरू होगा और इससे स्थानीयों की आजीविका में सुधार होगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए सिक्किम मार्ग अपनी अच्छी सड़क कनेक्टिविटी के कारण सबसे सुरक्षित और सबसे सुलभ बना हुआ है। काबी लुंगचोक के विधायक थिनले शेरिंग भूटिया ने भी सिक्किम के रास्ते यात्रा को फिर से खोलने की पहल का स्वागत किया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों का आभार व्यक्त किया। भूटिया ने कहा कि सिक्किम शांतिपूर्ण राज्य है, जहां आतंकवादी गतिविधियों का कोई इतिहास नहीं है। इसके चलते यह मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग साबित हो रहा है। उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग पर शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

गौरतलब है कि मानसरोवर यात्रा के लिए नाथुला मार्ग को फिर से खोलने की मांग सिक्किम के राज्यसभा सांसद डी.टी. लेप्चा ने संसद में उठाया था, जिसके बाद भारत सरकार और सिक्किम सरकार के बीच समन्वित प्रयास किए गए। नाथुला के रास्ते यात्रा को फिर से शुरू करने से न केवल तीर्थयात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। 30 जून से शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यात्रियों को 2019 के मुकाबले में ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इस बार चीन प्रति याद्धी 17 से 20 हजार रुपये तक ज्यादा शुल्क वसूल कर रहा है। उत्तराखंड के लिपुलेख के रास्ते यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 1.84 लाख रुपये खर्च होंगे। हालांकि इसमें से 95 हजार रुपये चीन का शुल्क होगा। 2019 में 1.30 लाख रुपये के खर्च में 77 हजार रुपये प्रति यात्री शुल्क चीन ने वसूला था। वहीं नाथू ला से यात्रा करने पर चीन प्रति यात्री 2.05 लाख रुपये वसूल करेगा। इस मार्ग से यात्रा पर कुल खर्च 2.84 लाख रुपये आएगा। दोनों मार्गों से 17000 से 25000 रुपये तक खर्चा बढ़ा है। पहले लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर यात्रा में 20-21 दिन लगते थे जबकि इस बार 23 दिन लगेंगे। इसका कारण यात्रियों का दिल्ली में 12 दिन गुजारना शामिल है। सिर्फ नौ दिन तिब्बत में गुजरेंगे। वहीं नाथू ला से यात्रा में 25 दिन लगेंगे। पहले 23 दिन लगते थे। इस बार यात्री 10 दिन तिब्बत तो 15 दिन भारत में बिताएंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से शुरू हो रही है जो कि अगस्त महीने तक जारी रहेगी। इस अवधि में लगभग 250 यात्रियों को दर्शन करने का मौका मिलेगा। यात्रियों का चयन कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत होता है। मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स की आधिकरिक वेबसाइट https://kmy.gov.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है। हर साल आवेदन प्रक्रिया मार्च से अप्रैल माह तक चलती है। इस वर्ष पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 13 मई रही। पंजीकरण के लिए पासपोर्ट और फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य होते हैं। इस वर्ष यात्रा दो प्रमुख मार्गों, उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथुला दर्रे से होगी। उत्तराखंड से यात्रा की शुरुआत करने वाले यात्री लिपुलेख दर्रे से रवाना होंगे। यहां से कैलाश मानसरोवर की दूरी लगभग 5000 किमी है और यात्रा में 24-26 दिन का वक्त लग सकता है। इस यात्रा के दौरान ट्रैकिंग करनी होती है। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यह कठिन मार्ग माना जाता है। सिक्किम से यात्रा की शुरुआत करने वाले यात्रियों का जत्था नाथू ला पास से रवाना होगा। यह यात्रा सड़क मार्ग द्वारा की जाएगी, जिसमें 20-22 दिन का समय लगेगा।

# वकीलों से मारपीट मामले में आठ लोगों को अवमानना नोटिस



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने 25 अप्रैल को न्यायालय परिसर के पास वकीलों से हुई कथित मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अवमाननाकर्ताओं को मामले की अगली सुनवाई 16 जून तक अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 25 अप्रैल को न्यायालय परिसर के पास वकीलों से हुई कथित मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अवमाननाकर्ताओं को मामले की अगली सुनवाई 16 जून तक अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस बीच, कोर्ट के पिछले आदेश के अनुसार कोलकाता पुलिस आयुक्त ने तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ के समक्ष घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत ने यह भी पाया कि अवमाननाकर्ताओं की ओर से वकील तो मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी पीठ के समक्ष हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया। पीठ ने 2 मई को कोलकाता पुलिस आयुक्त को वकीलों से कथित रूप से की गई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पीठ ने उन्हें वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को जांच करने और वकीलों को परेशान करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए भी कहा।

# इस्राइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स; सीरिया से वापस आए इस्राइली जासूस के दस्तावेज




**तेल अवीव।** इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। इसका उद्देश्य बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। उधर, सीरिया में 60 साल पहले फांसी की सजा पाने वाली इस्राइली जासूस एली कोहेन से संबंधित दस्तावेज और व्यक्तिगत सामान वापस इस्राइल लाए गए हैं।

हमास के खिलाफ इस्राइल का अभियान लगातार जारी है। अब इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इस्राइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इस्राइली सैनिक अब गाजा में खतरों को खत्म करने, आतंकी ढांचे को नष्ट करने और प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मिशन के चार उद्देश्य हैं। पहला असंबद्ध नागरिकों को पहले से चेतावनी देना कि वह खतरे से दूर रहें। दूसरा युद्धक्षेत्र पर नियंत्रण, तीसरा इस्राइली नागरिकों की सुरक्षा करना और चौथा हमास के नेतृत्व और क्षमताओं को खत्म करना। कर्नल शोशनी ने कहा कि हमास के तमाम लड़ाकों को पहले ही मार गिराया जा चुका है। वायुसेना लगातार सटीक हमला कर रही है। उन्होंने बताया कि यह रातोरात समाप्त नहीं होगा। लेकिन हम तब तक लड़ेंगे जब तक हमास का खतरा खत्म नहीं हो जाता और हमारे बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता। मिशन जारी है। सीरिया में 60 साल पहले फांसी की सजा पाने वाली इस्राइली जासूस एली कोहेन से संबंधित दस्तावेज और व्यक्तिगत सामान वापस इस्राइल लाए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोसाद ऑपरेशन से संबद्ध विदेशी खुफिया सेवा के सहयोग से एली कोहेन से संबंधित आधिकारिक सीरियाई अभिलेख को इस्राइल लाया गया। इसमें हजारों ऐसी जानकारियां थीं, जिन्हें सीरियाई सुरक्षा बलों ने दशकों से अपने पास रखा था। पीएमओ ने कहा कि विशेष अभिलेखागार में लगभग 2,500 मूल दस्तावेज, फोटोग्राफ और व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र में एक यहूदी परिवार में जन्मे कोहेन 1960 के दशक की शुरुआत में मोसाद में शामिल हुए और कामेल अमीन थाबेट के नाम से सीरिया के राजनीतिक नेतृत्व के शीर्ष पदों पर घुसपैठ की। चार वर्षों में उन्होंने जो खुफिया जानकारी हासिल की, उसे 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इस्राइल की सफलता विशेष रूप से गोलान हाइट्स पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है।

18 मई 1965 को कोहेन पर जासूसी के आरोप में सीरियाई सरकार ने मुकदमा चलाया और उन्हें फांसी दी गई। इस्राइल की विभिन्न सरकारों और मोसाद के वर्षों तक किए गए प्रयासों के बावजूद उनका शव कभी बरामद नहीं हो सका। पिछले दिनों इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और मोसाद निदेशक डेविड बार्निया के बीच बैठक के दौरान सीरिया में मौजूद कई मूल दस्तावेज और निजी वस्तुएं एली कोहेन की विधवा नादिया को भेंट की गईं।

# पोलैंड के चुनाव में उदारवादी खेमे को बढ़त के संकेत, दूसरे चरण में होगा कड़ा मुकाबला



**वॉरसा।** पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में किसी को बहुमत नहीं मिला। एग्जिट पोल में ट्रज़ास्कोव्स्की को 30.8त्र और नव्रॉकी को 29.1त्र वोट मिले, जिसके बाद अब सबकी निगाहें एक जून पर है, जहां दोनों के बीच दूसरा दौर होगा। राष्ट्रपति बनने के लिए 50त्र वोट जरूरी होते हैं।

पोलैंड में रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल के अनुसार, वारसॉ के उदारवादी मेयर राफाल ट्रज़ास्कोव्स्की और रूढ़िवादी इतिहासकार कारो नव्रॉकी सबसे आगे हैं। अब दोनों के बीच एक जून को दूसरे दौर का सीधा मुकाबला होगा।

आईपीएसओएस संस्थान द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ट्रज़ास्कोव्स्की को 30.8त्र और नव्रॉकी को 29.1त्र वोट मिलने का अनुमान है। तीसरे नंबर पर फार-राइट उम्मीदवार स्लावोमिर मेंतज़ेन हैं, जिन्हें 15.4त्र वोट मिलने की संभावना जताई गई है। बता दें कि इस बार के चुनाव में 13 उम्मीदवार मैदान में थे। पोलैंड के कानून के अनुसार, किसी भी उम्मीदवार को राष्ट्रपति बनने के लिए कम से कम 50त्र वोट की जरूरत होती है। अगर ऐसा नहीं होता, तो दूसरे चरण में टॉप दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होता है। मामले में ट्रज़ास्कोव्स्की यूरोपीय संघ के समर्थक और एलजीबीटीक्यू+ अधिकारों के समर्थक हैं। जबकि नव्रॉकी, जो पहले कभी राजनीतिक अनुभव नहीं रखते, राष्ट्रीय सुरक्षा और पारंपरिक मूल्यों के समर्थक हैं। उनके समर्थन में कुछ विवाद भी उठे, जिनमें एक वृद्ध व्यक्ति से अपार्टमेंट प्राप्त करने के आरोप शामिल हैं, जिन्हें उन्होंने बाद में दान कर दिया।

फार-राइट उम्मीदवार स्लावोमिर मेंतज़ेन को 14.8त्र और चरमपंथी उम्मीदवार ग्रेगोरज़ ब्रौन को 6.3त्र वोट मिलने का अनुमान है। चुनाव के बाद ट्रज़ास्कोव्स्की और नव्रॉकी के बीच एक कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है।

# ट्रंप ने रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम की कोशिशें की तेज



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की बातचीत पर कहा कि अगर रूस ने शांतिवार्ता पर बात नहीं मानी तो इसके चलते रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

पश्चिम एशिया का दौरा पूरा करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम की कोशिशें तेज कर दी हैं। इसी के तहत ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात की। इस बातचीत के बाद ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सोमवार को दोनों देशों के नेताओं से हुई बातचीत युद्धविराम का रास्ता साफ करेगी। ट्रंप ने नाटो देशों के नेताओं के साथ भी सोमवार को बात की। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव जीत से पहले ही दावा किया था कि वे सत्ता में आए तो रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा देंगे। हालांकि जनवरी में सत्ता संभालने के बाद अब ट्रंप को कई माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम नहीं हो पाया है, जिससे ट्रंप की समझौता कराने वाले नेता की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। कई लोगों का मानना है कि ट्रंप प्रशासन यूक्रेन पर शांतिवार्ता के लिए दबाव बना रहा है। यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत रह चुकीं ब्रिजेट ब्रिंक ने भी आरोप लगाया है कि अमेरिकी सरकार यूक्रेन पर दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि जो आक्रामणकारी है, उसका ही समर्थन किया जा रहा है और पीड़ित को दबाया जा रहा है।

# भगोड़े नीरव मोदी को एक बार फिर झटका, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका





**लंदन।** ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की 10वीं जमानत याचिका खारिज कर दी। वह 2019 से हिरासत में बंद है और पीएनबी घोटाले में भारत प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग और घोटाले की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दी।

ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज हुई है। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के 1 अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिए पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस फैसले के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बयान में कहा, नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी। सीबीआई ने कहा, हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगौड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।

सीबीआई ने आगे कहा, ब्रिटेन में यह उसकी 10वीं जमानत याचिका थी, सीबीआई ने फिर चुनौती दी। नीरव मोदी को ब्रिटिश पुलिस ने मार्च 2019 में हिरासत में लिया था और ब्रिटेन का हाई कोर्ट उसके भारत प्रत्यर्पण को पहले ही मंजूरी दे चुका है। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी ने 2018 में नीरव मोदी और उसके चाचा मेहुक चोकसी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कई संपत्तियां जब्त की गई थीं।

# रूस ने एमनेस्टी इंटरनेशनल पर लगाया प्रतिबंध



**मॉस्को।** एमनेस्टी इंटरनेशनल एक वैश्विक मानवाधिकार संगठन है जो मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए शोध और कार्रवाई करता है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछित संगठन घोषित कर दिया गया है। 2015 के कानून के तहत ऐसे संगठनों के साथ संबंध रखना अपराध होगा।

रूस ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संगठन को रूस ने अवांछित संगठन घोषित किया है। अब संगठन को रूस में अपने काम बंद करने होंगे। साथ ही रूस में कोई भी अगर संगठन का सहयोग या समर्थन करेगा तो उस पर मुकदमा चलेगा। रूसी अधिकारियों ने बताया कि एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछित संगठन घोषित कर दिया गया है। 2015 के कानून के तहत ऐसे संगठनों के साथ संबंध रखना अपराध होगा। रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला रूस के आलोचकों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं पर लगातार की जा रही कार्रवाई की दिशा में नया कदम है।

उल्लेखनीय है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल एक वैश्विक मानवाधिकार संगठन है जो मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए शोध और कार्रवाई करता है। इसका मुख्यालय लंदन में है। यह मानवाधिकार रक्षकों के लिए समर्थन और वकालत के जरिए मानवाधिकारों को बढ़ावा देने का काम करता है।

# डॉ. प्रदीप सिंह आठवीं बार निर्विरोध चुने गए ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष

- विजय भान यादव जिला मंत्री एवं रणजीत सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि निर्वाचित

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं जनपद कार्यकारिणी का गठन विकास भवन सभागार जौनपुर में संपन्न हुआ। डॉ प्रदीप सिंह लगातार आठवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष एवं विजय भान यादव निर्विरोध जिला मंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। अधिवेशन के पर्यवेक्षक संरक्षक राम अवतार यादव एवं ओंकारनाथ मिश्र संयुक्त रूप से रहे। आज अधिवेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम कर्मचारियों के मसीहा स्व. बी एन सिंह की 26वीं पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया तथा कर्मचारियों के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। अधिवेशन के प्रथम सत्र में जिला मंत्री विजयभान यादव द्वारा विगत दो वर्षों में हुई जनपद कार्यकारिणी की उपलब्धियों तथा आय व्यय का लेखा-जोखा सदन में प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा हर्ष ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया। विभिन्न विकास खंडों से आए सचिवों द्वारा वर्तमान में सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग हेतु केंद्रीय एवं राज्य वित्त मे फर्जी भुगतान हेतु दबाव बनाने, मनरेगा की घोर विसंगतियां, विशेष ऑडिट आपत्ति, मध्य सत्र में स्थानांतरण, निलंबन, सेवा का स्थायीकरण, सचिवों के लिए आकस्मिक निधि की स्थापना, एसीपी/वेतन वृद्धि/ सर्विस बुक का अपडेशन एवं समय से वेतन की प्राप्ति, नवागंतुक ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए समस्त योजनाओं हेतु विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता, ई ग्राम स्वराज में ऑनलाइन भुगतान में आ रही समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया तथा उनके निराकरण की मांग जनपद के सक्षम अधिकारियों से की गयी। द्वितीय सत्र में जनपद कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें रणजीत सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि, नागेंद्र कुमार यादव एवं डॉ अजीत प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष दूबे, संजय यादव, विश्राम बिन्द, राजकुमार पांडेय, मनोज कुमार यादव, अजय मिश्रा, जयप्रकाश मौर्य उपाध्यक्ष, राम आसरे मौर्य कोषाध्यक्ष, विनय कुमार यादव ,अजीत कुमार,अनूप सिंह संगठन मंत्री, निशा यादव, सिम्मी सिंह, मो. आसिफ अंसारी, पुरुषार्थ यादव, शुभम श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, दिनेश राजभर सम्प्रेक्षक तथा महेश तिवारी एवं मटरू राम मीडिया प्रभारी निर्विरोध निर्वाचित हुये। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ संरक्षक सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओंकार नाथ मिश्र ने दिलायी। शपथ ग्रहण के पश्चात पूरे जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आये ग्राम पंचायत अधिकारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से विभूषित करते हुए सांगठनिक जयघोष के नारे लगाते हुए माहौल को खुशनुमा कर दिया। लगातार आठवीं बार ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्विरोध निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह जो वर्तमान में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के भी अध्यक्ष हैं ने जनपद के समस्त सचिवों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान संघर्ष वर्ष में पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण को खत्म करने सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं के निस्तारण हेतु समर्पित भाव से हम लोग जनपद से लेकर प्रदेश तक लक्ष्य प्राप्त होने तक संघर्ष करते रहेंगे। अधिवेशन में शैलेंद्र विक्रम सिंह, राजीव कुमार रोशन, उमाकांत पांडेय, डॉ फूलचंद कनौजिया, रामकृष्ण पाल, डॉ रामकृष्ण यादव, नागेंद्र सिंह, उमेश सोनकर, विनय यादव, अमित गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव,सत्यम यादव, सुशील कुमार उपाध्याय, सुशील कुमार, आसिफ अंसारी, दीपक सिंह, अमित सोनकर, अखिलेश कुमार, स्वतंत्र कुमार, स्नेहा, अमित यादव, महेंद्र प्रताप, किशन कुमार, नवनीत सिंह, उमेश यादव, शशिकांत तिवारी, विनीत सिंह, सरताज सिंह, तेज बहादुर राना,रामलाल पाल,अजय मौर्या, अजय राजभर आदि सैकड़ों पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजयभान यादव द्वारा किया गया।

## पीयू के तीन छात्रों को इसरो में इंटर्नशिप का अवसर

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के यू.एन.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जौनपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के तीन छात्र नितेश कुमार, दीपक यादव और प्रमन चौरेसिया–को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क, लखनऊ केंद्र में इंटर्नशिप के लिए चयनित किया गया है। यह इंटर्नशिप उनके बी.टेक पाठ्यक्रम के प्रोजेक्ट कार्य का हिस्सा है। छात्रों का यह चयन विभाग के शिक्षक डॉ. अजय कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने तकनीकी तैयारी, दस्तावेज़ प्रक्रिया और परामर्श में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश के अकादमिक नेतृत्व ने भी इस उपलब्धि को संभव बनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, इसरो जैसी प्रतिष्ठित संस्था में चयन होना छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने समयबद्ध रूप से छात्रों के समस्त दस्तावेज, बायोडाटा एवं प्रोजेक्ट स्वीकृति पत्र इसरो को प्रेषित किए। इस उपलब्धि पर विभाग के शिक्षकों–डॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. पी.सी. यादव, सुश्री पूनम सोनकर और डॉ. पारुल त्रिवेदी–ने छात्रों को बधाई दी और इसे विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि बताया।

# खराब प्रदर्शन पर मिलेगी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, आईजीआरएस एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित
- आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों के विरूद्ध शासन में प्रेषित की जायेगी प्रतिकूल प्रविष्टि

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को सर्किट हाउस के सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, आईजीआरएस, निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय से पूर्ण होना एवं सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड में जिस अधिकारी का प्रदर्शन खराब होगा, तो उसका वेतन अवरूद्ध करने के बजाय सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध शासन में प्रतिकूल प्रविष्टि प्रेषित की जायेगी। यदि फिर भी कार्यशैली में सुधार नहीं पाया जाता है तो सम्बंधित अधिकारी के निलम्बन एवं वेतन वृद्धि अवरूद्ध किये जाने की कार्यवाही भी करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि इन प्राथमिकता वाले बिंदुओं की मानीटरिंग वरिष्ठ अधिकारी स्वयं करें और अपनी निगरानी में ही फीडिंग का कार्य करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल से सम्बंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार ही उनका निस्तारण किया जाना सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए उन्होंने दैनिक विद्युत आपूर्ति घण्टे-शहरी में ई-श्रेणी होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत को प्रतिकूल प्रविष्टि, फैमिली आईडी बनाने में खराब प्रगति पाये जाने व डी-श्रेणी होने पर सभी सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में खराब प्रगति पर पीओ नेडा व जिला पंचायतराज अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में खराब प्रगति पर चेतावनी दी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ए0के0 तिवारी, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उ. प्र. पा. का. लि. के अंतर्गत कार्यदाई संस्था ग्लोव टेक कंपनी द्वारा 55 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिकों को रिटायर करने से कार्मिकों और सहयोगी कार्मिकों द्वारा असंतोष व्यक्त करने के कारण, किसी भी प्रकार का विद्युत व्यवधान उत्पन्न न होने पाए, इसकी सजगता हेतु मुख्य उपकेंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय आधिकारियों द्वारा समन्वय कर विद्युत व्यवस्था सामान्य रखी जाएगी। उक्त हेतु जिला प्रशासन द्वारा निगरानी हेतु आवश्यक ड्यूटी लगाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास आधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी वि./रा. राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, अधीक्षण अभियंता मुकेश बाबू, अधीक्षण अभियंता दिव्य रंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहें।

### अल्तमश और अभय के खेल से दौलत हुसैन फाइनल में



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** अल्तमश अशरफ (43 रन एवं 6-0-27-3) और अभय गौतम (34 रन एवं 6-1-15-3) के हरफनमौला खेल से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने हनुमानगंज एएस क्लब को 98 रन से हराकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली।दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने सोमवार को अपने मैदान पर पहले सेमीफाइनल में 30 ओवर में 7 विकेट पर 193 (उमर तबरेज 49, अल्तमश अशरफ 43, अभय गौतम 34, अंशुमान पटेल 2/24, सनातन राय 2/27) बनाए। जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब की टीम 25 ओवर में 95 रन (लकी मौर्य 24, अनुभव गुप्ता 18, अभय गौतम 3/15, अल्तमश अशरफ 3/27, मोहम्मद हमदान 2/16, अहमद वाइज 2/24) पर सिमट गई। अल्तमश अशरफ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### विप्लव स्पोर्टिंग क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने आशीष नेहरा क्लब को सात विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग के फाइनल में प्रवेश किया। डीपीएस मैदान पर सोमवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में आशीष नेहरा क्लब ने 30.2 ओवर में 91 रन (आशुतोष सिंह 24, शिवेंद्र 21, ईशान दीक्षित 19, अमन गुप्ता 4/17, ईशान सिंह 2/15, प्रतीक तिवारी 2/16) बनाए। जवाब में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 25.3 ओवर में तीन विकेट पर 97 रन (अनिमेष यादव 40 नाबाद, समर्थ प्रकाश शुक्ला 15 नाबाद, आर्यन मिश्रा 2/17) बना लिए। मैच में अजय कुमार व नितिन मिश्र अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

## कानपुर रेड ने एसीए को हराया

**प्रयागराज।** कानपुर रेड ने इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) की टीम को तीसरी गौर हरी सिंघानिया राज्य महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में पांच विकेट से हरा दिया। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर के कमला क्लब मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में एसीए ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 179 रन (कात्यानी पाठक 67, खुशी सिंह 40, शिवानी मौर्या 21, एकता सिंह 4/32, अर्चना देवी 3/26) बनाए। जवाब में कानपुर रेड ने 31.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन (शिबू सिंह पाल 84 नाबाद, तृप्ति सिंह 29, गरिमा यादव 27, राधा पांडेय 4/40) बना लिए। प्रयागराज का मुकाबला मंगलवार को गाजीपुर क्रिकेट एसोसिएशन से होगा।

# विशाल प्रतिमा के लिए हुआ भूमि पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)** क्षेत्र के श्री मनोकामनासिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बहोरीकपुर मुंगरा बादशाहपुर में जन संवाद फाउंडेशन के तत्वाधान में चिरंजीव भगवान श्री परशुराम जी की विशाल प्रतिमा की स्थापना हेतु भूमि पूजन प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जन संवाद फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज मिश्रा समाजवादी पार्टी नेता ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री परशुराम की विशाल प्रतिमा की स्थापना के लिए सोमवार के दिन मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से भूमि पूजन हुआ जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विरोधी दल विधानसभा उत्तर प्रदेश एवं पूर्व अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश माता प्रसाद पाण्डेय ने शिरकत की एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार दुबे अपनी टीम के साथ पहुंचे जहां पंकज मिश्रा द्वारा सभी को अंग वस्त्र यथार्थ गीता एवं श्री भगवान परशुराम का पद चिन्ह भेंट किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक आर्यन बाबू, विवेक मिश्रा वरदान, निशा उपाध्याय, नंदिनी स्वराज ने जलवा बिखरा जहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ हजारों लोगों ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर नागेंद्र कुमार मिश्रा वशिष्ठ, जगदीश उपाध्याय, श्याम मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष, अमरपाल तिवारी, भैया लाल उपाध्याय, दीपक मिश्रा, निलेश मिश्रा राम पांडे, विकास उपाध्याय व अमित पाण्डेय पत्रकार उपस्थित रहे।

# विभिन्न गर्ल्स कॉलेज में हुआ प्रतियोगिताओं का

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा महानगर के विभिन्न कॉलेजों में विद्यार्थियों के बीच रंगोली, भाषण, चित्रकला एवं रन फॉर वूमेन एंपावरमेंट के नाम से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। के पी गर्ल्स इंटर कॉलेज, एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज, मेरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच यह पहल निश्चित रूप से रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, सेवा, न्यायप्रियता को आत्मसात करने की दिशा में सार्थक सिद्ध होगी। विविध प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को नई दिशा मिलेगी। अभियान की जिला संयोजक वंदना सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, मानव सेवा और न्यायप्रियता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। 20 मई को प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। विभिन्न कॉलेजों में प्रतियोगिता के दौरान डॉ शैलेश पांडेय, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, शिखा खन्ना, कंचनलता कुशवाहा, मधुमिता नाथ, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा आदि महिला मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमजेएसएस किडजी प्ले स्कूल का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** बहादुरगंज हटिया पुलिस चौकी के समीप एमजेएसएस ग्रुप की ओर से एमजेएसएस किडजी प्ले स्कूल का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। वरिष्ठ कांग्रेस लीडर इरशाद उल्ला ने रिबन काटकर स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अनूप पांडे ने उपस्थित लोगों को प्ले स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्कूल में छोटे बच्चों के लिए एडमिशन प्रारंभ हो गए हैं और यहां बच्चों की शानदार पढ़ाई के लिए व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए इरशाद उल्ला ने एमजेएसएस किडजी प्ले स्कूल की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों को आकर्षित करते हुए घोषणा की कि स्कूल में बच्चों का एडमिशन कराने पर ड्रेस, बैग, कॉपी और पेंसिल बॉक्स मुफ्त में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्ले स्कूल में छोटे बच्चों के खेलने के लिए खिलौने और झूले आदि की विशेष व्यवस्था है और यहां का स्टाफ बच्चों के प्रति समर्पित और अनुभवी है।

# यूपी बोर्ड- 10वीं, 12वीं के इंप्रूवमेंट-कंपार्टमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

- 10 जून है अंतिम तिथि, चालान के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करना

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करने की घोषणा की है। विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट - upmsp.edu.in पर 19 मई यानी आज से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून की रात 12 बजे तक है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा के तहत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में परीक्षा दे सकते हैं, जबकि कंपार्टमेंट परीक्षा के तहत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से किसी एक विषय में ही परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

ह्यूमैनिटी, साइंस और कॉमर्स संकाय के अभ्यर्थी, जो किसी एक विषय में असफल हैं, कम्पार्टमेंट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। कृषि संकाय के अभ्यर्थी भाग-1 या भाग-2 में से केवल एक पेपर के लिए कम्पार्टमेंट परीक्षा दे सकते हैं। व्यावसायिक संकाय में ट्रेड विषय के किसी एक पेपर में असफल अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं। आवेदन करने वाले सभी छात्रों को 306 रुपये का परीक्षा शुल्क जमा करना होगा।

अभ्यर्थियों को निर्धारित परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करना होगा। चालान की मूल प्रति और भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में अंतिम तिथि से तीन दिन के भीतर, अधिकतम 13 जून तक पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजना होगा।

हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट, कम्पार्टमेंट परीक्षा या इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में किसी भी विषय के लिखित और प्रायोगिक/प्रोजेक्ट (आंतरिक मूल्यांकन) दोनों भागों में असफल उम्मीदवारों को दोनों भागों की परीक्षा देनी होगी। जो छात्र केवल एक भाग (लिखित या प्रायोगिक) में असफल हुए हैं और दूसरे भाग में पास हैं, वे केवल असफल भाग की परीक्षा दे सकते हैं, या यदि वे चाहें तो दोनों भागों की परीक्षा दे सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 16.05.2025 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल के व्यासनगर, शिवपुर और चौखंडी गुड्स शेड के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹65,12,434.22 (रु० पैंसठ लाख बारह हजार चार सौ चौंतीस एवं बाईस पैसा मात्र) | | |
| बयाना राशि | ₹1,30,300/- (रु० एक लाख तीस हजार तीन सौ मात्र) | | |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 10.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है | | |

सूचना सं.: 1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 16.05.2025 1460/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता**

**जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ**

पत्रांक :- 04/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांक :-19.05.2025

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 26/05/2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 26/05/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/ सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rebor of Sumer Sible Pump 1.5 HP 2 nag at Ward Husainabad | रु 327720.00 | रु 6600 | रू 350 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियंता/नि0, अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई–निविदाएँ सिंगल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के बाराबंकी – अकबरपुर (161 किमी) के दोहरीकरण के संबंध में अयोध्या कैंट मे उप मुख्य अभियंता/नि0. अयोध्या के कार्यालय और 08 यूनिट–प्रकार–।।, 4 यूनिट प्रकार–।।। और 8 यूनिट प्रकार–IV, स्टाफ क्वार्टर के निर्माण का कार्य । | | | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | कार्य की अनुमानित लागत | रू0 919.50 लाख | धरोहर राशि | रू0 6,09,800.00 |
| ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 16.06.2025 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 16.06.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। | | | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 26.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 02.06.2025 से 16.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | | | | |

संख्या 251–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–अयोध्या/उ0रे0/लखनऊ दिनाँक: 17.05.2025 1459/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 27.06.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 02-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 17.05.2025 | |
| 2. | निविदा संख्या | 02-DyCE-GSU-LKO-2025-26 | |
| 3. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सरकोनी, जौनपुर सिटी एवं कुंडा हरनामगंज स्टेशनों पर लांगर लूप के प्रावधान के संबंध में टैंक लिंकिंग, बैलास्ट आपूर्ति एवं छोटे पुलों का विस्तार, मिट्टी का कार्य, ब्लैन्केटिंग व सहायक संरक्षण कार्यों के लिये शेष कार्य। | |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 1127.84 लाख | |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 7,13,900/- | |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.06.2025 | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.06.2025 11:30 बजे | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1461/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर।**

**पताः-विकास भवन, निकट कलक्ट्रेट अम्बेडकरनगर।**

द्वितीय काल

पत्रांक : 249/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025-26/ दिनांक 14.05.2025

**-: अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस कॉल निविदाः-**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि निधियोजनान्तर्गत निर्माण कार्यो की ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शा ये गये कार्य हेतु निविदा आर्मंत्रित की जाती है। विड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी0सी0टी0 का भुगतना सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार पृथक से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी.एस.टी सहित (यदि आवश्यक हो) (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | अम्बेडकर नगर | ग्राम मीरमऊ मे मुख्य मार्ग से गांव मे सी0सी0 रोड तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य, कटेहरी। | 10.16 | 0.21 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह |
| 2. | अम्बेडकर नगर | दहेमा घाघरा तालाब पर पुलिया निर्माण लं0-2मीटर स्पान | 10.22 | 0.21 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह |
| 3. | अम्बेडकर नगर | खेमापुर में श्री बीपत के घर से श्री गंगाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.15 | 0.19 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह |
| 4. | अम्बेडकर नगर | रेवई में टावर के पास से श्याम नारायण सिंह के घर के आगे तक इण्टर लॉकिंग कार्य | 11.74 | 0.24 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह |
| 5. | अम्बेडकर नगर | ग्राम सभा औरंगनगर पहितीपुर कमालपुर से कदियापुर सम्पर्क मार्ग बाईपास तक इण्टरलाकिंग कार्य | 21.14 | 0.43 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |
| 6. | अम्बेडकर नगर | केवारी परमानन्द में श्री राधे राजभर के घर से श्री रामदेव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 21.05 | 0.43 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |
| 7. | अम्बेडकर नगर | भुवालपुर उतरेथू पूरा बक्स सराय सम्पर्क मार्ग से मंशाराम कन्नौजिया के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 20.79 | 0.42 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |
| 8. | अम्बेडकर नगर | भिवरा में पिच रोड से अनिल शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 20.04 | 0.41 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |

2. वेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-21.05.2025 से 04.06.2025 तक
3. विड् डाक्यूमेण्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः 21.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि एवं समयः 22.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि एव समयः 04.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 04.06.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ-पत्र मान्य नहीं होगा।
8. निविदा आनलाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रण कर्त्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज 09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार-पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी हेतु कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा विड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदा-दाताओं को सलाह दी जाती है कि विड् सम्मिट करने से पूर्व विड् डाक्यूमेण्ट को भली-भॉति पढ़ लें।

UPID-233786 Dated-16-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,**
**प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर।**
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की अम्बेडकरनगर

# ऑरेंज फ्लेवर्ड ड्रिंक्स में छाया फैंटा, बाजार में हासिल की 50% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया का पॉपुलर ड्रिंक फैंटा अब ऑरेंज-फ्लेवर वाले कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक सेगमेंट में सबसे आगे निकल चुका है। इस पसंदीदा कोल्ड-ड्रिंक ने बाज़ार में 50% से ज़्यादा हिस्सेदारी हासिल कर ली है। संतरे के चटपटे स्वाद और मस्तीभरे अंदाज़ के साथ फैंटा आज भी युवाओं की पहली पसंद बना हुआ है। यह ड्रिंक न सिर्फ आज की पीढ़ी को उनके बचपन की यादों से जोड़ता है, बल्कि अपने नए और दिलचस्प अंदाज़ से भी लोगों का दिल जीत रहा है। वैश्विक स्तर पर फैंटा की शुरुआत 1940 में हुई थी और आज यह सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि भारत में युवाओं के बीच मस्ती, बेबाकी और नएपन की पहचान बन चुका है। बीते पांच वर्षों में यह ब्रांड लगातार तेज़ी से आगे बढ़ा है और शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी अपनी मज़बूत पकड़ बना चुका है। आज फैंटा देशभर के लगभग 20 लाख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है और 10 रुपये की 200 एमएल की बोतल से लेकर 2.25 लीटर के फैमिली पैक तक कई विकल्पों में मिलता है। दुनियाभर के 180 से ज़्यादा बाज़ारों में मौजूदगी के साथ फैंटा आज सबसे पसंदीदा और मज़ेदार पेयों में गिना जाता है। कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया के वाइस प्रेसिडेंट

**अभियान**

**बेहतर व्यू-थ्रू रेट्स (वीटीआर), शानदार एंगेजमेंट, और मैक मचा जैसे लोकप्रिय क्रिएटर्स के साथ साझेदारी ने इस अभियान को नई पीढ़ी में बेहद लोकप्रिय बना दिया है।**

- फ्रेंचाइज़ ऑपरेशंस, श्री विनय नायर ने इस उपलब्धि पर कहा, ÷फैंटा की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि हमने हर स्तर पर बेहतरीन कार्य किया है। स्वाद पर आधारित इनोवेशन, स्मार्ट पोर्टफोलियो और क्षेत्रीय पसंद को गहराई से समझने की हमारी रणनीति ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। फैंटा का मस्तीभरा अंदाज़ आज के डिजिटल युग से जुड़े युवाओं के दिलों से मेल खाता है, जो कुछ हटकर और नया चाहते हैं। इससे हमें एक महत्वपूर्ण सेगमेंट में अपनी पकड़ मज़बूत करने में मदद मिली है और यह भी दिखाया है कि हम




बदलते ट्रेंड्स को न सिर्फ समझते हैं, बल्कि उन्हें दिशा भी दे सकते हैं। कई दशकों से, फैंटा सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि मस्ती और मज़ेदार स्वाद का पर्याय बन चुका है। यह हमेशा उन लोगों की पसंद रहा है जो ज़िंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को खुलकर जीते हैं। इसका चमकदार ऑरेंज रंग और बुलबुलों से भरी ताज़गी इसे स्वाद और मस्ती का असली प्रतीक बनाते हैं, जो हर मौके को खास बना देते हैं।इस मस्ती भरे अंदाज़ का सबसे रंगीन उदाहरण होली के त्योहार में देखने को मिलता है। रंगों के इस जश्न में फैंटा की चुलबुली मौजूदगी त्योहार की रौनक और उमंग को दोगुना कर देती है। हर घूंट में एक ताज़गी भरी खुशी होती है, जो पूरे माहौल को और भी रंगीन बना देती है। फैंटा आज भी उसी जोश के साथ लोगों को उनके मन की ÷तलब÷ को जीने की प्रेरणा देता है – जब भी कुछ मज़ेदार पीने का मन करे, फैंटा ही पहला ख्याल आता है। हाल ही में शुरू हुए 'फैंटा मांगता' कैंपेन में इसी ÷तलब÷ को सामने लाया गया है, जिसमें युवा स्टार कार्तिक आर्यन नजर आ रहे हैं। इस कैंपेन ने खासतौर पर डिजिटल दौर के युवाओं से जुड़ने के लिए उनके अंदाज़ और सोच को ध्यान में रखकर संवाद किया है। एक आम-सी लाइन को इसने मस्ती और ताज़गी से भरपूर ट्रेंड में बदल दिया। मीम्स और डिजिटल क्रिएटर्स की मदद से इस कैंपेन ने युवाओं के बीच फैंटा को एक नया रूप और पहचान दी है। बेहतर व्यू-थ्रू रेट्स (वीटीआर), शानदार एंगेजमेंट, और मैक मचा जैसे लोकप्रिय क्रिएटर्स के साथ साझेदारी ने इस अभियान को नई पीढ़ी में बेहद लोकप्रिय बना दिया है। आज फैंटा की सफलता सिर्फ आँकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे ब्रांड की पहचान बन चुकी है जो समय के साथ चलता है, डिजिटल दुनिया में मजबूती से अपनी जगह बनाए हुए है और हर पल के जश्न से खुद को जोड़ता है। कोका-कोला की मजबूत विरासत के साथ फैंटा ऑरेंज-फ्लेवर्ड ड्रिंक्स की श्रेणी में शीर्ष पर बना हुआ है और भारत के युवाओं की ÷तलब÷ को आज के अंदाज़ में नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।

# पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने सड़क निर्माण का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**लखनऊ।** देश के निर्माण क्षेत्र में योगदान देने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पटेल), गुजरात ने 6 लेन के गंगा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट का सबसे तेज़ निर्माण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जो एक राज्य के स्वामित्व का भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे है, य श्री योगी आदित्यनाथ जी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है।इस विश्व रिकॉर्ड के तहत 24 घण्टे के भीतर बिना रुके कार्य करते हुए 20,105 मीट्रिक टन बिटुमिनस कॉन्क्रीट के इस्तेमाल से 171,210 वर्गमीटर को कवर कर 34.24 किलोमीटर का बिटुमिनट कॉन्क्रीट बिछाया गया तथा पटेल एंसीलरी कंपनी रोड शील्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 किलोमीटर के मैटल बीम क्रैश बैरियर का इंस्टॉलेशन किया गया। इस उपलब्धि को तीन मुख्य प्रतिष्ठित संस्थानों - गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्र्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स द्वारा




मान्यता प्रदान कर आधिकारिक रूप से प्रमाणीकृत किया गया है।यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सीईओ श्री मनोज कुमार सिंह की दूरदर्शिता एवं निगरानी में यह विश्व रिकॉर्ड संभव हो पाया।

स्थानीय एवं राज्य अधिकारियों के पूर्ण सहयोग से इस प्रोजेक्ट का पूरा होना स्थानीय क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, जो राष्ट्रीय संपर्क को सुदृढ़ करने एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।रिकॉर्ड बनाने का प्रयास प्रतिष्ठित गंगा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट (ग्रुप 3) पर किया गया, जो अदानी ग्रुप की कंपनी अदानी रोड एण्ड ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (एआरटीएल) का एक प्रोजेक्ट है। जिसका नेतृत्व हरदोई एवं उन्नाव ज़िलों के बीच यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) द्वारा किया गया है। यह काम 17 मई 2025 सुबह ठीक 5 बजे शुरू हुआ और लक्ष्य के मुताबिक 18 मई 2025 को सुबह 5 बजे पूरा हो गया। महज 24 घण्टे के भीतर इसे सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए इंजीनियरों, आधुनिक मशीनरी, मटीरियल एवं कुशल श्रमिकों ने अद्भुत समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया।

# लखनऊ की गर्मी में यहाँ है आपका परफेक्ट सिटी ट्रेल





**लखनऊ।**अगर आप लखनऊ में गर्मी की छुट्टियां मना रहे हैं, चाहे आप छुट्टी पर हों, छुट्टियों में घर आए हों या नवाबी राजधानी की सैर करने वाले पर्यटक हों, तो यह सिटी ट्रेल आपके यात्रा कार्यक्रम में ज़रूर शामिल होना चाहिए। चाहे आप एक स्थानीय व्यक्ति हों जो गर्म शाम को सड़कों पर घूम रहे हों या छुट्टियों में नवाबी हवा में भीगने वाले पर्यटक हों, लखनऊ आपको ऐसे अनुभवों से भर देता है जो लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं। बड़ा इमामबाड़ा से शुरुआत करें, जहाँ गूंजते गलियारे आपको सदियों पहले ले जाते हैं। रूमी दरवाज़े पर आराम करें, फिर चिकनकारी या बेहतरीन इत्र की तलाश में चौक या अमीनाबाद के छायादार गलियारों में कदम रखें। रेजीडेंसी खंडहरों पर जाएँ, हज़रतगंज में कुल्हड़ वाली चाय के लिए रुकें या सूरज ढलने पर जनेश्वर मिश्र पार्क में टहलें। यह एक ऐसा शहर है जहाँ शामें गंजिंग के लिए बनाई जाती हैं- स्थानीय शब्द है जिसमें घूमना, लोगों को देखना, सड़क पर खरीदारी करना और बस पल को जीना शामिल है। और जब आप यह सब कर रहे होते हैं, तो एक जगह है जो लखनऊ के पुराने-नए आकर्षण की भावना को दर्शाती है; हजरतगंज सोशल। जहाँ विरासत हलचल से मिलती है एमजी रोड पर एक पुनर्निर्मित हवेली में स्थापित, यह नए जमाने का कैफे-बार अतीत और वर्तमान को एक साथ लाता है जैसा कि कुछ ही जगहें करती हैं। लखौरी ईंटों और पुरानी अवधी मेहराबों से लेकर विचित्र कलाकृति और सोशल के सिग्नेचर एज तक, माहौल नॉस्टैल्जिक और ताज़ा दोनों है। आप खाने की उम्मीद में अंदर जाते हैं और झरोखों, छत के नज़ारों और गर्म रोशनी में उकेरी गई कहानियों के लिए रुक जाते हैं जो हर कोने को ऐसा महसूस कराती हैं जैसे कोई फोटो खिंचवाने का इंतज़ार कर रहा हो। छत पर स्थित सोशल छत से शहर के शानदार नज़ारे दिखते हैं, खास तौर पर प्रतिष्ठित जीपीओ बिल्डिंग, जो इसे ट्रेल के बाद घूमने के लिए एकदम सही जगह बनाती है और नीचे हज़रतगंज की चहल-पहल, यह सैर-सपाटे से ब्रेक लेने, कुछ ठंडा पीने और बस... रहने के लिए एकदम सही जगह है।

**पूरा लखनऊ, एक प्लेट पर**

सोशल का %लोकल हीरोज़% मेन्यू लखनऊ के समृद्ध पाक-कला के लिए एक साहसिक श्रद्धांजलि है, जो शहर के प्रतिष्ठित स्वादों को सोशल ट्विस्ट के साथ एक साथ लाता है। मींगचपली कबाब, बोटी कबाब और मटन, चिकन या सोया चंप में स्वादिष्ट एपिक लाहौरी कढ़ाई के बारे में सोचें, प्रत्येक व्यंजन परंपरा में निहित है, फिर भी ताज़गी से भरा हुआ है। एक कुरकुरी, चटपटी शुरुआत के लिए, अमचूर और अनार पापड़ी भल्ला और काले और पालक पत्ता चाट बिल्कुल सही हैं। और अगर आपको मीठा खाने का शौक है, तो मज़ेदार क्रोइसैन्ट का मीठा या आरामदायक मावा और अनानास का हलवा न भूलें, हर एक निवाले में लखनऊ का एक छोटा सा टुकड़ा होता है। इसे अपनी गर्मियों की कहानी बनाएँ

तो चाहे आप छुट्टी पर छात्र हों, शहर घूमने वाला परिवार हो, या अपने तरीके से गंजिंग करने वाला जोड़ा हो, लखनऊ आपको धीमा होने, तलाशने और इसके विरोधाभासों से प्यार करने के लिए आमंत्रित करता है। और जब आपको ऐसी जगह की ज़रूरत होती है जो घर जैसा लगे, फिर भी शहर की धुन के साथ धड़कता हो, तो आप जानते हैं कि कहाँ जाना है। तो इस गर्मी में, अपनी गंजिंग सही तरीके से करें, अपनी लखनऊ कहानी में थोड़ा सोशल जोड़ें

## किस तरह प्रदीप कुमार ने क्रिकेट के प्रति अपने जोश और जुनून को एक नए तरह के स्किल में बदल डाला

**लखनऊ।** भारत में, क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है - यह एक ऐसी बोली है, जिसे सभी आसानी से समझ जाते हैं। ये खेल छोटे शहरों के लिविंग रूम में, शहरों की छतों पर और चाय की गुमटियों पर होने वाली बहसों में, हमेशा पहले पायदान पर रहता है। पीढ़ियों से, क्रिकेट प्रशंसक होने का मतलब खेल देखना, टीम में चुने गए खिलाड़ियों पर बहस करना और कप्तानों के बारे में अनुमान लगाना था, लेकिन होता ये सब दूर से ही था। लेकिन पायदान के नीचे-नीचे एक शांत बदलाव भी करवट ले रहा था। आज, प्रशंसक सिर्फ़ फ्रंट सीट ही नहीं चाहते बल्कि वे इस पूरे प्रोसेस और एक्शन का हिस्सा भी बनना चाहते हैं। यह बदलाव ऐसे फॉर्मेट्स की शुरुआत को बढ़ावा दे रहा है जो पूरी तरह से पैसिव दर्शकों को एक्टिव और स्ट्रेटिजक तौर पर खेल से जोड़ देते हैं। ऐसा ही एक फॉर्मेट, जो पूरे देश में लोकप्रिय हो रहा है, वह है स्पोर्ट्स ट्रेडिंग - एक रियल टाइम, स्किल-बेस्ड एक्टिविटी जो एनालसिस, टाइमिंग और गेम इंटेलीजेंस को रिवॉर्ड और अवॉर्ड देती है। उत्तर प्रदेश के क्रिकेट के दीवाने प्रदीप कुमार शुक्ला इस बदलाव के प्रतीक हैं। खेल के एक समर्पित फॉलोअर, फैन, प्रदीप हमेशा मैच से पहले की भविष्यवाणियों और टेक्टीकल इनसाइट्स के लिए अपने सर्कल में काफी जाने-माने जानकार हे हैं। उनका कहना है कि ÷मैंने हमेशा छोटी-छोटी बातों पर नज़र रखी है- कौन किस स्थान पर बेहतर खेल दिखा रहा है, किस तरह के दबाव में बॉलर कैसे रिस्पांस करता है। यहां तक कि मौसम कैसे नतीजों को बदल सकता है, इस पर भी नजर रखता हूं। लेकिन हाल ही तक, उस नॉलेज का कोई भी रियल आउटलेट नहीं था। यह सब कुछ तब बदल गया जब प्रदीप स्पोर्ट्स ट्रेडिंग में आए। उनका कहना है कि ÷यह पहली बार था जब मुझे लगा कि मेरे जैसे लोगों के लिए ये एक खास जगह बनाई गई है- जो न केवल खेल देखते हैं बल्कि इसकी अलग अलग परतों को भी समझते हैं। वे बताते हैं कि स्पोर्ट्स ट्रेडिंग ने उन्हें रियल टाइम में अपनी इनसाइट्स को अमल में लाने का मौका दिया, जिससे मैच की उतार-चढ़ाव और अन्य सभी पहलुओं के आधार पर महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय लिए जा सके।

# टाटा पावर का शानदार प्रदर्शनः वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में

## पीएटी 25% (साल-दर-साल आधार पर) बढ़कर 1,306 करोड़ हो गया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने लगातार 22वीं तिमाही में अपनी मजबूत वृद्धि की गति जारी रखी है, जिसमें कंपनी ने 1,306 करोड़ (25% साल दर साल वृद्धि) का कर पश्चात लाभ (पीएटी) और 17,328 करोड़ (7% साल दर साल वृद्धि) का राजस्व अर्जित किया है। उत्पादन, टीएंडडी और नवीकरणीय ऊर्जा सहित मुख्य व्यवसायों में मजबूत प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए 14% बढ़कर 3,829 करोड़ हो गया।

मुख्य व्यवसाय PAT* 52% (साल दर साल) बढ़कर 1,541 करोड़ हो गया।

कुल वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख कारक इस प्रकार रहे सभी पावर प्लांट्स से उच्च बिजली बिक्री, तिरुनेलवेली स्थित सभी मॉड्यूल और सेल लाइनों का पूर्ण स्तर पर उत्पादन और पूरे भारत में सोलर रूफटॉप व्यवसाय में बड़ी प्रगति (1.5 लाख इंस्टॉलेशन की उपलब्धि हासिल)।

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में डिस्ट्रीब्यूशन सेगमेंट का पीएटी 73% YoY की शानदार वृद्धि के साथ सामने आया, जिसमें ओडिशा डिस्कॉम्स की अहम भूमिका रही।

ओडिशा डिस्कॉम्स का पीएटी तीन गुना बढ़कर 275 करोड़ हो गया, जिसे बेहतर बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी और कम श्वष्टरु प्रावधानों का समर्थन मिला।

कंपनी ने वित्त वर्ष 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में अब तक की सबसे अधिक वार्षिक आय 64,502 करोड़ दर्ज की। पूरे वर्ष के लिए शुद्ध लाभ (PAT)* 26% बढ़कर 5,197 करोड़ हो गया, जो पहली बार 5,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। वर्ष के लिए EBITDA भी 14% बढ़कर रिकॉर्ड स्तर 14,468 करोड़ पर पहुंच गया।

टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 टाटा पावर के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, जिसमें कंपनी ने 5000 करोड़ से अधिक का रिकॉर्ड-तोड़ शुद्ध लाभ हासिल किया है, जो हमारे सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में असाधारण योगदान का परिणाम है।

Q4FY25 लगातार 22वीं ऐसी तिमाही रही है जिसमें पीएटी में वृद्धि दर्ज की गई, और इस दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुईं। पहली बार हमने एक ही वर्ष में 1 GW से अधिक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी और अब हम वित्त वर्ष 2025-26 में 2 GW का लक्ष्य बना रहे हैं। हमारी रूफटॉप सोलर बिजनेस ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें 1.5 लाख से अधिक इंस्टॉलेशन हुए हैं और कुल स्थापित क्षमता 3 GW तक पहुंच गई है।

इसके अतिरिक्त, तिरुनेलवेली, तमिलनाडु स्थित हमारी 4.3 GW सेल और 4.3 GW मॉड्यूल निर्माण सुविधा ने वर्ष के दौरान 3,291 MW मॉड्यूल और 846 MW सेल का उत्पादन किया। हमारी वितरण (डिस्ट्रिब्यूशन) शाखा ने भी मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें ओडिशा डिस्कॉम्स से Q4FY25 में पीएटी तीन गुना और पूरे वित्त वर्ष में 43% की वृद्धि के साथ दर्ज किया गया।

इस मजबूत विकास पथ पर आगे बढ़ते हुए, हम एक नए ऊर्जा युग की रूपरेखा तय करने के लिए तैयार हैं भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाते हुए और इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की परिवर्तनकारी यात्रा में शक्ति प्रदान कर रहे हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में, टाटा पावर ने 2.5 GW से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू की – जिसमें 1 GW इन-हाउस यूटिलिटी-स्केल प्रोजेक्ट्स, 600 MW रूफटॉप सोलर (लगभग 782 MWp), और 900 MW थर्ड-पार्टी ग्राहकों के लिए शामिल हैं जो तेज़ी और बड़े पैमाने पर परियोजनाएं निष्पादित करने की कंपनी की विशेषज्ञता को दर्शाता है।

कंपनी के पास कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लगभग 3 GW की क्षमता विकासाधीन है। इसे 6,800 MW से अधिक ग्रिड कनेक्टिविटी की मंजूरी मिल चुकी है और कंपनी ने निर्माणाधीन 5.4 GWकी परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30,000 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत भर में अनुमानित 277 GW की पीक डिमांड को पूरा करने के लिए, हमारी सभी नवीकरणीय और थर्मल उत्पादन इकाइयाँ अधिकतम क्षमता पर संचालित हो रही हैं, ताकि सबसे किफायती और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# आइस मेक ने Qy में 64% की तेज़ी के साथ ?480 करोड़ का सालाना राजस्व हासिल किया

**लखनऊ।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड जो 50 से अधिक प्रकार के व्यावसायिक और औद्योगिक रेफ्रिजरेशन उपकरणों का अग्रणी निर्माता है, ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और पूर्ण वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में ?180.82 करोड़ का समेकित परिचालन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में ?140.14 करोड़ था। यह 26.76% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है, जबकि तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 29.02त्न की वृद्धि हुई है। चौथी तिमाही में कंपनी का EBITDA ?21.85 करोड़ रहा, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में ?20.93 करोड़ था। हालांकि, इनपुट लागतों में वृद्धि के चलते EBITD मार्जिन घटकर 12.08% रह गया, जो कि एक वर्ष पूर्व 14.93त्न था। इस अवधि में शुद्ध लाभ 11.66 करोड़ रहा, जो Qy FY24 में 14.27 करोड़ था, जबकि प्रति शेयर आय 7.42 रही, जो कि पिछले वर्ष 9.06 थी। पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व 480.42 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष के 379.00 करोड़ की तुलना में 26.76% की उल्लेखनीय वृद्धि है। इस वर्ष EBITDA 43.44 करोड़ रहा, जबकि FYw4 में यह ?41.39 करोड़ था। हालांकि, EBITDA मार्जिन पिछले वर्ष के 10.92% से घटकर 9.04त्न पर आ गया। पूरे वर्ष के लिए शुद्ध लाभ 22.90 करोड़ रहा, जबकि FY24 में यह 26.14 करोड़ था। इसी अवधि के लिए प्रति शेयर आय 14.65 रही, जो पिछले वर्ष 16.64 थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने ?10 के अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर ?2.25 (22.5त्न) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो आगामी वार्षिक आमसभा में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री चंद्रकांत पटेल ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही में हमने 64% की अनुक्रमिक वृद्धि के साथ एक मजबूत समापन किया, जो हमारे व्यापार की मजबूत नींव और ऑर्डर निष्पादन में सुधार को दर्शाता है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान हमने ?480 करोड़ के राजस्व तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की, जो हमारे आंतरिक ?500 करोड़ के लक्ष्य से थोड़ा कम रहा। इस अंतर का प्रमुख कारण वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में कुछ उत्पादों के आदेशों के निष्पादन में देरी रहा। उन्होंने आगे कहा कि इन देरीयों और इनपुट लागतों के पहले से लेखांकन के समय में अंतर ने पूरे वर्ष की लाभप्रदता को प्रभावित किया। बावजूद इसके, नवाचार, क्षमता विस्तार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण में किए गए रणनीतिक निवेशों ने कंपनी के संचालन को मज़बूती प्रदान की।

## मेहुल चोकसी पर सेबी की दबिश, भगोड़े हीरा कारोबारी को भेजा गया 2.1 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। चोकसी की ओर से जनवरी 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह डिमांड नोटिस जारी किया गया। बाजार नियामक सेबी ने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। सेबी ने चोकसी को चेतावनी भी दी है कि यदि वह 15 दिन के भीतर भुगतान करने में विफल रहता है तो उसकी संपत्ति और बैंक खाते कुर्क कर लिये जायेंगे। चोकसी की ओर से जनवरी 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह डिमांड नोटिस जारी किया गया। चोकसी, जो गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रमोटर समूह का हिस्सा भी थे, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। 2018 की शुरुआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद चोकसी और मोदी भारत से भाग गए थे। पिछले महीने, भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल जब वह इलाज के लिए बेल्जियम गया था, तब उसे बेल्जियम में पाया गया था। वह भारत छोड़ने के बाद 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था। मोदी को मार्च 2019 में स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने गिरफ्तार किया था और वह वर्तमान में उसी देश की जेल में बंद है। 15 मई को जारी ताजा वसूली नोटिस में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने चोकसी को 15 दिनों के भीतर 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। इसमें 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना और 60 लाख रुपये का ब्याज शामिल है।

# मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं, कहते हैं टॉम क्रूज़



**लखनऊ।** टॉम क्रूज़ और भारत के बीच का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। सालों से वह सिर्फ पहाड़ों से छलांग लगाना या प्लेनों से लटकना ही नहीं कर रहे–बल्कि भारतीय फैंस के दिलों में सीधा उतर गए हैं। हॉलीवुड के एक्शन के राजा कहे जाने वाले क्रूज़ का भारत से जुड़ाव सिर्फ रेड कार्पेट या ब्लॉकबस्टर प्रीमियर तक सीमित नहीं है। उनकी विनम्रता, आकर्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी रुचि ने उन्हें देशभर में एक चहेता बना दिया है। चाहे वह ताजमहल को देखकर उनकी आंखों में झलकती हुई हैरानी हो या बॉलीवुड गानों पर उनका डांस–क्रूज़ ने भारत के साथ कुछ अनोखे और दिल को छू जाने वाले पल साझा किए हैं।

Mission: Impossible - The Final Reckoning के प्रीमियर के दौरान जब उनसे बातचीत हुई, तो वह ताजमहल की अपनी उस यादगार यात्रा को याद करने से खुद को रोक नहीं पाए, जो उन्होंने Mission: Impossible - Ghost Protocol के प्रमोशन्स के दौरान की थी एक अनुभव जिसे उन्होंने हमेशा के लिए यादगार÷ बताया। लेकिन असली सरप्राइज़ तब आया जब क्रूज़ ने मज़ाक-मजाक में यह कह दिया कि वह बॉलीवुड के जादू के लिए तैयार हैं! ÷ये मेरी लिस्ट में है–ऐसे फिल्में बनानी हैं,÷ उन्होंने कहा और बॉलीवुड फिल्मों की एनर्जी, ड्रामा, डांस और खुशी की जमकर तारीफ़ की। अब ज़रा सोचिए–अगर एथन हंट डांस सीक्वेंस में थिरकता नज़र आए, तो वो मिशन कौन नहीं देखना चाहेगा? हाल ही की बातचीत में इस हॉलीवुड सुपरस्टार ने सभी को चौंका दिया जब उन्होंने धाराप्रवाह हिंदी में बोलना शुरू किया, जैसे–मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं,÷ और तो और, अपनी ही फिल्म की एक लाइन को हिंदी में दोहराया मैं चाहता हूं तुम मुझ पर भरोसा करो एक आख़िरी बार। उनकी परफेक्ट उच्चारण और भाषा पर पकड़ यह संकेत दे रही थी कि वे वाकई बॉलीवुड के लिए तैयार हैं। इससे भारतीय फैंस में जबरदस्त उत्साह फैल गया, जो अब उन्हें भारतीय परदे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। और मान लीजिए–अगर वह हिंदी में एथन हंट निभा सकते हैं, तो बॉलीवुड में उनकी एंट्री कोई नामुमकिन मिशन नहीं होगी!

क्रूज़ का भारत के प्रति प्यार एक सच्चा और दिल से जुड़ा रिश्ता है, जिसे उन्होंने सालों से निभाया है। मुंबई की भीड़-भाड़ भरी गलियों से लेकर ताजमहल की कालातीत खूबसूरती तक, उन्होंने भारतीय संस्कृति को उसी सच्चाई और अपनापन के साथ जिया है, जो फैंस के दिलों को छू जाती है। हाल की उनकी बातचीत ने इस रिश्ते को और गहरा कर दिया है, जो न केवल उनके वैश्विक स्टारडम को दर्शाती है, बल्कि भारत के प्रति उनके प्रेम को भी।

Mission: Impossible - The Final Reckoning जब 17 मई 2025 को भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल और तेलुगू में अमेरिका से 6 दिन पहले रिलीज़ हो रही है, तो भारतीय फैंस एक बार फिर क्रूज़ के जादू को देखने के लिए तैयार हैं। और कौन जाने–शायद अगली बार वह हमें बॉलीवुड की रौशनी में, परफेक्ट हिंदी बोलते हुए और फिर से दिल जीतते हुए नज़र आएं!

## सोना 580 रुपये बढ़कर 97030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 500 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली।** सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार, सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन दबाव अब भी बना हुआ है। चांदी भी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई। वैश्विक बाजार में मजबूत रुख के बीच सोमवार को दिल्ली में सोना 580 रुपये की तेजी के साथ 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव पर बंद हुआ था।

सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार, सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन दबाव अब भी बना हुआ है। अप्रैल के लिए अमेरिका में पीपीआई और सीपीआई के कमजोर आंकड़े महंगाई घटने के संकेत देते हैं। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, इसी समय, अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड 4.5 प्रतिशत के करीब पहुंच रही है, जो शुक्रवार को आई तेजी को और बढ़ा रही है, जब रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को॰ड्डड्ड से घटाकर॰ड्ड1 कर दिया था। मेहता ने कहा कि इस कदम से सोने में रुचि फिर से जागृत हुई है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बिलों में निवेश कम कर रहे हैं और सुरक्षित परिसंपत्ति की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, चांदी भी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम सभी करों सहित हो गई।

# अम्बेडकर की मूर्तियों से किसकी दुश्मनी, माहौल बिगाड़ने की साजिश

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों से किसकी दुश्मनी है। कुशीनगर जनपद में पिछले कई महीनो में अंबेडकर की मूर्तियों को तोड़ दिया गया। मूर्ति तोड़ने की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस पहुंचती है, और क्षतिग्रस्त मूर्ति को ठीक तो करा देती है लेकिन मूर्ति किसने तोड़ी अब तक एक भी असामाजिक तत्वों को पुलिस कार्रवाई करने करने में नाकाम साबित हुई है। अब सवाल यह उठता है कि बाबा साहेब की मूर्ति बार बार क्यों तोड़ी जा रही है। इनकी मूर्ति से किसकी दुश्मनी है, माहौल बिगाड़ने की कोशिश तो नहीं की जा रही है।



कुशीनगर में तोड़ी गई अम्बेडकर की मूर्ति

**विभिन्न तिथियों में तोड़ी गई मूर्तियों का विवरण इस प्रकार है-**

**केस एक**-18 मार्च 2024 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर आठ इंदिरा नगर में असमाजिक तत्वों द्वारा कम्पोजिट विद्यालय के सामने स्थापित डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे वार्ड के लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। सुचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी, लेकिन मूर्ति किसने तोड़ पता नहीं लगा पाई, यह घटना करीब एक वर्ष हो गया।

**केस दो** - 04 सितम्बर 24 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सोमली गांव के कमकरी टोला पर चार वर्ष पूर्व स्थापित अंबेडकर मूर्ति को अराजक तत्वों ने तोड़कर जमीन पर गिरा दिया था, जिसके चलते गांव का पूरा माहौल गरमा गया। मौके पर पहुंचे प्रशासन ने सूझबूझ से ग्रामीणों को शांत कराया था।

**केस तीन** - 26 फरवरी 2025 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पोखरभिण्डा नं. एक में डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ने की सूचना पर पहुंचे लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मूर्ति तोड़ने वालों की गिरफ्तारी के साथ साथ बाबा साहेब की नई मूर्ति लगाने की मांग करने लगे। न्यायिक तहसीलदार कप्तानगंज और प्रभारी निरीक्षक ने उग्र भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया तथा खंडित मूर्ति की मरम्मत कराई।

**केस चार**-12 मई 2025 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर में कंपोजिट विद्यालय के सामने अराजक तत्वों ने एक वर्ष में दूसरी बार अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दिया था। सुबह इसकी जानकारी होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। एसडीएम हाटा ने भी घटना स्थल का जायजा लिया, इसके बाद पुनः मूर्ति का मरम्मत कराया गया।

- जिले में लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा द्वारा तोड़ी जा रही अंबेडकर की मूर्ति

**मूर्ति तोड़ने पर भीम आर्मी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन** -जिले में लगातार अम्बेडकर की पूर्ति तोड़ने की सूचना पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। आर्मी के जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद ने पिछले दिनों डीएम को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपकर कार्रवाई की मांग किया था जिसमें आए दिन बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ने का मामला प्रमुखता से उठाया है।

# भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की बैठक में बनी वर्षा काल में भूगर्भ जल भंडार बढ़ाने की कार्ययोजना

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में डी एम संजय चौहान ने जनपद में भूगर्भ जल के संरक्षण, पुनर्भरण,रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और चेक डैम निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। ग्राउंड वाटर डेवलपमेंट प्रोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा भी की गई।



डीएम ने लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता जुबेर अहमद को जिले में व्यापक सर्वेक्षण कराकर भूगर्भ जल स्तर अत्यंत नीचे पहुंचने वाले क्षेत्रों की पहचान कर ऐसे चिंहित क्षेत्रों में वर्षा काल के पहले मनरेगा से तालाब खुदवाने के निर्देश दिए। डी एम ने कहा कि वर्षा जल को रोकने और उसका उपयोग करने से ही भूजल स्तर में सुधार सम्भव है। बैठक में सहायक अभियंता लघु सिंचाई ने बताया कि भूगर्भ जल दोहन के लिए ग्राउंडवाटर डेवलपमेंट पोर्टल पर तीन श्रेणियों के आवेदन प्राप्त होते हैं–कृषि कार्य, ड्रिलिंग एजेंसी और व्यावसायिक उपयोग हेतु। वर्तमान में कृषि हेतु तीन, व्यावसायिक कार्य हेतु तीन और ड्रिलिंग एजेंसी हेतु दो आवेदन लंबित हैं, जिन्हें जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की संस्तुति के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। पिछले वित्तीय वर्ष में संग्रामपुर विकास खंड में दो चेक डैम निर्मित कराए गए हैं।11रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष में विकास खंड भादर में दो चेक डैम का निर्माण प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता और जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की दो सदस्यीय समिति गठित कर आवेदन पत्रों की जांच कर शीघ्र आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए। बैठक में भूगर्भ जल प्रबंधन समिति के सदस्य व पर्यावरणविद् डॉ. अर्जुन पांडे ने भी जल संकट के समाधान हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने जल संचयन की परंपरागत पद्धतियों के साथ-साथ वैज्ञानिक उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अमेठी जल बिरादरी की ओर से जल संरक्षण और जल भंडार बढ़ाने के लिए दिए गए सुझाव -एक नजर- जनपद की दोनों छोटी जलधाराओं मालती एवं उज्जयिनी के बेड पर जलकुंड बनाये जायें। कुओं को पुनर्जीवित किया जाय। बचे तालाबों के सिल्ट निकासी की व्यवस्था की जाय भादर ब्लाक के लगभग दश जल रिक्त गांवों को चिन्हित किया जाये। जिले स्तर पर जल समितियों को सक्रिय किया जाये। **कोका कोला कंपनी कर रही सबसे अधिक जल दोहन** - सुल्तानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी में संचालित कोका कोला कंपनी की ओर से धरती के भूगर्भ जल भंडार कासबसे अधिक दोहन किया जा रहा है।

# हॉटस्पॉट स्थलों पर हो रही कार्रवाई की एडीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- प्राइवेट बस स्टैंड निर्माण हेतु सभी ईओ को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिए निर्देश

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी की वैभव मिश्रा के अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।



सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा करते एडीएम

बैठक में सर्व प्रथम पडरौना स्थित बड़ी नहर पर एक नए पुल बनाए जाने के संबंध में पुछताछ की गई तथा आवश्यक सुझाव भी दिए गए। बैठक में जनपद के हॉट स्पॉट, जनपद में जनवरी से अप्रैल तक की दुर्घटनाओं, पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस सहित तत्काल इलाज की व्यवस्था, स्कूली वाहनों का फिटनेस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता, नो हेलमेट नो पेट्रोल पर की जा रही कार्यवाही, प्राइवेट बस अड्डा संचालन हेतु आवेदन लिए जाने आदि के संबंध में विधिवत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा दौरान जनपद के 23 ब्लैक स्पॉट स्थानों में 05 संवेदनशील स्थानों पर विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में पुछताछ की गई। सपहा रोड कसया में सड़क अतिक्रमण के संबंध में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि अतिक्रमित क्षेत्र में कच्चा कार्य ही कराए गए हैं, जिसे शीघ्र मुक्त करा दिया जाएगा। जनपद में माह जनवरी से अप्रैल तक हुई दुर्घटना के सापेक्ष मृत्यु के बारे में पूछताछ की गई। पुलिस विभाग द्वारा कुल 244 एफआईआर के सापेक्ष 47 एफआईआर के फीडिंग की जानकारी दी गई। इसी प्रकार एनएचआई के कुल 05 प्रमुख ब्लैक स्पॉट स्थलों को कार्ययोजना में शामिल किए जाने का निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त संभावित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर भी प्रभावी कार्यवाही सहित कार्ययोजना में सम्मिलित किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि की आपात काल हेतु कुल 4 वाहन हैं जिसमें दो जनपद मुख्यालय एवं एक एक हाटा एवं तमकुही में अवस्थित है जिसे दुर्घटना स्थल पर 5-10 मिनट में पहुंच जाता है। स्कूली वाहनों के फिटनेस जांच के संबंध में बताया गया कि दो अलग अलग तिथियों में कैंप के माध्यम से 27 बसों को अनफिट पाया गया जिसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि जनपद में 1267 स्कूली वाहन हैं जिसमें 1165 का फिटनेस जांच कर लिया गया है। बैठक दौरान पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संपादन में पुछताछ की गई। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा के संबंध में विद्यालयों द्वार जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में बीएसए द्वारा जानकारी दी गई।

# पत्रकार समाज का प्रतिबिम्ब, पत्रकारिता व्यवसाय नहीं समाज निर्माण का काम

अवधनामा संवाददाता

- अपनी खबरों से समाज में विश्वास पैदा करें पत्रकार : डॉ. अंगद सिंह
- जनता को सूचित और शिक्षित बनाना पत्रकारों की बुनियादी भूमिका : डा अर्जुन पांडेय
- सामाजिक संरचना में पत्रकारों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन

**अमेठी।** रविवार को स्थानीय डाक बंगले में अमेठी जल बिरादरी और सहारा जीवन अखबार की ओर से सामाजिक संरचना में पत्रकारों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के समापन के दौरान डॉ अर्जुन पांडेय और डॉ संतोष श्रीवास्तव ने पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गर्मी के कारण जिले के अधिकांश पत्रकार आयोजन में शामिल नहीं हो पाए।



संगोष्ठी में ब्रेकिंग न्यूज, भ्रामक खबरों से सावधान रहने, समाज में गलत संदेश देने वाली खबरों को शेयर करने और प्रचार प्रसार से बचने के साथ समाज में पत्रकारों के प्रति कम हो रहे विश्वास को बनाए रखने के लिए निष्पक्षता की कसौटी पर खरे उतरने का संदेश दिया गया। तारकेश्वर मिश्र ने कहा कि आज कुछ लोग पत्रकारिता के नाम पर सिर्फ व्यवसाय कर रहे हैं। अपनी खबरों के माध्यम से सोशल मीडिया पर व्यक्ति विशेष के गुणगान के अलावा और कुछ नहीं करते। वरिष्ठ पत्रकार और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ अंगद सिंह के कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्षता और विश्वसनीयता का बड़ा संकट है। अधिकांश पत्रकार मेहनत करके अपनी खबरों को नहीं लिख रहे। घटना, दुर्घटना, कार्यक्रम के अलावा और चीजें भी हैं जो समाज के लिए खबर हो सकती हैं। उन्होंने पत्रकारों को विज्ञप्तियों और सोशल मीडिया के बयानों के पीछे भागने के बजाय अपनी रचनात्मक खबरों से लोगों का विश्वास जीतने पर जोर दिया। खबरों से समाज में हिंसा, अशांति, नफ़रत की भावना न फैले इसका सबको ध्यान देना चाहिए। विकास कार्यों का सही क्रियान्वयन हो इसके लिए निष्पक्ष खबरें लिखी जानी चाहिए। डा अर्जुन पांडेय ने कहा कि पत्रकारों की बुनियादी भूमिका समाज को सूचित और शिक्षित नागरिक बनाने के साथ अपनी लेखनी के माध्यम से गांव समाज की बुराईयों, अच्छाईयों और समस्याओं को फोकस करने के साथ समस्या का निराकरण भी प्रस्तुत करना है।समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में जो लोग अच्छा काम कर रहे हैं, पत्रकार उन्हें भी आम जनता के समक्ष प्रदर्शित और प्रोत्साहित करें। मुख्य अतिथि बनाए गए युवा पत्रकार और कवि चिंता मणि मिश्रा ने कहा कि आज की पत्रकारिता क्षीण होती जा रही है। खबर अपने लिए नहीं समाज और देश के लिए लिखी जाती हैं। समाज में विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तथ्यात्मक खबरों की जरूरत है।सही मायने में पत्रकार समाज का प्रतिबिम्ब होता है। पत्रकार की कलम और समाचार पर समाज से सवाल न उठे, सरकार खबर को संज्ञान में ले, समस्या उठाई जाय तो उसका निराकरण भी सामने आये, यदि ऐसा होता है , तभी सामाजिक संरचना में पत्रकारों की भूमिका मानी जाएगी। सुधीर रंजन द्विवेदी ने फेंक न्यूज से बचने की सलाह दी। दिलीप सिंह ने कहा कि पत्रकारों को सत्यनिष्ठ, निर्भीक और विश्वसनीय होना चाहिए। ईमानदारी से खबरें लिखना सबसे पहला काम है। संगोष्ठी को सूर्य प्रकाश शुक्ला,रमन लाल पांडेय, आशीष त्रिपाठी, राघवेन्द्र पांडेय, अखिलेश मिश्र आदि ने संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन कवि समीर मिश्र ने किया।

## रोजगार मेले में 73 प्रतिभागी चयनित




**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में जनता इण्टर कॉलेज, गूढ़ा, शिवगढ़, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें शिवशक्ति बायोटेक्नॉलाजी लि0, पुखराज हेल्थ केयर वर्धमान टेक्सटाइल्स लि0, स्किलसोर्स लर्निंग एण्ड टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि एवं कानपुर प्लास्टिपैक लि0 द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 73 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। रोजगार मेले में आनन्द कुमार गुप्ता, प्राचार्य, एवं सुश्री तनुजा यादव प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मेले का शुभारम्भ करते हुए प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया तथा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। प्राचार्य द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके।

## झमाझम बारिश से गन्ने की फसलों को संजीवनी धान का बीज गिराने में भी होगी आसानी

### सोमवार की सुबह हुई बारिश से लोगों को गर्मी से भी मिली राहत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सोमवार की सुबह जिले के विभिन्न हिस्सों में हुई झमाझम बारिश से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली वहीं, गन्ने की फसल की हरियाली भी लौट आई है। अब धान का बीज तैयार करने में भी किसानों को आसानी होगी। बता दें कि सुबह हुई बारिश से खेतों में नमी होने के कारण किसान धान का बीज गिराएंगे, खेतों की तैयारी की जा सकेगी। बारिश से गर्मी से भी राहत मिली है, तापमान 27 डिग्री रहा। दूसरी तरफ झूलस रहे गन्ने की फसल को भी थोड़ी राहत मिल गई है, जो किसान फिलहाल सिंचाई के लिए बेचैन थे, अब उन्हें एक सप्ताह चिंता नहीं रहेगी। धान का बीज गिराने के लिए खेतों में नमी का इंतजार कर रहे किसानों को भी इससे राहत मिली है। बता दें इस क्षेत्र में किसानों को नहरों से सिंचाई व्यवस्था का लाभ नहीं मिल रहा है। मजबूरी में किसानों को महंगे डीजल और बिजली से अपनी फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए राहत बनी है। किसानों का कहना है कि इसी तरह पांच सात दिनों में फिर बारिश हो जाए तो किसानों को आर्थिक क्षति नहीं उठानी पड़ेगी और गन्ना का विकास तेजी से होगा। कई किसानों ने बताया कि गन्ना में खाद डालने के लायक बारिश नहीं हुई है, लेकिन कड़ी धूप के कारण जिस तरह गन्ना झुलस रहे थे, उन्हें राहत जरूर मिली है।

## जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड को डा आलोक तिवारी को तैनात किया गया, सप्ताह में दो दिन मिलेंगी अल्ट्रासाउंड सेवाएं

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ व सुचारु बनाए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज अमेठी के पत्र के क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि डा0 आलोक तिवारी, सोनोलाजिस्ट को सप्ताह में दो दिन (सोमवार एवं बुधवार) जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन हेतु तैनात किया गया है। यह तैनाती डा सोमेश्वरपुरी, रेडियोलाजिस्ट के चिकित्सीय अवकाश के दौरान जनहित को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे प्रसूताओं और अन्य जरूरतमंद रोगियों को अल्ट्रासाउंड सेवाएं समय से प्राप्त हो सकें। डा आलोक तिवारी को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित दिवसों पर समय से उपस्थित रहकर समस्त रोगियों का अल्ट्रासाउंड कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा आलोक तिवारी की यह तैनाती उसी दिशा में उठाया गया एक प्रभावी कदम है।

## पीड़ित परिवारों को राहुल गांधी ने पहुंचाई मदद

**महाराजगंज,रायबरेली।** विगत 3 दिन पूर्व क्षेत्र के जनई गाँव में हुए भीषण अग्निकांड में सब कुछ जलकर ख़ाक हो गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए कांग्रेस पार्टी के सांसद हुआ नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी एक बार फिर क्षेत्र में गरीबों के लिए वरदान साबित हुए और घटना को संज्ञान में लेते हुए राहत सामग्री उपलब्ध कराई तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया महाराजगंज ब्लॉक के जनई ग्राम सभा में अज्ञात कारणों से आग लगने से रमेश पुत्र भगौती, मोहना पत्नी भगौती गरीब परिवार की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी तो रायबरेली सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा भेजी गई राहत सामग्री कांग्रेस महाराजगंज नगर अध्यक्ष के माध्यम से अग्निपीडितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाई। पीड़ित परिवारों ने सांसद राहुल गांधी जी का आभार जताया। इस मौके पर महाराजगंज नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल प्रिंशू वैश्य राजकरण सिंह अध्यक्ष न्याय पंचायत श्री रविचंद सिंह, बलभद्र सिंह ग्राम सभा अध्यक्ष, निशांख अहमद, हनुमान जायसवाल मौजूद रहे।



## टप्पेबाजी में 23 लोग गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** टप्पेबाजी व चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 23 लोगों को चंदापुर पुलिस व महराजगंज पुलिस की संयुक्त टीमों ने गिरफ्तार किया है। टप्पे बाजी व ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार किया गया गिरोह अंतर्जनपदीय बताया जा रहा है। यह ठगी करने वाला गिरोह टूटे-फूटे बर्तन बदलने के बहाने घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने घटना का सनसनीखेज खुलासा करते हुए ठगी किया गया माल (गहने) भी बरामद कर लिया है। आपको बता दें कि, चंदापुर थाने के अंतर्गत नया पुरवा में बीते 10 मई 2025 को ठगी करने वाले महिलाओं के एक गिरोह ने गांव की भोली-भाली महिलाओं से सोने चांदी के आभूषण आदि ठगी कर चंपत हो गया था।

## सात पशु तस्करों पर गैंगेस्टर एक्ट में कसया पुलिस ने की कार्रवाई

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया पुलिस ने सात पशु तस्करों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। इसमें सत्येन्द्र यादव पुत्र चन्द्रभूषण यादव निवासी छहूँ थाना तुर्कपट्टी, पंकज कुमार शुक्ला पुत्र सुमन शुक्ला, निवासी धेबवा थाना गोपालपुर बिहार, हामिद अली पुत्र समसुल हक निवासी गणेश डुम्मर तकिया थाना फुलवरिया गोपालगंज बिहार, अंशु यादव पुत्री मुनेसर यादव निवासी बदुराव थाना चौराखास जनपद कुशीनगर, संतोष यादव पुत्र चन्द्रभूषण यादव निवास छहूँ थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, महेश कुमार पुत्र साहब सरन निवासी कतरौली थाना रौनाही जनपद अयोध्या व चन्दन यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी पटलोहिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर शाम है। कसया पुलिस इन अभियुक्तों पर 3(1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुए बताया कि अभियुक्तगणों द्वारा अपने-अपने परिवार एवं सगे संबंधियों/गैंग सदस्यो के लिए आर्थिक व भौतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गोवंशीय पशुओं गाय, सांड, बैल की तस्करी करते है और उत्तर प्रदेश से बिहार व बंगाल ले जाकर काटकर अवैध धन अर्जित कर जिविका चलाते है। गैंग लीडर सत्येन्द्र यादव द्वारा अपने गैंग के सदस्यो के साथ 07.02.2023 को डीसीएम में कुल 12 गोवंशी पशुओं की तस्करी करते हुए बरामद किया गया था। यह गिरोह संगठित होकर अपने व अपने अन्य साथियों के लिए आर्थिक/भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गोवंशीय पशुओं गाय, सांड, बैल की तस्करी करते है एवं अवैध सम्पत्ति अर्जित करता है जिनके विरूद्ध थाना स्थानीय पर सत्येन्द्र यादव व उसके गैंग के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में देवरिया पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन मे समस्त थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम. और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग की गयी। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना। अभियान के तहत थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न बैंकों और ए.टी.एम. के आसपास चेकिंग की गयी। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गार्ड्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है। इसी क्रम में अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंको, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई । अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों । इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गार्ड्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है कि नहीं इसकी भी चेकिंग की गयी।



# गर्मी व लू से बचाव के लिए बरते सतर्कता: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** गर्मी के मौसम में तापमान में अत्यधिक वृद्धि और लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सतर्कता और सावधानी बरतते हुए स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि लू एक गंभीर समस्या है, जिससे शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों, किसानों और पशुओं की देखभाल इस मौसम में अत्यंत आवश्यक है।



जिलाधिकारी ने बताया कि दिन के सबसे गर्म समय, विशेकर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो सिर को टोपी, गमछा या रूमाल से ढककर, हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें। शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए नियमित अंतराल पर पानी, नींबू पानी, छाछ, आम पना जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। अधिक गर्मी होने पर ठंडी, छायादार, हवादार और स्वच्छ जगह पर ठहरना चाहिए। अगर किसी को चक्कर आना, बुखार, उल्टी या कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तत्काल निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर डॉक्टर से परामर्श कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है। उन्हें अनावश्यक रूप से धूप में न निकलने दें और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ देते रहें। घर के वातावरण को हवादार और साफ-सुथरा बनाए रखें। पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि उन्हें छायादार, हवादार और स्वच्छ स्थान पर रखें। पशुओं को हर समय ठंडा और साफ पानी उपलब्ध कराएं। दिन में एक-दो बार ठंडे पानी से नहलाएं या शरीर पर पानी का छिड़काव करें। उन्हें चरागाह में ले जाने का कार्य केवल सुबह या शाम के समय करें। यदि किसी पशु में कमजोरी, सुस्ती या खाने में कमी जैसी कोई समस्या दिखे तो तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें। किसानों को सुझाव दिया गया है कि वे खेतों में काम करने के लिए सुबह और शाम के समय का चयन करें। दोपहर में शरीर को पर्याप्त आराम दें। खेतों पर पानी, छाया और ओ.आर.एस. का प्रबंध रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित राहत दी जा सके। हल्का भोजन करें और नियमित अंतराल पर तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। अचानक थकावट या चक्कर आने की स्थिति में तत्काल काम रोककर छाया में विश्राम करें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि यह मौसम सावधानी बरतने का है। अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय अवश्य अपनाएं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र की चौकी थुलेडी अंतर्गत उस समय हड़कंप मच गया जब राघवपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने आम के पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही मजमा लग गया। मिलीजानकारी अनुसार विनोद कुमार लगभग 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कंधई रविवार व सोमवार की रात अपने ट्यूबवेल पर आम के पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।सोमवार की सुबह शौच क्रिया को गए ग्रामीणों ने घटना देख परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार मृतक दिल्ली में नौकरी करता था वहां एक्सीडेंट हो गया था जिसमें हाथ और कान के पास चोटे आई थी एक हफ्ता भर्ती होने के बाद दिल्ली से 4 मई को अपने घर आया हुआ था जिसका यहां भी इलाज चल रहा था। मृतक के बड़े भाई श्री कृष्णा पूर्व प्रधान व उनके पुत्र द्वारा बताया गया की रविवार की देर रात 2 बजे के बाद संभवत यह निकले हैं।

## तुषार और ज्योत्सना गौतम ने जीती डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, अंशी मौर्य को दूसरा स्थान मिला

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से आयोजित डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 75जिलों से कुल 19148 छात्र छात्राएं शामिल हुए। सीनियर वर्ग में हापुड़ के तुषार और जूनियर वर्ग में कानपुर देहात की ज्योत्स्ना गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रायबरेली की अंशी मौर्य ने सीनियर वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया है। अंशी मौर्य को सम्मानित करने के लिए सोमवार को रायबरेली में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अरुणेंद्र गौतम मान सिंह गौतम, डॉ अरविन्द गौतम ने विजयी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। भारतीय बौद्ध महासभा रायबरेली के अध्यक्ष डॉ सुनील दत्त, सरोज अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, हरिशंकर बौद्ध आदि ने पुरस्कृत छात्र छात्राओं को बधाई और मंगलकामनाएं दीं हैं।



# रानी अहिल्याबाई भारतीय नारियों के लिए आदर्श: सुशील

■ 21 मई को जिला गोष्ठी में पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत होगी मुख्य अतिथि

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर विभिन्न अभियानों से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में पार्टी द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने बताया कि 31 मई तक रानी अहिल्याबाई पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सुशील त्रिपाठी ने कहा रानी अहिल्याबाई भारतीय नारियों के लिए एक आदर्श हैं। भारतीय संस्कृति में उनका बहुमूल्य योगदान है। उन्होंने बताया कि 21 मई को पूर्वाह्न 11.30 बजे जिला स्तरीय गोष्ठी पार्टी मुख्यालय पर आयोजित होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत होंगी। गोष्ठी कराने की जिम्मेदारी जिला महामंत्री संदीप सिंह व पार्टी के मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी को दी गई है। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 28 मई को जिला मुख्यालय पर होगा। कार्यक्रम की जिम्मेदारी एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विजय त्रिपाठी को दी गई। 24 मई को घाट सज्जा व गोमती आरती व भाजपा जिला कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। इसी क्रम में 20 मई से 22 मई के बीच महिला सशक्तिकरण दौड़ व 25-26 मई के बीच विधानसभा सम्मेलन होंगे। 29-30 मई को नगर पालिका/नगर पंचायत सम्मेलन एवं सभी 14 ब्लॉक मुख्यालय पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित होगा। 31 मई को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होगा। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि 19 मई को जिले के 54 विद्यालयों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी पर रंगोली, भाषण प्रतियोगिता और महिला सशक्तिकरण दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। बैठक में अभियान के जिला संयोजक घनश्याम चौहान,विजय त्रिपाठी, विजय रघुवंशी, संदीप सिंह, रेखा निषाद, आशीष सिंह रानू आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससी परीक्षा में सफलता पाने वाली छात्रा का स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों, सदस्यों और वीर नारियों ने मिलकर यूपीएससी में सफलता पाने वाली छात्रा का उसके घर पर जाकर स्वागत किया। सैनिक समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने छात्रा सुमिती यादव पुत्री प्रहलाद सिंह यादव निवासी करनपुर नसीरपुर सोमवार को फूल माला पहना कर और संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सुमिती ने यूपीएससी परीक्षा में 682 वां रैंक प्राप्त कर अपना और परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता से उसके परिवार में बहुत ही खुशी है। क्षेत्र ब ग्रामवासियों की नई पीढ़ियों को इसकी प्रेरणा मिलती हैं। इस दौरान संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव ने आईएएस अधिकारी सुमिती यादव से कहा कि वे अपने कार्य क्षेत्र में हमेशा ईमानदारी और वफादारी से कार्य करें और निर्णय किसी दबाव में बिल्कुल ना लें। नई युवा पीढ़ियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सम्मान समारोह में शामिल हुए वीर नारी कल्पना यादव, आगरा मण्डल संरक्षक दिनेश कुमार यादव, फिरोजाबाद जिला संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, आगरा मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष विशेष कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दलबीर सिंह, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र, कोषाध्यक्ष ध्रुव जीत सिंह, शिकोहाबाद तहसील अध्यक्ष केके शर्मा, शिकोहाबाद तहसील उपाध्यक्ष एस आई विरेंद्र सिंह, पवन किशोर, विरेंद्र सिंह, श्याम बिहारी, ज्ञानी राम, जय कुमार, जितेन्द्र कुमार, समर सिंह, संजीव कुमार, शिकोहाबाद ब्लाक प्रमुख प्रिया यादव के पिता प्रधान विजय यादव नसीरपुर, पूर्व प्रधान राजेश कुमार यादव करनपुर, प्रधान कर्मवीर सिंह यादव रपड़ी और श्यामसखा होटल वाले श्यामवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा विषय पर हुई गोष्ठी

○ शिक्षार्थी, शिक्षक व शिक्षाविद हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान (सम्बद्ध संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश) के तत्वावधान में आज बाल शिक्षा निकेतन कॉलेज सभागार में ''भगवान बुद्ध जीवन दर्शन'' से सम्बंधित कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व प्राचार्यो का सम्मान समारोह तथा नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व शिक्षाविदों को संस्कृति विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रतिनिधि चेयरमैन नगर पालिका परिषद बहराइच श्याम करन टेकड़ीवाल ने कहा कि शांति, सौहार्द, करुणा को आत्मसात कर ही हम सम्पूर्ण विश्व मे शांति व स्थायित्व ला सकते हैं बिना शांति एवं स्थायित्व के हम सभ्य एवं विकसित नही हो सकते हैं। उन्होंने आवाहन किया कि विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी समाज एवं देश को मजबूत, स्थाई एवं विकसित बना सकें। आयोजक प्रबंधक महासभा जिला अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से जनपद के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में बौद्ध धर्म से सम्बंधित विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमे महात्मा बुद्ध के बताए गए पंचशील सिद्धांतों को आत्मसात कर नशामुक्त सभ्य समाज बनाए जाने हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने के लिए शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षाविदों ने सामूहिक संकल्प लिया है। मुख्य वक्ता जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यशाला आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया तथा जनपद के समस्त विद्यालयों में कार्यशाला आयोजन हेतु सुझाव भी दिया। कार्यक्रम का संचालन वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र तिवारी तथा संगठन प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला आयोजन में विशेष सहभाग के लिए गायत्री इंटर कॉलेज रिसिया प्राचार्या रीति निगम, बाल शिक्षा निकेतन प्राचार्या अर्चना मराठे, मोंटेसरी कॉलेज प्राचार्या दिलशाद बानो, बाबा आर बी सिंह इंटर कॉलेज प्राचार्य अजय सिंह, सविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी मानस इंटर कॉलेज प्राचार्य को महात्मा बुद्ध की मूर्ति देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य श्रीनाथ शुक्ल ने किया।

## राजकीय पौधशालों पर उत्पादित फलदार पौधों की दरे हुई पुनरीक्षित

**बहराइच।** उद्यान विभाग के राजकीय पौधशालों पर उत्पादित फलदार पौधों की पुनरीक्षित दरों की जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि आम कलमी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 85, अमरूद (समस्त प्रजातियॉ) रू. 65, लीची गूटी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 75, ऑवला कलमी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 65, नीबू गूटी (समस्त प्रजातियॉ), नीबू लेमन (कटिंग/गूटी द्वारा), मुसमी व किन्नो रू. 40-40, कटहल कलमी रू. 60, बेर कलमी रू 46, बेल कलमी रू. 62, चीकू रू. 30, नाशपाती (कटिंग द्वारा) रू. 35, लोकाट व आडू रू. 30-30, अनार (कटिंग द्वारा) व अंगूर रू. 35-35, केला टिश्यू कल्चर रू. 18, पपीता (गायनोडायोसियस) रू.28, पपीता (अन्य प्रजातियॉ) रू. 15, आम बीजू, अमरूद बीजू, कटहल बीजू, ऑवला बीजू, कागजी नीबू बीजू व करौंदा रू. 15-15 पौधशाला पर विक्रय दर अनुमोदित की गई है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित 01 अप्रैल से प्रभावी हैं।

# अवैध असलाह सहित दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सुरजीत के कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रामनगर से ओखरा जाने वाले रास्ता से 02 अभियुक्तगण पवन पुत्र रामबाबू, एवं सुरजीत कुमार पुत्र शशिपाल निवासीगण ओखरा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद गेहू के बोरे (थाना नारखी के मु.अ.सं. 137/2025 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित) तथा अभियुक्त सुरजीत की जामा तलाशी से एक अदद तमन्चा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं एक मोटर साइकिल सुपर स्पलेण्डर ग्रे कलर बिना कागजात बरामद किए गये हैं। बरामदगी के आधार पर थाना रजावली पर मु.अ.सं. 63/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सुरजीत कुमार व धारा 317(2) बीएनएस बनाम पवन पंजीकृत किया गया है। तथा मोटर साइकिल उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवीही की जा रही है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यकक्ष बृजकिशोर सिंह, उ.नि. धारा सिंह रजावली, है.का. 782 लखन सिंह, का. 1402 मुकेश कुमार थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## राधाबल्लभ पब्लिक स्कूल के टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित

**टूंडला।** राधाबल्लभ पब्लिक स्कूल टूंडला में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा टॉपर्स को छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा टॉपर्स को पुरस्कार, माला एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि मिश्रा ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सार्थक मिश्रा ने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनके भबिष्य को भी देखना पड़ता है। और स्कूली बच्चों को शिक्षित करना ही हमारा उद्देश्य है। समय समय पर बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराते है जिससे उनका मनोबल बढ़ सके। कार्यक्रम समन्वयक रोहित शर्मा (गोनी), विजयता सिंह एवं विद्यालय के निदेशक सार्थक मिश्रा एवं समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# शार्क दा वाटर वर्ल्ड बना न्यू लुक के साथ सबसे बड़ा मनोरंजन स्थल





■ ....आस पास के जिलों से आते हे लोग वाटर पार्क का आनंद लेने हमेशा लगी रहती हे भीड़ ....सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र वेव पॉइंट

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** शार्क दा वाटर वर्ल्ड आगरा मंडल का एक मनोरंजन का ऐसा स्थान बन चुका है जहां कई जिलों के लोग वाटर पार्क का आनंद लेने पहुंचते हे आगरा ग्वालियर रोड स्थित शार्क दा वाटर वर्ल्ड के ऑनर मनमोहन सिंह व जितेंद्र प्रधान ने बताया कि हमारे 24 के लगभग राइट्स एडल्ट के लिए ओर 14 राइट्स बच्चो के लिए है हमारे वाटर पार्क में वे पॉल, रैन डांस की अच्छी सुविधा हे इसमें 100 के वी की मोटर लगी है हमारा सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र वेव पॉइंट है उन्होंने बताया कि लोगो की सिक्योरिटी का हमने बहुत ख्याल रखा है हमारे यहां 25 सिक्योरिटी गार्ड ,12 बाउंसर, 20 लाइफ गार्ड तथा 64 कैमरे लगे हे उन्होंने बताया कि हम कैमरे के द्वारा वाटर पार्क के कोने कोने पर नजर रखते है तथा 24 के लगभग सेल्फी पॉइंट है सेल्फी पॉइंट पर हमेशा काफी भीड़ रहती हे लोगो को अपना नंबर आने का इंतज़ार करना पड़ता हे ज्यादातर गर्ल्स की बहुत भीड़ रहती है शार्क दा वाटर वर्ल्ड के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि आने बाले टाइम मे हम शार्क वाटर वर्ल्ड मे कुछ नया करने बाले है जो आगरा जिले के आस पास के लोगो के मनोरंजन के लिए एक मिसाल होंगी उन्होंने बताया कि हमारे यहां पार्किंग की बहुत अच्छी सुविधा हे बन टाइम एक साथ लगभग 800 गाडियां आ जाती है हमारे वाटर पार्क के अंदर केंटीन भी है जिसमे सभी खाने पीने का सामान मार्केट रेट पर मिलता है कोई भी एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाता है।

## बिजली न मिलने से किसान नहीं कर पा रहे सिंचाई

**टूंडला।** पचोखरा बिजली फीडर से मानक अनुसार पर्याप्त बिजली न मिल पाने से क्षेत्रीय किसान अपनी फसलों की सिंचाई नही कर पा रहे हैं। किसानों को न्यूनतम मानक अनुसार 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है, जिससे क्षेत्रीय किसान अपनी कड़ी मेहनत से तैयार की हरी सब्जियों तिलहन दलहन आदि खरीफकी फसलों की सिंचाई न हो पाने से चिंतित हैं। क्षेत्रीय किसानों ने बताया है कि उन्होंने दिन रात कड़ी मेहनत कर खरीफ की फसल तैयार की है,जो पर्याप्त बिजली न मिल पाने के कारण सिंचाई के अभाव में सूख रही है, पचोखरा फीडर पर कर्मचारी फोन भी नहीं उठाते वह दिन भर और रात भर बिजली की आस में खेत पर ही गुजार रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण उनकी फसले सूख रहीं हैं, हम किसान किसी भी तरह रात रात भर जागकर थोड़ी बहुत बिजली मिल रही है, उसे जाया नहीं कर रहे मगर रात रात भर और दिनभर में यहां सिर्फ 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। अगर ऐसे बिजली चली तो हम किसान बर्बाद हो जायेंगे,गांव कोटकी भूत नगरिया सुजातनगर नगला कलुआ धर्मपुर जारखी सिकरारी आदि गांव के क्षेत्रीय किसानों ने शासन से मानक अनुसार निर्बाध बिजली किसानों को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# सौतेला भाई पुस्तैनी जमीन व मकान हथियाने के लिए बनाई नई रणनीति

■ पिता को हमवार कर सौतेला बेटा बना जान का दुश्मन, मामला न्यायालय में दायर

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मकान व जमीन के हक व अधिकार से वंचित करने के लिए सौतेला भाई बना जान का दुश्मन। सदर तहसील क्षेत्र के सैफुल्ला गंज निवासी राजीव कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक समेत जिले के आला अधिकारियों से लिखित शिकायत देकर पिता व सगे भाई द्वारा कूटरचित तरीके से जमीन हथियाने व जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार सदर तहसील क्षेत्र के सैफुल्लागंज गांव निवासी राजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि मां की मृत्यु हो जाने पर 14 वर्ष की उम्र में ही बाबा बैजनाथ जो अपने भाइयों में दूसरे नम्बर पर व नवल्द थे, ऐसे स्थिति में अपने हिस्से की चल-अचल सम्पत्ति जरिए वसीयत के आधार पर दे दिया था। जिस पर अभी तक वह काबिज होता चला आ रहा है। उन्होंने कहा है कि मां की मृत्यु हो जाने पर पिता रामचंद्र ने दो बच्चे संतोष व मंतोष सहित दूसरी पत्नी घर लाये। पीड़ित राजीव कुमार गुप्ता ने यह भी कहा है कि प्रेमचंद (चाचा) ने भी अपनी संपत्ति का पूरा हिस्सा बाबा बैजनाथ को वसीयत कर दिया है। जिस पर मेरा पूरा हक व अधिकार बना हुआ है। संतोष कुमार व मंतोष कुमार दूसरे पिता की संतान है जो मेरे पिता की समस्त संपत्तियों में हिस्सा लेने के लिए आये दिन दवंगई कर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। उक्त जमीन को लेकर न्यायालय में बाद भी विचाराधीन है। फिर भी पिता रामचंद्र अपने सौतेले बेटे सन्तोष कुमार पत्नी राज रानी उर्फ जुगुनतारा को आगे कर चाचा प्रेमचंद की संपत्ति को हथियाने व जान से मारने की धमकी देते हैं, उक्त आवादी की जमीन को बाबा बैजनाथ पहले ही इकरार नामा के आधार पर खरीद लिए है।

# दो चोर पुलिस की गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल, एक मोटरसाइकिल व एक तंमचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए गए अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षम में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 18-05-2025 को थाना दक्षिण पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तगण सनी पुत्र बबलू निवासी गली नं. 2, शिवम शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासीगण 8/9 सन्तोष नगर थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को बडी बाउन्ड्री बिहारीपुर को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शिवम के कब्जे से एक एन्ड्राइड मोबाइल फोन रीयल मी कम्पनी व चोरी की एक मोटरसाईकिल स्पलेण्डर सम्बन्धित मु.अ.स. 489/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व अभियुक्त सनी उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तंमचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए है। अभियुक्त सनी उपरोक्त से अवैध तंमचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना दक्षिण पर मु.अ.स.-490/2025 धारा 3/25 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगणों को न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ.नि. सिंहराज सिह, उ.नि. कपिल कुमार, उ.नि. योगेश गौतम, है.का. 1055 अशोक कुमार, का. 415 सुजान सिह थाना दक्षिण पुलिस सम्मिलित रहे।

# चिकित्सक और दवा व्यवसायी की मिलीभगत से जिला चिकित्सालय मे माहौल गरम

■ जिला चिकित्सालय बाँदा में डॉक्टर और दवा व्यवसायी की मिलीभगत पर मचा हड़कंप, डीएम के निर्देश पर होगी कड़ी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जिला चिकित्सालय बाँदा में डॉक्टर ह्रदेश पटेल और दवा व्यवसायी (मेडिकल प्रतिनिधी) वसीम के बीच संदिग्ध गठजोड़ के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी बाँदा जे. रीभा ने फोन पर ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) बाँदा को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

पूरा मामला, पीडित पत्रकार रामकिशोर अस्वस्थ होने पर जिला चिकित्सालय दिखाने गये वही डा. ह्रदेश पटेल के चैम्बर मे वसीम नामक युवक बैठकर दवायें लिख रहा था जो उसके मेडिकल स्टोर मे ही उपलब्ध होती है, जिस पर राम किशोर ने आपत्ति जतायी और घटना का वीडियो बना लिया। कुल मिलाकर डाक्टर और मेडिकल प्रतिनिधियों के बीच चल रहे गठबंधन मे पिसते मरीज की कहानी है यह घटनाक्रम। वहीं, ताजा घटनाक्रम में पीड़ित पत्रकार राम किशोर ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है। पत्रकार की शिकायत के बाद जिले के विभिन्न समाजसेवियों ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाँदा ने बताया कि जिलाधिकारी महोदया ने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया है और इसकी जांच कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और संबंधित डॉक्टर से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर उठे इस सवाल ने आम जनता को चिंतित कर दिया है। अब सभी की नजरें प्रशासनिक कार्यवाही और जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। अधिक जानकारी और कार्यवाही की प्रतीक्षा है।

# तालाब पर रात दिन हो रहा अवैध कब्जा पट्टा धारक परेशान

■ तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

■ मछली पालन के लिए हुआ था तालाब का पट्टा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव मनरेगा के तहत तालाब खुदवा कर मानसरोवर बनवाने का काम कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ दबंग तालाबों पर अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं , पूरा मामला तहसील सदर क्षेत्र के गोपालपुर नगरिया का है जहां गाटा संख्या 581 पर गांव के ही दबंग किस्म के लोग सांठ-गांठ गांठ करके रात दिन अवैध मिट्टी खनन कर तालाब पाटने में जुटे हुए हैं गोपालपुर निवासी जामवंत ,रनवीर ,मोरपाल पुत्र गण उमराय ट्राली से लगातार मिट्टी डालकर तालाब काट रहे हैं और मोरपाल ने तो तालाब पाट कर मकान तक बना लिया है लेकिन तहसील प्रशासन शिकायत होने के बावजूद इस मामले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर सका है जो प्रशासन पर सवालिया निशान उठा रहा है

तहसील सदर क्षेत्र के गोपालपुर नगरिया गांव में स्थित गाटा संख्या 581 का गांव के ही विजेंद्र कुमार पुत्र भारत लाल का मछली पालन हेतु पट्टा हुआ था जिसका विधिवत उसने लगान आदि जमा कर तहसील प्रशासन से पैमाइश की कई बार गुहार लगाई लेकिन तहसील प्रशासन ने आज तक तालाब की पैमाइश नहीं की है वहीं दूसरी तरफ तहसील प्रशासन के इस रवैया को देखकर गांव के ही जामवंत रनबीर और मोरपाल ने तालाब पाटना शुरू कर दिया है जिनकी रात दिन मिट्टी की ट्राली चल रही है जिनसे तालाब पाटा जा रहा है जिसकी पट्टे धारक ने तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत भी की है लेकिन तहसील के अधिकारी और संबंधित लेखपाल कानून को आज तक तालाब की पैमाइश करने नहीं पहुंचे हैं जो तहसील प्रशासन और दबंगों के बीच सांठगांठ को दर्शाता है अगर प्रशासन का यही रवैया रहा तो तालाब पर पूरी तरह दबंग कब्जा कर लेंगे और तालाब का नामोनिशान मिट जाएगा इस संबंध में पूरी जानकारी के लिए एसडीएम सदर संजय पांडे से फोन संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका

# पुलिस ने दस लाख के मोबाइल किए बरामद

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में प्रभारी सर्विलांस सेल टीम को बडी कामयाबी मिली है। सर्विलांस सेल ने लोगों के गुम हुए लगभग 51 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किए गए हैं। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल शिवम कुमार, प्रभात, सचिन यादव, मुकुल खोखर शामिल रहे।

**मोबाइल फोन गुम होने पर क्या करें-** सर्विलांस टीम के प्रभारी मनोज कुमार ने बताया, आम जन के गुम/चोरी हुए मोबाइल के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल को लॉच किया गया था,जिसके माध्यम से आवेदक CEIR पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल को ब्लॉक कर सकता है,जिसको थाना स्तर से मोबाइल को ढूंढने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। जब आवेदक को गुम/चोरी मोबाइल प्राप्त हो जाता है तो CEIR पोर्टल पर जाकर उसको अनब्लॉक करके ही मोबाइल को पुनः प्रयोग किया जाये। वहीं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे भविष्य में अधिक सतर्कता बरतें। यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत निकटतम थाने या साइबर पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर सके।

ADITYA BIRLA HINDALCO

हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पो.आ.-रेणुकूट-231217, जिला सोनभद्र (उ.प्र.)

दिनांक : 13.05.2025

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, पो0आ0-रेणुकूट, जिला-सोनभद्र (उ0प्र0) के प्लाण्ट I एवं प्लाण्ट II में कार्यरत कारखाना कल्याण अधिकारियों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | कारखाना कल्याण अधिकारी का नाम | अनुभव | ग्रेड | प्लाण्ट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री एस. के. ब्रम्हचारी | 36 | (I) | 1 |
| 2 | श्री रविकान्त शर्मा | 12 | (II) | 2 |
| 3 | श्री सन्तोष सिंह | 28 | (I) | 2 |
| 4 | श्री दीपक सिंह | 13 | (III) | 2 |

उपरोक्त समस्त कल्याण अधिकारीगण विधिक प्रावधानो के तहत योग्यता तथा कल्याण कार्य के क्षेत्र में यथोचित अनुभव रखते है एवं उ0प्र0 कारखाना कल्याण अधिकारी नियमावली, 1955 के प्रावधानो के तहत हमारे संस्थान में कार्यरत है।

(कारखाना प्रबन्धक) प्लाण्ट-1

(कारखाना प्रबन्धक) प्लाण्ट-2

# हमीरपुर में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर कड़ा प्रहार

**32 वाहनों पर 16.61 लाख का चालान**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी हमीरपुर के निर्देश पर खनिज विभाग और भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की संयुक्त टीम ने 19 मई 2025 को जनपद में अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 32 वाहनों पर ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की गई, जिससे कुल 16.61 लाख रुपये का राजस्व जमा कराया जाएगा।जांच के दौरान जनपद में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्रों और अन्य जिलों के सीमावर्ती खनन क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी गई। अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तहसील स्तर पर राजस्व लेखपालों की 24 घंटे ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी स्थिति में खनन स्थल से उपखनिज के वाहन अवैध रूप से या ओवरलोडिंग के साथ न गुजरें। यदि ऐसा कोई वाहन पकड़ा जाता है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जांच के दौरान लिए गए फोटोग्राफ्स को साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया है। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा है, और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेनुसागर।** हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में हेड एच आर शैलेश विक्रम सिंह के दिशा निर्देशन में शनिवार को हिंडालको रेनुसागर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जूनियर हाई स्कूल पडरवा के परिसर में फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को रोकने और लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था। इस अवसर पर हिंडालको सुरक्षा विभाग के राकेश बैसवार एवं राम सुभग द्वारा ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा के बुनियादी नियमों, आग लगने पर की जाने वाली त्वरित कार्रवाई और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर, बिजली उपकरणों और रसोई घर में सुरक्षा के उपायों को विस्तार पूर्वक समझाया। इस अवसर पर आपरेशन विभाग के अधिकारी अनुराग शर्मा एवं सत्यम त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे उन्होंने ग्रामीणो का आभार प्रगट करते हुए उनके सुरक्षा से सम्बधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किये। हिंडालको रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा, हमारा प्रयास है कि सुरक्षा केवल परियोजना परिसर तक सीमित न रहे, बल्कि आस-पास के गाँवों में भी सुरक्षा संस्कृति विकसित हो।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने किया जिला अधिकारी का सम्मान

**इटावा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की इटावा इकाई द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय जाकर उनका शाल उड़ाकर पुष्प माला पहनकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत समारोह में जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव राकेश सिंह राठौड़ वरिष्ठ महामंत्री रिंकू तिवारी महामंत्री तरुण तिवारी महामंत्री देशराज सिंह यादव महामंत्री मुकेश कुमार जैन जिला कोषाध्यक्ष अनामी शरण त्रिपाठी रामकेश यादव मुकेश यादव चकरनगर अनुराग गुप्ता तुलसीदास शुक्ला अवधेश श्रीवास्तव जसवंत नगर रजत जैन अर्पित तिवारी पं प्रवेश शर्मा गौरव पांडे अभिनव चौधरी अनुराग राजपूत के साथ दो दर्जन से अधिक पत्रकार शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पत्रकारों से कहा की आवश्यकता पड़ने पर वह पत्रकारों की समस्या का विशेष ध्यान रखेंगे। पत्रकारों ने विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में पत्रकार पूरी तरह निष्पक्ष होकर अपने दायित्व का निर्माण करेंगे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में इस समय स्थाई समिति नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## वृद्धाश्रम में निरीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा वृद्धाश्रम में निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के चीफ आनन्द कुमार सक्सेना, डिप्टी हरीनाम सिंह, असिस्टेंट फिरोज आलम, वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह व नन्दलाल उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में संवासियों के बिस्तर व शौचालयों की साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर सचिव पाण्डेय ने आपत्ति जताई और व्यवस्थापकों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, संवासियों को भी साफ-सफाई का महत्व समझाया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में वरिष्ठ नागरिक कानून 2007 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

## डॉ.हरिशंकर पटेल को मिला सम्मान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी डॉ हरिशंकर पटेल को परिवहन विशेष द्वितीय वार्षिक सम्मान समारोह दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शंभू सिंह आईएएस द्वारा सामाजिक सेवा कार्यों को लेकर इटावा के डॉक्टर हरिशंकर पटेल को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान नगर अध्यक्ष सुदर्शन जैन नगर महामंत्री उपदेश मिश्रा जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा रणवीर सिंह चौहान विमलेश जैन प्रवीण द्विवेदी युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा लाइनपार प्रभारी आलोक गुप्ता कल्लू जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी सतीक मंसूरी मोहम्मद उवैस यामीन चौधरी आकाश वर्मा विकास शाक्य सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने बधाई दी।

## गृहणियों को प्राथमिक उपचार में पारंगत कर रही एनसीएल



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अभी तक 86 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 2773 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि, एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।

## एनसीएल की अमलोरी परियोजना में सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का हुआ आयोजन



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अमलोरी परियोजना में गत शनिवार को सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अमलोरी), आलोक कुमार, क्षेत्रीय आयुक्त, सीएमपीएफ, विनोद कुमार सिंह, सहायक आयुक्त, सीएमपीएफ, नवीन निश्चल, परियोजना स्तरीय जेसीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन एनसीएल के पूर्व एवं वर्तमान कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी शिकायतकर्ताओं ने सीएमपीएफ एवं पेंशन भुगतान संबंधी समस्याएँ सामने रखीं तथा परियोजना से सीएमपीएफ टीम द्वारा कई समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय-समय पर पेंशनभोगियों की शिकायतों के त्वरित निपटान एवं कर्मी कल्याण हेतु ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

## भीषण गर्मी के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल बंद

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलेभर में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार चल रही हीटवेव को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) आलोक सिंह ने इस संबंध में एक पत्र जारी कर सूचना दी है। पत्र के अनुसार, 20 मई से 15 जून तक सभी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।बीएसए ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। भीषण गर्मी के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए उचित कदम उठाएं और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रेरित करें।यह निर्णय सभी सरकारी, अशासकीय और निजी स्कूलों पर लागू होगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल 16 जून से पुनः खुलेंगे।

## न्यायिक अपर जिलाधिकारी का अयोध्या स्थानांतरण

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** न्यायिक अपर जिलाधिकारी डॉ. नागेंद्र नाथ यादव का स्थानांतरण अयोध्या के लिए हो गया है। तीन वर्षों तक जनपद में अपनी सेवाएं देने वाले डॉ. यादव को प्रशासन और समाज ने उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए याद किया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विदाई समारोह में जिलाधिकारी घनश्याम मीना सहित जनपद और क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी व समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने अश्रुपूरित नम आंखों के साथ डॉ. यादव को विदाई दी, जो उनकी सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा। डॉ. यादव ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे जनपद हमेशा याद रखेगा।

# शहर में कैम्प लगाकर बनाये जाए पात्र गरीबों के राशन कार्ड: राशिद



**कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी को दिया ज्ञापन**

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले गरीब पात्रों के राशन कार्ड बनाये जाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दिया। कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान ने ज्ञापन में कहा है कि जिला पूर्ति विभाग कार्यालय इटावा में इस समय राशन कार्ड बनवाने के लिए गरीब जनता को भटकना पड़ रहा है, जिससे शहर की गरीब जनता बहुत परेशान हो रही है। राशन कार्ड बनवाने के लिए गरीबों को महीनों जिला पूर्ति विभाग कार्यालय के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि कार्यालय में जो कर्मचारी बैठते हैं वह गरीब जनता को कोई सन्तुष्ट जवाब न देकर समय दे देते हैं। आखिर गरीब जनता का कब तक उत्पीड़न होता रहेगा। जिला पूर्ति विभाग गरीब जनता के राशन कार्ड बनवाने के लिए शहर में दो स्थानों पर कैम्प लगाकर पात्र गरीबों के राशन कार्ड जारी करे जिससे गरीब जनता को राशन कार्ड के लिए विभाग के चक्कर न काटने पड़ें। वहीं जो लोग भीषण गर्मी में जिला पूर्ति कार्यालय जाते हैं उनके लिए बैठने और ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए तथा पात्र गरीब जनता के राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाये जाएं। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेताओं में शहर अध्यक्ष मो.राशिद खान, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कोमल सिंह कुशवाहा, आसिफ ज़ादरान, अंशुल यादव, सचिन शशंखवार, हरेंद्र दिवाकर, शिवा ठाकुर, मु.अल्ताफ आदि प्रमुख रहे।

## सुमेरपुर में रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वाली युवती को पुलिस ने दी चेतावनी

**हमीरपुर।** जनपद के सुमेरपुर कस्बे में सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाहत में एक युवती ने रेलवे ट्रैक पर रील बनाकर अपनी जान जोखिम में डाल दी। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने रेलवे विभाग की सुरक्षा गाइडलाइंस की अनदेखी को उजागर किया।हमीरपुर में युवाओं के बीच रील बनाने का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। सुमेरपुर के रेलवे ट्रैक पर बनी यह रील न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा जोखिम को भी दर्शाती है। रेलवे विभाग ने ट्रैक पर इस तरह की गतिविधियों को सख्त मना किया है, लेकिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता के चक्कर में युवा लगातार ऐसी हरकतें कर रहे हैं।वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सुमेरपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने युवती से संपर्क कर उसे परिजनों के साथ थाने बुलाया, जहां उसे समझाइश दी गई और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की सख्त हिदायत दी गई।वायरल वीडियो के बारे में बताया जा रहा है कि यह सुमेरपुर कस्बे के रेलवे ट्रैक का है।

# श्री श्री गौर निताई परिवार ने नौका विहार निकुंज की लीला महा महोत्सव का किया भव्य आयोजन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में नौका विहार महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को नौका विहार कराया गया। महामंत्र हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन व भजनो पर श्रद्धालु झूमते रहे और भगवान का जयघोष करते रहे। भक्तों के बीच नौका विहार महा महोत्सव रहा आकर्षण का केंद्र रहा सभी ने नौका विहार कर रहे भगवान को अपलक निहारा। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में तृतीय नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन आलमपुरहौज स्थित नारायण कॉलेज में किया गया। कॉलेज परिसर में बने स्विमिंग पूल में भक्तों के द्वारा एक कुंटल से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई थी। यहां पर नौका विहार महामहोत्सव से पूर्व भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को फूलों व रंग विरंगी लाइटो से सजी-धजी नौका में विराजमान किया गया। इसके बाद पंडित मनुपुत्र दास ने भगवान की महाआरती उतारी और विभिन्न प्रकार के जूस, रस, फल, मिल्क बादाम, मिल्क शेक, लस्सी व मिठाई का भोग अर्पित किया। इसके बाद भगवान का नौका विहार शुरू हुआ। लगभग 4 घंटे तक हरिनाम संकीर्तन के बीच भगवान ने नौका विहार का आनन्द उठाया। भगवान के नौका विहार दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों के द्वारा भगवान के ऊपर जमकर पुष्प वर्षा भी की गई। वृज मंडल की तरह तृतीय बार नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन इष्टिकापुरी की धरती पर हुआ था। महामहोत्सव में मौजूद हर भक्त भगवान की नौका को स्पर्श करने लिए आतुर दिखाई दिया। भक्तों के द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के बीच हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य भी किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। नौका बिहार निकुंज की लीला महामहोत्सव के संबंध में पंडित मनुपुत्र दास ने बताया कि गुरु परंपरा के द्वारा परम भगवान की सेवा के क्रम में भगवान को आनंद देने के लिए नौका विहार महा महोत्सव आयोजित किया जाता है। अक्षय तृतीया से बसंत रितु समाप्त होती है और ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ होती है भगवान को गर्मी के दिनों में गर्भ ग्रह से बाहर निकाल कर आनंद प्राप्त कराने के लिए यह महोत्सव आयोजित किया जाता है। इससे भक्तों को भी परम आनंद की प्राप्ति होती है और भगवान की कृपा बनी रहती है। श्री श्री गौर निताई परिवार के भक्तों ने भगवान के लिए चार दिनों में विशेष नौका तैयार की थी और पानी में गुलाब जल व विभिन्न प्रकार इत्र व चंदन डालकर भगवान को श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से नौका विहार कराया।

## 11 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** राठ के सत्कार वाटिका पैलेस में रविवार को लोक भारतीय मानव सेवा संस्थान के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में 11 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की। विवाह संपन्न होने वाले जोड़ों में कीर्ति देवी-पुष्पेंद्र, बरखा-विपिन, काजल-सत्येंद्र, रानी-विमलेश, आरती-हरगोविंद, खुशबू-रानू, शिवानी-विकास, संतोषी-पुष्पेंद्र प्रजापति, पुष्पा देवी-भक्ति किशन, मेघा-लोकेंद्र शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह राजपूत (ग्राम कैथी, पुरैनी) और जिला पंचायत सदस्य रामसजीवन यादव, मोहित यादव (छोटू भैया), व्यवस्थापक हरि पांचाल, सांसद प्रतिनिधि के.के. राजपूत (कंधोली) ने नवदंपतियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि जिन कन्याओं के माता-पिता नहीं हैं, उनकी शादी संस्था द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी।

# गंगा समग्र कानपुर प्रांत की बैठक में नदियों के संरक्षण पर हुई चर्चा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नदियों के संरक्षण के लिए संकल्पित गंगा समग्र यमुना भाग कानपुर प्रान्त की बैठक रविवार को नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में इटावा, औरैया, जालौन और कानपुर देहात के जिला संयोजक, सह संयोजक, आयाम प्रमुख और कार्यकर्ताओं नें प्रतिभाग किया। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रान्त के सह प्रान्त कार्यवाह प्रदीप भदौरिया ने मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप भदौरिया नें कार्यकर्ताओं से कहाँ कि माँ गंगा और उनकी सहायक नदियों का संरक्षण भारत की संस्कृति का हिस्सा है हम उन्हें माँ मानते हैं उनके संरक्षण के लिए हम केवल सरकारी सिस्टम से उम्मीद नहीं रख सकते हैं ये कार्य तब तक नहीं होगा जब तक कि जनजागरण कर सभी लोग मन से इन्हें साफ रखने का संकल्प नहीं ले लेते। जनजागरण में गंगा समग्र की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। जब तक ये नदियाँ है तब तक हम सब हैं जिस दिन नदियाँ सूख जाएगी उसी दिन सभी प्राणियों का अस्तित्व भी समाप्त हो जायेगा। कानपुर प्रान्त के संयोजक राजेश कुमार नें नदियों के वैदिक महत्व, उनसे जुड़ी पौराणिक जानकारी के बारे में बताते हुए वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं में नदियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया साथ ही गंगा समग्र के सभी आयामों के कार्यों की जानकारी ली और आगामी आने बाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

# शराब के पैसे न देने पर दबंगों ने दलित युवक के काटे दोनों कान

**जातिसूचक गालियों के साथ मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में दबंगों की क्रूरता का शिकार हुए एक दलित युवक के दोनों कान काटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने न केवल युवक की पिटाई की, बल्कि जातिसूचक गालियां देकर धारदार हथियार से उसके दोनों कान काट दिए।

पीड़ित को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।राठ पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, आवेदक चरनदास पुत्र घासीराम, निवासी ग्राम सैदपुर, थाना राठ, जनपद हमीरपुर ने 19 मई 2025 को थाने में उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया गया कि 18 मई 2025 को दोपहर करीब 3:30 बजे वह मंदिर गया था। उसी दौरान गांव के ही पुक्कन पुत्र बद्री राजपूत और संदीप पुत्र रामपाल अहिरवार, दोनों निवासी सैदपुर, ने उसे रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। दोनों ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे। चरनदास के मना करने पर उसे पीटते हुए जबरन मोक्ष धाम की ओर ले गए और पैसे छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उसके दोनों कान काट दिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चरनदास के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 238/25, धारा 118(2), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2) (5ए) व 3(1)(द) के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित की चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और प्रकरण में विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है और वे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना क्षेत्र में दलित उत्पीड़न और दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# ग्रामीण बालिकाओं का समग्र विकास बालिका सशक्तिकरण अभियान का उदेश्य: राव

अवधनामा संवाददाता




**एनटीपीसी विंध्याचल ने अभियान के तहत 600 से अधिक बालिकाओं को किया प्रशिक्षित**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 का शुभारंभ ग्रामीण परिवेश की 5वीं पास बालिकाओं का समग्र विकास बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 का उदेश्य है। बालिकाओं कोप हर विधा मे पारंगत कर उन्हें उनके सपनों की उड़ान प्रदान करने के लिए एनटीपीसी ने इस अभियान का शुभारंभ वर्ष 2018 मे विंध्याचल परियोजना से किया था और यह प्रोग्राम एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं मे किया जा रहा है। यह बातें उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एन एस राव ने कहीं। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक आज एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के मैत्री सभागार मे बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे। राव ने कहा कि विन्ध्याचल परियोजना के इस बालिका सशक्तिकरण अभियान मे परियोजना के आस-पास की 5वीं पास ग्रामीण बालिकाओं को विभिन्न विधाओं मे पारंगत किया जाएगा। श्री राव ने कहा कि ग्रामीण बालिकाओं में प्रतुभा की कमी नहीं है जरूरत है इनकी प्रतिभा को निखारने की। श्री राव ने इस अभियान मे बालिकाओं को शामिल करने के लिए उनके अभिवावकों को भी आभार ज्ञपित किया कि उन्होनें एनटीपीसी पर विश्वास करते हुये एक माह के लिए अपनी बालिकाओं को अभियान मे शामिल होने के लिए सहमति व्यक्त की। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के प्रथम बैच 2018 की छात्रा काजल विश्वकर्मा जो इस वर्ष डीपीएस स्कूल विंध्यानगर से कक्षा 12वीं की सीबीएससी कि परीक्षा 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण करने पर बधाई देते हुये बालिकाओं से रोल मॉडल के रूप मे देखने और उनके दिखाये हुये रास्ते पर चलने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एस एन राव, उत्तरा महिला मण्डल कि अध्यक्षा विजया राव, विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार , सुहासिनी संघ की अध्यक्षा सरोजा फणि कुमार, एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर, वनिता समाज की अध्यक्षा पीयूशा अकोटकर, रिहंद परियोजना के कार्यकारी निदेशक अनिल श्रीवास्तव, वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव, विंध्याचल के महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा सहित अन्य महाप्रबंधकगणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने स्वागत सम्बोधन मे विंध्याचल परियोजना के मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा ने उपस्थित अतिथियों एवं मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की रूप रेखा के बारे मे जानकारी देते हुये बताया कि यह इस अभियान की शुरुआत विंध्याचल परियोजना से ही वर्ष 2018 मे की गई थी। इस अभियान के तहत अब तक 600 से अधिक ग्रामीण बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होने बताया की अभियान की सफलता के कारण अब यह अभियान एनटीपीसी के 24 परियोजनाओं मे चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एन एस राव का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 ग्रामीण बालिकाओ के सपनों को साकार करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होनें बालिकाओं इस अभियान मे बढ़-चढ़ कर भाग लेने और अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

**मुख्यमंत्री ने जनपद मेरठ के 'इण्टीग्रेटेड डेवलपमेण्ट प्लान' की समीक्षा की**

# इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाए: योगी

- योजना के अंतर्गत कुल 93 परियोजनाएं प्रस्तावित, इनकी अनुमानित लागत लगभग 15 हजार करोड़ रु0
- मेरठ को खेल, शिक्षा, संस्कृति और व्यापार की प्रेरणादायी नगरी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए
- सिटी बस सेवा में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए : मुख्यमंत्री



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में जनपद मेरठ को स्मार्ट, स्वच्छ और सस्टेनेबल शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में 'इण्टीग्रेटेड डेवलपमेण्ट प्लान' की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस योजना के अंतर्गत कुल 93 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 15 हजार करोड़ रुपये है। इनमें से 06 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद मेरठ की ऐतिहासिक, औद्योगिक और शैक्षणिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाएं पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप क्रियान्वित की जाएं। मेरठ स्वतंत्रता संग्राम से लेकर औद्योगिक विकास तक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। खेल, उद्योग तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र होने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से निकटता के कारण यह शहर विशेष पहचान रखता है। इसके दृष्टिगत इसे खेल, शिक्षा, संस्कृति और व्यापार की प्रेरणादायी नगरी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर की भीड़-भाड़ की समस्या और यातायात कन्जेशन को दूर करने के लिए स्थानीय जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण और नगर निगम को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्मार्ट मेरठ नगर में केवल डिजिटल होर्डिंग्स लगाए जाने, पूरे नगर को सी.सी.टी.वी. कवरेज में लाने तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों के सहयोग से निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सुलभ होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और सिटी बस सेवा में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने की बात करते हुए कहा कि मेरठ को पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकरणीय शहर के रूप में ढालना है। उन्होंने स्वच्छ नगर की परिकल्पना को साकार करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को सुनिश्चित करने और नदियों के पुनर्जीवन के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीवर निस्तारण के लिए एस.टी.पी. अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन ड्रेनेज को प्राकृतिक व्यवस्था से जोड़ना अधिक प्रभावी होगा।

# बाराबंकी के युवक का लखनऊ में अपहरण

- मांगी दस लाख की फिरौती, पुलिस ने खोजा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नौकरी के लिए लखनऊ गए युवक का अपहरण कर परिजनों से दस लाख फिरौती मांगी गई। इससे हड़बड़ाए परिजनों की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने अपना जाल फैला दिया, टीम ने ऐशबाग से युवक बरामद कर लिया वहीं दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर रानीमऊ निवासी रवि कुमार रविवार को नौकरी की तलाश के लिए लखनऊ गया था। पूरा दिन बीतने के बाद रात करीब नौ बजे रवि के बड़े भाई विपिन कुमार के पास अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले युवक ने कहा कि तुम्हारा भाई हमारे कब्जे में है, उसको सही सलामत चाहते हो तो दस लाख रूपये दे दो। यह सुनते ही परिवार में हडकम्प मच गया। विपिन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही सीओ जगतराम कनौजिया पुलिस बल के साथ युवक के घर पहुंच गए। पुलिस टीम के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने आये हुए फोन नंबर के माध्यम से तलाश करना शुरू कर दिया। धीरे धीरे सुराग मिलते गए और टीम लखनऊ पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार रवि की आखिरी लोकेशन चारबाग रेलवे स्टेशन के पास मिली थी। इसके बाद पुलिस को और सुराग मिले और टीम ने सोमवार की सुबह ऐशबाग के पास रवि को सकुशल बरामद कर लिया। बताया जा रहा कि दो आरोपी पुलिस की पकड़ में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने शिष्टाचार भेंट की।

# धर्मपाल सिंह ने किया एक राष्ट्र-एक चुनाव परिचर्चा में संवाद

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आगरा के शिवाजी मंडपम में एक राष्ट्र-एक चुनाव परिचर्चा में संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश के संसाधनों और समय की बचत होगी। एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश आर्थिक मजबूती और राजनैतिक स्थिरता के साथ विकसित राष्ट्र बनेगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, सम्पन्न, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। लेकिन विकसित भारत के निर्माण में बार-बार होने वाले चुनाव सबसे बड़ी बाधा है। आजादी से लेकर अब तक देश में 400 से अधिक चुनाव हुए है। हर वर्ष देश में कहीं ना कहीं चुनाव की तैयारी होती रहती है। एक चुनाव समाप्त नही हो पाता है और दूसरा चुनाव प्रारम्भ हो जाता है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से आचार संहिता लगती है और आचार संहिता लगने से विकास के कार्य प्रभावित होते है। हर चुनाव के लिए वोटर लिस्ट बनाई जाती है। सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगती है जिससे उनके विभाग का काम पूरी तरह से ठप हो जाता है। देश का धन और मानव संसाधन राष्ट्र निर्माण में लगेगा तो देश जल्द ही विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि 1967 तक देश में लोकसभा व विधानसभा के एक साथ चुनाव होते थे। तो आज विपक्ष का एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध अतार्किक भी है और अव्यवहारिक भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहल की और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद की अध्यक्षता में कमेटी गठित की, जिसने 1 वर्ष तक देशभर में भ्रमण कर 8,000 पृष्ठों की रिपोर्ट तैयार की। इसमें सभी वर्गों के लोगों की राय को शामिल करते हुए एक देश-एक चुनाव की सिफारिश की गई।

# सऊदी सरकार ने रद्द किया कोटा

- अगले साल 2026 में करनी होगी हज यात्रा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हज-2025 के लिए रजिस्टर्ड टूर आपरेटर से अपनी बुकिंग कराने और हज यात्रा का व्यय जमा कर देने के बावजूद सऊदी अरब सरकार द्वारा टूर आपरेटर्स का कोटा घटा दिये जाने की वजह से वंचित हज यात्रियों को 2026 में प्राथमिकता के आधार पर हज के लिए भेजा जाएगा। हज एंड उमराह टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव ताहिर अली ने बताया कि सऊदी सरकार द्वारा कोटा निरस्त किये जाने से भारत सरकार को 400 से 500 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्हें 2025 में निर्धारित यात्रा व्यय पर ही 2026 में हज पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि रजिस्टर्ड टूर आपरेटर के लिए सरकार ने 52506 हज यात्रियों का कोटा निर्धारित किया था, जिसे अचानक से सऊदी सरकार ने घटाकर 10 हजार कर दिया। इससे बड़ी संख्या में लोग हज यात्रा से वंचित रह गए। ताहिर अली ने बताया कि हज यात्रा के लिए 14 फरवरी तक भुगतान किया जाना था, बाद में तारीख बढ़ाकर 7 मार्च कर दी गई। सरकार ने टूर आपरेटर्स से कहा कि वह राज्य हज समिति के जरिये पैसा जमा कराएं। सऊदी सरकार ने 12 मार्च को कोटा रद्द कर दिया। इससे बड़ी संख्या में लोग हज से महरूम रह गए। उन्होंने बताया कि हज के लिए पैसा जमा करने के बावजूद हज से वंचित रहने वालों को 2026 में इसी खर्च पर हज के लिए भेजा जाएगा। जो लोग पैसा वापस लेने चाहेंगे उन्हें हज-2025 निबट जाने के बाद पैसा लौटा दिया जाएग, लेकिन जो हज करना चाहेंगे उन्हें 2026 में प्राथमिकता के आधार पर 2026 में हज पर भेजा जाएगा। ताहिर अली ने बताया कि सऊदी सरकार ने पहले तो सभी टूर आपरेटर्स के कोटे को रद्द कर दिया था लेकिन केन्द्रीय मंत्री किरण रिजीजू और सऊदी सरकार के मंत्री तौफीक के बीच हुई बातचीत के बाद यह तय हुआ कि जो हज यात्री पैसा देकर भी नहीं जा पाए वह अगले साल के हज लिए लाइन में बने रहेंगे।

**नेशनल हाईवे पर अस्थाई मंडी का मामला**

# कमीशन के लालच में आढ़तियों ने खुद को बताया बागवान

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मलिहाबाद तहसील में लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लगने वाली बिना अनुमति के लगने अस्थाई मंडी की खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद आढ़तियों में खलबली मच गई। सोमवार को एक समिति के माध्यम से एसडीएम मलिहाबाद को ज्ञापन दिया है। मोटे कमीशन के लालच में आढ़ती बागवान बनकर बड़े पैमाने पर आम की खरीद-फरोख्त का कारोबार करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, आढ़तियों की हकीकत धरातल से कोसों दूर है। दरअसल, आम का सीजन दस्तक दे चुका है। हर साल मलिहाबाद क्षेत्र के बड़े आढ़ती बागवानों से आम की खेप कम दामों में खरीद उन्हें ऊचों दामों में कई प्रदेशों में सप्लाई करते हैं। जिनसें आढ़तियों को लाखों का मुनाफा मिलने के साथ ही एक मोटा कमीशन भी मिलता है। हालांकि, आढ़ती बिना अनुमति के नेशनल हाईवे किनारे अस्थाई मंडी लगाकर अपना कारोबार करते आए हैं। आढ़तियों के कारोबार को असर एनएचआई के निर्माण कार्य पर भी पड़ रहा है। इसके साथ ही अस्थाई मंडी के चलते कस्बे में जाम लगने का सिलासिला भी बदस्तूर जा रही है। अस्थाई मंडी से आमजनमानस हो रही समस्याओं के सदंर्भ में अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसको लेकर आढ़तियों में हलचल मच गई। सोमवार को आढ़तियों ने अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति के माध्यम से खुद को बागवान बता एसडीएम मलिहाबाद अंकित कुमार को सशर्त ज्ञापन दिया है।

समिति के अध्यक्ष डॉ. रघुवीर सिंह ने बताया कि आम के सीजन में बागवान एनएचआई किनारे बागों और अपनी निजी स्थान पर आम का संग्रह करके विभिन्न जनपदों और प्रदेशों में भेजते हैं। जिससे बागवानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त होता है। बताया कि एनएचआई निर्माण कार्य के दौरान कस्बे की सड़क चौड़ीकरण होने के बाद वहां जाम की समस्या समाप्त हो चुकी है। ऐसे में बागवान एनएचआई किनारे आम को सुरक्षित रखने के लिए अस्थाई तौर पर बांस-बल्ली और तिरपाल लगाकर उन्हें संग्रह कर रहे है, ताकि बरिश से आम सुरक्षित रहे और भीगने न पाये। वहीं समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि विश्वस्त सूत्रों से उन्हें जानकारी हुई कि एनएचआई किनारे अस्थाई मंडी लगाने वाले बागवानों के खिलाफ प्रशासन दण्डात्मक कार्यवाही करेगा। इस पर उन्हें अश्वस्त किया कि आढ़तियों को कारोबार करने दिया जाए। अस्थाई मंडी की वजह से सड़क पर किसी भी प्रकार का जाम व रास्ता अवरुद्ध नहीं किया जायेगा।

# डॉ. अब्दुलजलिल फरीदी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

- सफल चिकित्सक और प्रभावशाली राजनेता थे डॉ. फरीदी : मुस्लिम मिज़लिस



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मिज़लिस के संस्थापक एवं नेता डॉ. अब्दुलजलिल फरीदी की पुण्यतिथि पर आज मुस्लिम मिज़लिस के कार्यालय, तकीया पीर जलिल, कैसर बाग, लखनऊ में उनके लिए इसाल-ए-सवाब कुरान खानी का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके लिए दुआएं की गई। इसके बाद एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के राज्यीय अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद नदीम सिद्दीकी ने की। सेमिनार में वक्ताओं ने डॉ. फरीदी की चिकित्सा, राजनीतिक और सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डाला। बताया गया कि डॉ. फरीदी न केवल एक सफल डॉक्टर थे, बल्कि एक सक्षम और प्रखर राजनेता भी थे। उन्होंने सन 1974 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में चरण सिंह और वराज नारायण के साथ मिलकर मुस्लिम मिज़लिस, लोक दल और समाजवादी पार्टियों का एक गठबंधन बनाया था। इसका उद्देश्य मुस्लिम, दलित और पिछड़े समाज को राजनीति में भागीदारी दिलाना था, जिससे इन वर्गों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ी। वक्ताओं ने बताया कि मुस्लिम लीग ने उस चुनाव में अपने उम्मीदवार उतार कर वोटों को बांट दिया, जिससे कांग्रेस को लाभ मिला और वह सरकार बनाने में सफल रही।

# अपने जिस्म की हिफ़ाज़त करना भी दीनी फ़रीज़ा है : मुफ़्ती अबुल इरफ़ान

**अवधनामा ब्यूरो**

- सदर कैंट में निःशुल्क मेगा मेडिकल शिविर का सफ़ल आयोजन



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन, ए.एम.यू. ओल्ड ब्वायज़ एसोसिएशन (अमूबा) लखनऊ और इंडियन राहत फ़ाउन्डेशन ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क मेगा मेडिकल शिविर का आयोजन सदर कैंट में मुफ़्ती अबुल इरफ़ान मियां फ़िरंगी महली के संरक्षण एवं सैय्यद इक़बाल हाशमी अध्यक्ष ऑल इंडिया मुहम्मदी मिशन की अध्यक्षता में किया गया। आज़ाद मोहाल निकट जामा मस्जिद सदर कैन्ट में आयोजित कैंप का उद्घाटन शहर काजी मुफ्ती इरफान मियां फिरंगी महली, समाजसेवी इमरान खान, समाज सेविका शैला हक ने फीता काटकर कर किया। विशेष रूप से डॉक्टर उबैदुर रहमान, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ संजना देवी, डॉ दीपक सिंह, डॉ अमित कुमार मौर्य, डॉ विनीत मिश्रा, डॉ आशीष शर्मा, डॉ लव कुश, पवन कुमार, डॉ अनामिका भारती समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कैम्प में मुख्य रूप से मैक्स हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क इलाज सेवाएं प्रदान की गई। अमूबा की तरफ से दवाओं की फ़्री व्यवस्था की भी गयी. इस शिविर में रक्तचाप और मधुमेह की निःशुल्क जांच भी की गई, महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला डॉक्टर के साथ साथ पर्दे की उचित व्यवस्था भी की गई थी। शिविर में लगभग 520 मरीजों का इलाज किया गया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इंतज़ामिया कमेटी के अध्यक्ष इमरान खान ने सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा सफ़ल शिविर के लिए के मैक्स हॉस्पिटल के पदाधिकारियों एवं कैम्प में मौजूद डॉक्टर्स का आभार व्यक्त करते हुए उनको शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर मुफ़्ती अबुल इरफ़ान मियां फ़िरंगी महली ने कहा कि अपने जिस्म की हिफाज़त करना भी इस्लामी फ़राइज़ में से एक है। सेहत अच्छी रहेगी तो इबादत में कोई कमी नहीं रहेगी। हदीस में कहा गया है कि एक मज़बूत इंसान कमज़ोर इंसान से बेहतर है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए। सैयद इक़बाल हाशमी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ज़रूरतमंदों को उनकी ज़रूरतों के लेहाज़ से उनके इलाक़ों में पहुंचकर उनकी परेशानियों को दूर करने की कोशिश में लगा हुआ है जिसमें ख़ासतौर से मेडिकल कैंप, वज़ीफ़ा और तालीम के ताल्लुक से खुसूसी काम किया जा रहा है। इस काम में दूसरी तंजीमों का भी सहयोग मिल रहा है जिसके लिए बहुत शुक्रगुजार हैं। शहला हक़ सेक्रेटरी अमूबा लखनऊ ने कहा हमारा मक़सद सर सैय्यद के पैग़ाम को आम करना है जिससे आने वाली पीढ़ी तालीम की एहमियत को समझे और तवज्जो दे। बच्चों के साथ उनके वालदेन को भी बच्चों की तालीम और तरबियत पर ख़ास ध्यान देना चाहिए। इंसान की एहमियत तभी है जब तालीम याफ़्ता होगा तभी वह अपनी इज़्ज़त और एहमियत समझेगा और दूसरों को भी समझा सकेगा । उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन बिना किसी भेदभाव के समाज के कमज़ोर वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है, जिसमें महिलाओं को विशेष रूप से रोज़गार और शिक्षा प्रदान की जाती है और उनको आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है ताकि महिलाएं स्वयं समाज की तरक्की में विशेष योगदान दे सकें विशेषकर अपने घरों के साथ-साथ अपने बच्चों की शिक्षा और विकास में। आने वाली पीढ़ियां हमारे देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।

# योगी सरकार का संकल्प, 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनेगा यूपी

- हर स्तर पर ठोस प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि बचपन को मजबूरी नहीं, अवसर मिल सके



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने बाल श्रम के विरुद्ध निर्णायक अभियान शुरु कर 2027 तक राज्य को बाल श्रम से पूरी तरह मुक्त करने का संकल्प लिया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह लक्ष्य तय करते हुए सरकार ने बहुआयामी योजनाओं को जमीन पर उतार दिया है। जागरूकता से लेकर शिक्षा और पुनर्वास तक, हर स्तर पर ठोस प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि बचपन को मजबूरी नहीं, अवसर मिल सके। बयान के मुताबिक, राज्य सरकार ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के माध्यम से विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि बच्चों का स्थान केवल स्कूल में है, श्रम में नहीं। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से समन्वय बनाकर जागरुकता अभियान को धार दी जाएगी। राज्य सरकार के प्रयासों से 2017-18 से 2024-25 तक 12,426 बाल श्रमिकों का शैक्षिक पुनर्वास कराया गया है, ताकि ये बच्चे फिर से विद्यालय में जाकर एक नई शुरुआत कर सकें। यही नहीं, इन बच्चों के परिवारों को भी सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा।

ऐसे 1,089 परिवारों को आर्थिक पुनर्वास के जरिए सहायता दी गई है, ताकि वे मजबूरीवश अपने बच्चों से काम न करवाएं। सरकार द्वारा संचालित 'बाल श्रमिक विद्या योजना' के अंतर्गत 2,000 कामकाजी बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया गया है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उनके पढ़ाई के रास्ते में कोई बाधा न आए। यह योजना न केवल शिक्षा को बढ़ावा देती है, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदलने का काम कर रही है।

श्रम कल्याण परिषद के माध्यम से संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आठ कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इनके संचालन के लिए सरकार ने 40 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराई है।

## निजीकरण जनहित में नहीं

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने नियामक आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात दाखिल किया लोकमहत्व प्रस्ताव कहा उपभोक्ता परिषद की विधिक आपत्तियों को या तो आयोग सरकार को भेजें या तो सरकार द्वारा संदर्भित प्रकरण के साथ उसे सम्मिलित करके लिया जाए निर्णय निजीकरण जनहित में नहीं। उपभोक्ता परिषद ने उठाया सवाल कहा एनर्जी टास्कफोर्स की बैठक में कंसल्टेंट सहित अनेको एक्सपर्ट उच्च अधिकारी सम्मिलित फिर भी उन्हें पता नहीं की पावर कॉरपोरेशन नहीं भेज सकता आयोग को प्रस्ताव और इस प्रकार का लिया गया निर्णय जो अपने आप में सरकार के विशेषज्ञों की सोच पर उठा रहा सवाल।उपभोक्ता परिषद ने फिर दोहराया कहा निजीकरण के मामले पर असंवैधानिक रूप से नियुक्त कंसलटेंट ग्रांट थ्रोनटन को कोई ज्ञान नहीं हाईवे का एक्सपीरियंस रखने वाला निजीकरण का तैयार कर रहा प्रस्ताव तभी बिना ज्ञान के कर दिया निर्णय पावर कॉरपोरेशन भेजेगा विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव।

# राजनाथ सिंह महाराणा प्रताप शौर्य सम्मान से सम्मानित होंगे: डॉ. अम्मार रिज़वी

**आपरेशन सिंदुर**

- माइनॉरिटीज फ़ोरम ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति के लिए भेजा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आल इंडिया माइनॉरिटीज फ़ोरम फ़ार डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उ0प्र0 डा0 अम्मार रिज़वी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजकर उनके आपरेशन सिंदुर में सफ़ल, सबल और सक्रिय नेतृत्व प्रदान करने के लिए माइनॉरिटीज फ़ोरम द्वारा उनके प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। डॉ0 रिज़वी द्वारा आहूत की गयी माइनॉरिटीज फ़ोरम की मीटिंग में डॉ0 रिज़वी ने कहा कि दिनॉक 16 मई, 2025 को दिए गए एक बयान में राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से विरोध दर्ज कराते हुए कहा था कि पाकिस्तान को मंजूर की गई वित्तीय सहायता का इस्तेमाल पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को वित्तपोषित करने के लिए करेगा। पाकिस्तान ऐसे समय में इस सहायता को पाने के योग्य नहीं था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि इस्लामाबाद निश्चित रूप से इस निधि का बड़ा हिस्सा आतंकवादी ढाँचों पर खर्च करेगा। उनकी कड़ी आपत्ति के परिणामस्वरूप IMF को पाकिस्तान को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा कि IMF द्वारा स्वीकृत ऋण का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता है। बेलआउट योजना के तहत सुधारों के लिए नए संरचनात्मक मानदंड निर्धारित करते हुए, बहुपक्षीय एजेंसी ने चेतावनी दी कि राजनीतिक या सामाजिक तनावों का तेज होना नीति और सुधार कार्यान्वयन को भी प्रभावित कर सकता है, जो संभवतः पाकिस्तान में आंतरिक संघर्षों का संदर्भ था। यह हमारे देश की स्पष्ट रणनीतिक जीत है। आपने विश्व समुदाय के सामने भारत की चिंता को बहुत प्रभावी ढंग से रखा था। यह एक बड़ी सफलता है और आप इसके पूरे श्रेय के हकदार हैं। भारत को शक्तिशाली देश बनाने तथा रक्षा क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने की दिशा में जो राजनाथ सिंह के प्रयास हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है बल्कि इन भावनाओ को शब्दो से ब्यान करना मुश्किल है। डॉ रिज़वी ने राजनाथ सिंह की रक्षा मंत्री के रूप में निर्भीकता, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के लिए महाराणा प्रताप शौर्य सम्मान से सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी माइनॉरिटीज फ़ोरम के पदाधिकारियो ने सहर्ष सहमति व्यक्त की है।